Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 84
लखनऊ, रविवार, 12 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865

पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

नट-बोल्ट तक सीमित स्वदेशीकरण का कोई अर्थ नहीं: धनखड़

दिल्ली शराब घोटाले में 2,026 करोड़ के नुकसान का दावा

राजेश कुमार। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की लीक हुई रिपोर्ट में नीति में कई 'खामियों' को चिन्हित किया गया है और सरकारी खजाने को 2,002.68 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है। यह आंकड़ा पहली बार सामने आया है कथित शराब घोटाले के प्रभाव को दिखाने के लिए। शराब घोटाले को उजागर करने वाले सरकारी ऑडिटर के दस्तावेज़ का नाम है, 'दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर प्रदर्शन ऑडिट पर सीएजी की रिपोर्ट।' रिपोर्ट को अभी तक सदन में पेश नहीं किया गया है। दिल्ली विधानसभा इतनी दूर है कि इस लीक के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोला है।

दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर निष्पादन लेखापरीक्षा पर सीएजी की लीक हुई रिपोर्ट के अनुसार, कुछ खुदरा विक्रेताओं ने नीति समाप्त होने से पहले अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए और सरकार ने उन्हें दोबारा टेंडर नहीं किया, जिसके कारण सरकार को 890 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार ने जोनल लाइसेंसधारियों को छूट दी, जिससे 941 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। खुदरा दुकानों के उद्देश्य से, दिल्ली को 32 क्षेत्रों (जिसमें 849 दुकानें हैं) में

भाजपा नेता अनुराग ठाकुर नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

विभाजित किया गया था, जिनके लाइसेंस निविदा के माध्यम से 22 संस्थाओं को दिए गए थे। जबकि पुरानी नीति के दौरान 377 खुदरा दुकानें चार सरकारी निगमों द्वारा संचालित की जाती थीं और 262 खुदरा दुकानें निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित की जाती थीं। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि कोविड-19 के कारण क्षेत्रीय लाइसेंसों को अनियमित रूप से छूट दिए जाने के कारण 144 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। इसमें यह भी खुलासा हुआ कि क्षेत्रीय लाइसेंसों से सुरक्षा जमा राशि का गलत संग्रह होने से लगभग 27 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि हुई।

लीक हुई सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाला 2,026 करोड़ रुपये का है और आम आदमी पार्टी (आप) और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्लीवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैग रिपोर्ट में नीति के बारे में 10 प्रमुख निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस नीति को विवाद के बीच आप सरकार ने रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इसमें उठाए गए सवालों का जवाब देना होगा। ठाकुर ने कहा, 'उन्हें बताना होगा कि पैसा किसने अपने पास रख लिया।' उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल इस घोटाले के सरगना हैं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दावा किया कि कैग रिपोर्ट ने जानबूझकर की गई चूक को उजागर किया है, जिससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। (शेष पृष्ठ 9)

अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रतिष्ठा-द्वादशी कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने राम मंदिर कार्यक्रम में एकता का आह्वान किया

बिस्वजीत बनर्जी/कमलेश श्रीवास्तव। अयोध्या

भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक विभाजन के खतरों के बारे में सख्त चेतावनी दी। उन्होंने भारत की आध्यात्मिक विरासत की पवित्रता को बनाए रखने के लिए एकजुटता का आग्रह करते हुए कहा, 'यदि हम जाति या अन्य विचारधाराओं से विभाजित रहेंगे, तो हमारे धार्मिक स्थलों को इसके परिणाम भुगतने होंगे और हमारी बहनों और बेटियों को कष्ट उठाना पड़ेगा।' इस ऐतिहासिक अवसर पर हजारों श्रद्धालु अयोध्या में एकत्रित हुए, जिसे तीन दिवसीय समारोह के लिए एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र में तब्दील कर दिया गया है।

'प्रतिष्ठा द्वादशी हमें एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होने का आह्वान करती है,' सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को याद करते हुए कहा, 'यदि राम हैं, तो एक राष्ट्र है; अगर राष्ट्र है तो राम हैं। उन्होंने नागरिकों से इस सिद्धांत को बनाए रखने तथा आस्था को राष्ट्रीय पहचान से जोड़ने का आग्रह किया।' वार्षिकोत्सव की शुरुआत सीएम योगी द्वारा मूर्ति का अभिषेक करने के साथ हुई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार हुआ। उन्होंने एकता और राष्ट्रीय अखंडता की नींव के रूप में सनातन मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम योगी ने भगवान राम की जन्मभूमि को पुन: प्राप्त करने के लिए 500 साल के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'रामजन्मभूमि आंदोलन हमारे पूर्वजों के अटूट संकल्प को दर्शाता है, जिनके बलिदान ने हमें इस ऐतिहासिक क्षण तक पहुंचाया है। आज अयोध्या में त्रेता युग जैसा माहौल है और आने वाले वर्षों में राम जन्मभूमि परिसर दुनिया के सबसे भव्य आध्यात्मिक केंद्रों में से एक के रूप में उभरेगा।' देश भर से आए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री की भावनाओं को दोहराया। (शेष पृष्ठ 9)

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर इमारत ढही, 23 घायल

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत गिरने के बाद जारी बचाव अभियान।

पीएनएस। लखनऊ/कन्नौज

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर एक निर्माणाधीन इमारत शनिवार दोपहर ढह गई, जिससे मलबे में करीब दो दर्जन मजदूर फंस गए। इस घटना में कम से कम 23 लोग घायल हो गये। उनमें से छह को मलबे से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) ने कहा कि उसने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया, 'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब निर्माणाधीन छत की शटरिंग गिर गई।' घटना का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अंदर फंसे लोगों की सुरक्षित निकासी और उनके उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार के अधिकारियों ने बताया कि राज्य राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी राहत कार्य में हर संभव मदद के लिए कन्नौज जिला प्रशासन के संपर्क में हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है, जहां श्रमिकों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास चल रहे हैं। प्राथमिक उपचार प्रदान करने तथा घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस को तैयार रखा गया था। छत की शटरिंग एक अस्थायी संरचना है जो कंक्रीट को जमने के दौरान सहारा देती है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी मौके पर पहुंचे। अरुण ने बताया कि अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत कन्नौज रेलवे (शेष पृष्ठ 9)

प्रधानमंत्री मोदी जेड-मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन

मोहित कंधारी। जम्मू

6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग के खुलने के साथ, जिसका उद्घाटन13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा, भारत श्रीनगर-लेह के बीच रणनीतिक गलियारे के निर्माण के अपने सपने को पूरा करने के करीब पहुंच रहा है, जो सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगा और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में रक्षा और नागरिक आपूर्ति लाइनों को बनाए रखेगा। सोमवार को गलियारे के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद अब ध्यान 13.15 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग के समय पर पूरा होने पर केंद्रित होगा। जेड-मोड़ सुरंग कंगन को श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग से जोड़ेगी।

ज़ोजिला सुरंग कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच साल भर संपर्क प्रदान करेगी, जो लद्दाख के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय वस्तुओं की मुक्त आवाजाही और आपातकालीन स्थिति में भारतीय सशस्त्र बलों की आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। वर्तमान में जोजिला दर्रे को पार करने में औसत यात्रा समय तीन घंटे का है। इस सुरंग के पूरा होने के बाद यात्रा का समय घटकर 20 मिनट रह जाएगा, जिससे ईंधन की बचत होगी। जोजिला सुरंग की कुल परियोजना लागत 6,809.69 करोड़ रुपये है। 11,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर इस परियोजना के पूरा होने की

संभावित समय सीमा सितंबर-दिसंबर 2026 है।जेड-मोड़ सुरंग परियोजना स्थल पर आने वाले गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन व्यापक प्रबंध कर रहा है। आयोजन स्थल की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही एसपीजी की एक टीम पहले से ही इलाके में डेरा डाले हुए है और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल कर रही है।

जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोमवार को होने वाली यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को सोनमर्ग का दौरा किया। उमरने एक्स पोस्ट में कहा, ' सुरंग के उद्घाटन से यह क्षेत्र शीतकालीन पर्यटन के लिए खुल जाएगा। मेरा मानना है कि सोनमर्ग को इस क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ स्की रिसॉर्ट में से एक के रूप में विकसित किया जाएगा। सुरंग से श्रीनगर/कारगिल-लेह यात्रा का समय भी कम हो जाएगा।' आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण पर 2700 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। 6.4 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का नाम निर्माण स्थल के पास स्थित आकार की सड़क के नाम पर रखा गया है। (शेष पृष्ठ 9)

एमवीए में बढ़ रही दरार, उद्धव की शिवसेना अकेले लड़ेगी निकाय चुनाव

टीएन रघुनाथ। मुंबई

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने के अपने फैसले के तुरंत बाद शनिवार को घोषणा की कि वह राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी। राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट इंडिया की प्रासंगिकता पर सवाल उठाने के एक दिन बाद, शिवसेना सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने यह कह कर धमाका कर दिया कि उनकी पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने गठबंधन में संबंधित दलों के कार्यकर्ताओं के लिए अवसरों की कमी और संगठनात्मक विकास के अधिकार को अकेले चुनाव लड़ने के प्रमुख कारणों के रूप में उद्धृत किया। दो दिन पहले उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने कांग्रेस को झटका देते हुए पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल की आप को समर्थन देने की घोषणा की थी।

राउत की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व इस बात पर फैसला करेगा कि कांग्रेस स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी या नहीं, जिसका कार्यक्रम अभी घोषित होना बाकी है। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) के फैसले से एमवीए गठबंधन के सभी तीन घटकों की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ेगा। राज्यसभा सदस्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया और महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा, गठबंधन में, अलग-अलग दलों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम अपने दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों

व पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिए हैं कि उसे अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। राउत ने एमवीए में समन्वय की कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। राज्य विधानसभा में एमवीए की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के लिए कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते में विश्वास नहीं करते, उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनावों के बाद एक भी बैठक नहीं की। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, हम इंडिया गठबंधन के लिए एक संयोजक भी नियुक्त नहीं कर पाए। यह ठीक नहीं है। गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, बैठक बुलाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। विधानसभा में राकांपा (शरदचंद्र पवार) के नेता जितेन्द्र आव्हाड ने कहा कि यदि शिवसेना (उबाठा) अकेले जाने को इच्छुक है तो वे उसे नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा, 'अगर वे अकेले जाना चाहते हैं, तो हम उन्हें रोकने वाले कौन होते हैं? हम किसी को जबरन साथ नहीं ले जा सकते। विधानसभा चुनाव में हार के बाद हमें साथ रहने की जरूरत है। मुझे नहीं लगता कि यह सही फैसला है। इससे एमवीए के तीनों दलों की चुनावी संभावनाएं प्रभावित होंगी।' (शेष पृष्ठ 9)

गैंडे के सींग के व्यापार के आरोप में चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अफ्रीकी देशों में पाए जाने वाले दुर्लभ सफेद गैंडे के सींग रखने और उनका कारोबार करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार, बड़े एक सींग वाले गैंडे को अनुसूची एक के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है, जो जंगली जानवरों को पकड़ने, मारने, जहर देने या फंसाने पर प्रतिबंध लगाता है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय कुमार सैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गैंडे के सींगों का अवैध कारोबार कर रहे हैं और पूरे मामले का पता लगाने के लिए एक पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर भेजा गया। पुलिस ने अपराध शाखा थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गिरफ्तार व्यक्तियों में लाजपत नगर निवासी (शेष पृष्ठ 9)

मशरूम की खेती से मालामाल हुए गुरुग्राम के प्रह्लाद सिंह

- सालाना 20 लाख रुपये मुनाफा कमाते हैं, किसानों के लिए बने प्रेरणास्रोत

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

मशरूम उत्पादन से गुरुग्राम के गांव डाबोदा के किसान प्रहलाद सिंह सालाना 20 लाख रुपये मुनाफा कमाते हैं। वे किसानों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बने हुए हैं। किसान आधुनिक होगा और व्यवसायिक खेती की ओर अग्रसर होगा तो किसान की आय दोगुनी होने के साथ-साथ क्षेत्र में कृषि व बागवानी का चेहरा भी बदलेगा। यह बात गुरुग्राम के डाबोधा में रहने वाले किसान प्रहलाद सिंह ने सही साबित की है। शनिवार को किसान प्रहलाद सिंह के मशरूम प्रोडक्शन यूनिट की विजिट करने गुरुग्राम के एडीसी हितेश कुमार मीणा गांव डाबोदा में पहुंचे। एडीसी ने इस दौरान प्रोडक्शन यूनिट का अवलोकन किया व इसकी कार्यप्रणाली की पूरी बारीकी से जानकारी ली। एडीसी ने किसान प्रहलाद सिंह से बात की। प्रहलाद सिंह ने बताया कि वे पहले परंपरागत खेती के रूप में बाजरा और गेहूं का उत्पादन कर रहे थे। जिसमें आमदनी ना के बराबर हो रही थी व आये दिन

गुरुग्राम के गांव डाबोदा में किसान प्रहलाद सिंह (बीच में)के मशरूम उत्पादन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

खर्च अधिक व उत्पादन कम होने से मुनाफा भी घटता जा रहा था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आय दुगनी करने और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए व्यवसायिक खेती करने पर जोर देने के विचारों से प्रेरणा ली। तत्पश्चात जिला बागवानी अधिकारी नेहा यादव से जानकारी लेकर विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का प्लान किया।

प्रहलाद सिंह ने एडीसी हितेश कुमार मीणा को बताया कि इसके लिए उसने करीब 8 कनाल क्षेत्र में पूरा सेटअप तैयार किया है। जिसमें मशरूम कपोस्ट व प्रोडक्शन यूनिट स्थापित करने में करीब 40 लाख रुपये की लागत आई है। प्रहलाद ने बताया कि इसमें जिला बागवानी विभाग द्वारा उसे 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी गयी है। वहीं बाकी राशि के लिए उसने बैंक से लोन लिया है। किसान ने बताया कि उसने सरकारी मदद से कपोस्ट यूनिट व चार प्रोडक्शन यूनिट स्थापित की है। जिसमें प्रत्येक प्रोडक्शन यूनिट में 90 दिन का प्रोडक्शन सर्कल चलता है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट से करीब 38 से 40 क्विंटल मशरूम उत्पादित किया जा रहा है। मार्केट में मशरूम का थोक भाव 140 से 150 रुपये किलो के करीब है। जिससे पूरे साल में चारो यूनिट से सभी खर्चों को घटाकर शुद्ध मुनाफे के(शेष पृष्ठ 9)

आईएमडी ने दिल्ली में कोहरे, बारिश और ट्रैफिक जाम की चेतावनी दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम को हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिसके कारण यातायात जाम और शीत लहर की स्थिति पैदा हो गई। अचानक हुई बारिश के कारण दिल्ली में व्यस्त समय में प्रमुख मार्गों पर यातायात जाम हो गया, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आईटीओ, महरौली बदरपुर रोड, आनंद विहार रोड, चिराग दिल्ली, धौला कुआं, सैनिक फार्म, आजाद मार्केट रोड, करोल बाग, पीरागढ़ी रोड, न्यू रोहतक रोड उन इलाकों में शामिल हैं, जहां दिनभर व्यस्त समय के दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। शाम। मौसम विभाग का

एक बाज़ीगर सर्द दिन में बंदरों के साथ अलाव सेकता हुआ।

पूर्वानुमान है कि रविवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है।

न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, शनिवार को दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) ने रात में कई बार परामर्श जारी किया, जिसमें यात्रियों से उड़ानों की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने को कहा गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले 2-5 दिनों के दौरान उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में रात 12.30 बजे से 1.30 बजे तक न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर रही, जो इसके बाद सुधर कर 200 मीटर हो गई तथा सुबह 7.30 बजे तक दृश्यता 200 मीटर बनी रही। दिन में आर्द्रता 100 प्रतिशत थी।

हाल के दिनों की तुलना में, सुबह के समय तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर गया है, जो चल रही ठंड की स्थिति को दर्शाता है। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसमी औसत से तीन डिग्री कम है। मध्य दिल्ली क्षेत्र सहित राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह शहर में कोहरे की मोटी परत छाने के कारण 45 रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं, जिससे दृश्यता कम हो गई और रेल परिचालन प्रभावित हुआ। अपने परामर्श में आईएमडी ने आगाह किया है कि घने कोहरे के कारण मौसम विभाग के उप-मंडल के कुछ हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेल मार्गों पर असर पड़ सकता है। उन्होंने यात्रियों को वाहन चलाते समय या किसी भी परिवहन से यात्रा (शेष पृष्ठ 9)

झारखंड में प्रिंसिपल का तुगलकी फरमान

पायनियर समाचार सेवा। रांची/धनबाद

झारखंड के धनबाद जिले में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल पर आरोप है कि उन्होंने कक्षा 10 की 80 छात्राओं को संदेश लिखने के कारण अपनी शर्ट उतारने का आदेश दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि स्कूल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। लड़कियों को कथित तौर पर बिना शर्ट के ब्लेज़र पहनकर घर लौटने के लिए मजबूर किया गया। धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल में हुई। अभिभावकों ने डीसी से शिकायत की कि कक्षा 10 के विद्यार्थी परीक्षा

देने के बाद एक-दूसरे की शर्ट पर संदेश लिखकर 'पेन डे' मना रहे हैं। प्रिंसिपल ने इस जश्न पर आपत्ति जताई और छात्राओं से अपनी शर्ट उतारने को कहा, हालांकि छात्राओं ने इसके लिए माफी मांगी। अभिभावकों ने डीसी को बताया कि सभी छात्राओं को शर्ट के बिना ही ब्लेज़र में घर भेज दिया गया। कई अभिभावकों ने प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हमने कुछ पीड़ित लड़कियों से भी बात की। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। मिश्रा ने कहा, मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति में उप-मंडल मजिस्ट्रेट, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और उप-मंडल पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं। डीसी ने कहा कि जांच पैनल की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। झरिया विधायक रागिनी सिंह भी शनिवार को अभिभावकों के साथ डीसी कार्यालय गईं, जहां उन्होंने प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सिंह ने इस घटना को 'शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण' बताया।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 12 जनवरी 2025

यूपी का ब्रांड ओडीओपी आज देश और दुनिया में मचा रहा है धूम: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी महोत्सव में देशभर से आए खादी और हथकरघा उत्पादों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया और उत्पादों की जानकारी ली। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी खादी को भारत का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।

सीएम योगी ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है। महात्मा गांधी ने इसे एक आंदोलन बनाया, जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को न केवल रोजगार का साधन प्रदान किया, बल्कि यह राष्ट्रीय आंदोलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बना। आज, आधुनिक युग में यह मैनुअल, सोलर और इलेक्ट्रिक चरखों के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि खादी न केवल एक कला है, बल्कि समाज की आवश्यकता भी है। महोत्सव में माटी कला बोर्ड द्वारा प्रस्तुत उत्पादों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों ने थर्माकोल और प्लास्टिक का पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि माटी कला उद्योग से जुड़े प्रजापति समुदाय को तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे वर्षभर बर्तन बना सकें। माटी कला न केवल रोजगार का साधन बनी है, बल्कि दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने इसे हर घर की परंपरा में शामिल कर दिया है। मुख्यमंत्री ने शहद उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक लाभदायक व्यवसाय है, बल्कि तिलहनी फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाता है। उन्होंने इसे 'आम के आम, गुठली के दाम' की संज्ञा दी और कहा कि मधुमक्खियां फसल उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार करती हैं। सीएम योगी ने ओडीओपी योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अब न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि हस्तशिल्प और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

संगम स्नान कराने को प्रदेश के सभी जिलों से चलेंगी बसें: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे महाकुंभ अवधि हेतु सभी जनपदों से प्रयागराज हेतु बसों का संचालन किया जाए, साथ ही बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों के अतिरिक्त भी पूरी महाकुंभ अवधि में सभी जनपदों से बसों का संचालन प्रयागराज के लिये होना चाहिए। श्रद्धालुओं को यात्रा में कोई समस्या ना हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों का सेवन किसी भी बस चालक/ परिचालक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही, प्राइवेट बसों के लिए यह सुनिश्चित किया जाये कि ना तो निश्चित किराया से ज़्यादा किराया लिया जाये ना ही निश्चित क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग हो।

बता दें कि महाकुम्भ में सभी श्रद्धालुओं के सुगम-सनज संगम स्नान के लिए यूपी रोडवेज द्वारा 7000 बसें चलाई जाने की तैयारी है, वहीं मेला क्षेत्र के लिए 550 शटल बसें भी चलाई जा रही हैं। बैठक में परिवहन मंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडी परिवहन उपस्थिति रहे।

सीएम योगी ने रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

महंत नृत्यगोपाल दास महाराज से लिया आशीष, पूजन-अर्चन के साथ ही श्रद्धालुओं का किया अभिवादन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की उतारी आरती।

सीएम ने जन्मभूमि पथ पर खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी ने साधु संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले 4 जनवरी को भी अयोध्या आए थे। उस दिन उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, फिर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की थी।

पांच विभूतियों को आज सीएम के हाथों मिलेगा 'गोरखपुर रत्न' सम्मान

लखनऊ/ गोरखपुर। 10 से 16 जनवरी तक आयोजित गोरखपुर महोत्सव-2025 में रविवार (12 जनवरी) को अपराह्न होने वाले औपचारिक समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव के मंच से सीएम योगी खेल, कला, चिकित्सा, विज्ञान और कृषि के क्षेत्र में अपने योगदान से गोरखपुर का मान बढ़ाने वाली पांच विभूतियों/प्रतिभाओं को 'गोरखपुर रत्न' से सम्मानित करेंगे। गोरखपुर महोत्सव में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दोपहर में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाष चंद्र बोस नगर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी विद्यालय के पुरातन छात्रों के सम्मेलन को भी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री रविवार को ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर कॉलोनी में नगर निगम द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख के नाम पर विकसित किए जाने वाले पार्क के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे।

मां विन्ध्यवासिनी की पैड़ी का होगा विकास: जयवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

48.77 करोड़ रुपए स्वीकृत 14 करोड़ की पहली किश्त जारी

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग पावन धाम विंध्याचल में मां की पैड़ी का पर्यटन विकास करेगा। घाट सहित अन्य कार्यों के लिए लगभग 48.77 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 14 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। ताकि, यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया किउत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग विंध्याचल का पर्यटन विकास प्राथमिकता के आधार पर कर रहा है। लगभग 48.77 करोड़ रुपए से घाट का विकास, 3 चेंजिंग रूम, 7 छतरी, पाथवे, शौचालय, रिटेनिंग वॉल, प्रवेश द्वार, फ्लोटिंग बोट जेटी सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि यह स्थल शुम्भ निशुम्भ नामक दैत्यों का वध करने वाली मां विंध्यवासिनी देवी के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर की मार्कण्डेय पुराण, देवी भागवत पुराण के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में विशिष्ट महत्ता बताई गई है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश के साथ-साथ देश के अन्य श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के अलावा विभिन्न मुहूर्त और बच्चों के मुंडन आदि के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। अभी हम घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक सहित अन्य स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही, पर्यटक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक विशेष अनुभव लेकर जाएं।

प्रयागराज में 24, 25 व 26 जनवरी को होगा ड्रोन शो: मुकेश मेश्राम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रमुख सचिव पर्यटन ने महाकुंभ व यूपी दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से महाकुंभ और यूपी दिवस पर की जा रही तैयारियों की शनिवार को प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने समीक्षा की। उन्होंने महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को यहां को धार्मिक आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, प्रसिद्ध व्यंजन, शिल्प आदि से परिचित कराने का निर्देश दिया। ताकि आगंतुक यूपी की विशिष्टता का अनुभव ले सकें। इसके साथ ही 24 जनवरी से 26 जनवरी तक ड्रोन शो कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि धर्म, अध्यात्म, प्राकृतिक सौंदर्यता, खान-पान, हस्तशिल्प के लिए उत्तर प्रदेश विश्व में प्रसिद्ध है। महाकुंभ को हमें अवसर के रूप में लेना चाहिए। देश दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को राज्य की विशेषताओं का अनुभव कराना चाहिए। इसके लिए बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार आवश्यक। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों पर अयोध्या, चित्रकूट, वाराणसी, विंध्यावासिनी धाम सहित अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के महत्व, दूरी कनेक्टिविटी आदि की जानकारी देती हुई होर्डिंग लगाई जाएं। प्रसिद्ध खान-पान, हस्तशिल्प की जानकारी भी दी जाए। ताकि श्रद्धालु उस स्थान पर दर्शन भ्रमण के साथ-साथ यहां के उत्पाद आदि लेकर जाएं। महाकुंभ में कलाकुंभ, स्टेट पेलवियन आदि की विशेषताओं की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में तीन दिनों तक ड्रोन शो कराएं। 24 जनवरी को यूपी दिवस, 25 जनवरी को टूरिज्म डे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की थीम पर शो दिखाए जाएंगे। इसका शीघ्र प्रस्तुतिकरण कराएं।

उन्होंने यूपी दिवस की तैयारियों पर कहा कि अधिक से अधिक कलाकारों को मौका दें। सभी कलाकार उत्तर प्रदेश के ही होने चाहिए। ट्रेडिशनल वाद्ययंत्रों का पूरा इस्तेमाल करें। प्रदेश के रहने वाले ऐसे कृषक, डाक्टर, व्यवसायी, खिलाड़ी, कलाकार, रचनाकार, पर्यावरणविद् जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त किया हो उन्होंने सम्मानित किया जाएगा। 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस है। इस दिन ट्रेवेलाग राइटर और इंफ्लूएंसर्स मीट कराया जाए।

सीएम ने किया 'मोहब्बत' को सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

लगभग 1200 किमी. दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचा छह वर्ष का बालक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला सरकार के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत कार्यक्रम में मंच पर छह वर्ष के बालक मोहब्बत को सम्मानित किया। मोहब्बत पंजाब के पाकिस्तान बॉर्डर के फाजिल जिले के अबोहर कस्बे से शुक्रवार को अयोध्या के सरयू तट पर पहुंचा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंच पर बताया कि इस बालक ने 14 नवंबर से दौड़ लगाना प्रारंभ किया। लगभग 1200 किमी. दूर दौड़ लगाकर यह अयोध्या आया है। इसने प्रतिदिन 19-20 किमी. दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री ने बालक मोहब्बत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सीएम ने उसे चॉकलेट भी प्रदान किया और उसका हालचाल पूछकर हौसला अफजाई भी की।

कार्यकर्ताओं के जोश से जगी उम्मीद, 2027 में हम सत्ता में होंगे: अविनाश पांडेय

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्रज जोन के कांग्रेस नेताओं की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पांचवे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्रज जोन के जनपद शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, फरूर्खाबाद, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, अलीगढ़, कासगंज, मथुरा, हाथरस जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा ली गई। बैठक में ब्रज जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, तथा पूर्व विधायक संजय कपूर, विवेक बंसल भी मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में आए हुए उक्त जनपदों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गई जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किए। उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह एक जिलाध्यक्ष/ शहर अध्यक्ष पद के लिए इतनी भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस बैठक में भाग ले रहे हैं वह बता रहा है कि 35 सालों से भी सरकार में नहीं रहने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आई है। एक-एक जिले से 80 से 100 तक भी साथियों ने इस पद हेतु अपनी दावेदारी पेश किया है।

लाल बहादुर शास्त्री ने राजनीति में एक नई नजीर पेश की: अजय राय

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने राजनीति में एक नई नजीर पेश किया। एक तरफ वह नितांत गरीबी से संघर्ष करते हुए आगे आए, स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और कांग्रेस के साथ देश के बड़े नेता ही नहीं बने बल्कि कई पदों पर रहते हुए प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह इतने आदर्शवादी थे कि वर्ष 1956 में हुए रेल हादसे की जिम्मेदारी लेकर अपने पद का त्याग कर दिया। जब देश अन्न के मामले में पूरी तरह से आत्म निर्भर नहीं था, तब उन्होंने एक तरफ जय जवान-जय किसान का नारा देकर किसानों को इतना अनाज पैदा करने के लिए प्रेरित किया कि देश आत्म निर्भर हो सके।

भाजपा सरकार में किसानों की लगातार उपेक्षा हो रही: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों और उपेक्षात्मक रवैये से किसानों की फसल और जमीन लुट रही है। यह सरकार किसानों की जमीन और फसलों की कौड़ियों के भाव छीन कर अपने मित्र उद्योगपतियों के हवाले कर रही है। बड़े व्यवसायी और उद्योगपति किसानों की फसलों और जमीन को सस्ते में खरीद कर जबरदस्त मुनाफा कमा करके मालामाल हो रहे है। वहीं किसान बर्बाद होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को उनकी फसलों के पैदावार के लिए न खाद, बीज दे पा रही और न बिजली-पानी की व्यवस्था कर पा रही है। सरकार जनता का पैसा और समय नष्ट कर रही है। विभिन्न योजनाओं के कार्यो के बजट बढ़ाकर लूट का गोरखधंध चलाया जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन इस सरकार के पास किसानों के लिए कुछ नहीं है। आखिरकार सरकार कहां सोयी हुई है और किसानों के लिए इतनी संवेदनहीन क्यों है? अभी पिछले महीने गेहूं, चना, सरसों, आलू की बुआई के लिए यह सरकार डीएपी खाद की व्यवस्था नहीं कर पायी। अब इन्हीं फसलों के लिए यूरिया तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। प्रदेश में कई जगह सहकारी समितियों पर यूरिया नहीं है। भाजपा सरकार की नीति और नीयत किसान विरोधी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य भी नहीं दे रही है। किसान अपनी फसलों को औने-पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है। गन्ना पेराई सत्र आधा से ज्यादा बीत चुका हैं लेकिन इस सरकार ने गन्ना मूल्य अभी तक घोषित नहीं किया है। आखिर चीनी मिलें किस कीमत पर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही है। सरकार गन्ना किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। महंगाई बढ़ने से गन्ने की खेती का लागत मूल्य काफी बढ़ गया है। किसानों को लाभकारी मूल्य छोड़िए, भाजपा सरकार गन्ना किसानों को लागत मूल्य भी नहीं दे रही है। भाजपा किसानों के आक्रोश को झेल नहीं पायेगी। बस 2027 का इंतजार है।

सपा मुखिया ने कन्नौज हादसे पर व्यक्त किया दुख

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन लिंटर गिरने से हुए दुःखद हादसे पर गहरा दुख जताया है। अखिलेश यादव ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए सरकार से समुचित इलाज की व्यवस्था एवं राहत कार्य करने की मांग की।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट पर मेरा नाम Pravesh Kumar Bajpai दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पर Pravesh Bajpai दर्ज है। Pravesh Kumar Bajpai व Pravesh Bajpai दोनों ही नाम मेरे हैं और मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं। प्रवेश बाजपेई पुत्र कमलेश चंद्र बाजपेई निवासी–म.नं.222,वाटर टैंक के पास,विजय लक्ष्मी नगर,तहसील व जिला–सीतापुर

आवश्यकता है

आवश्यकता है
यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, बाघामऊ, लखनऊ
सम्बद्ध–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
बी०कॉम– सहायक आचार्य पद– 04
योग्यता– एम०कॉम 55% व नेट/पी०एच०डी
वेतनमान सेवा एवं शर्तें:– संबंधन निकाय के मानकानुसार।
नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ 4 फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा शैक्षणिक योग्यता से सम्बन्धित समस्त संलग्नकों सहित, विज्ञापन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करें ई–मेल या पंजीकृत डाक से भेजें।
ई–मेलः– yashrajie@gmail.com
पताः–बाघामऊ, गोमतीनगर, विस्तार–6, लखनऊ, उ०प्र०– 226010
सचिव, मो0–9919931333, 8303700429

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा क्रय किए गए आश्रयहीन भू.स.–एस.एस. 3/1768 जानकीपुरम विस्तार भाग–2, जानकीपुरम विस्तार योजना– लखनऊ की संबंधित लीज डीड, पट्टा अभिलेख का मूल बैनामा व उसकी फोटोकॉपी कहीं खो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त कागजात नहीं मिल सके। उक्त भूखण्ड 29/03/2011 को श्रीमती बतुलन पत्नी श्री निसार अहमद, निवासिनी– स्टार प्लाजा, कुर्सी रोड– लखनऊ के नाम बैनामा की पुस्तक संख्या 1, खण्ड 7758, पृष्ठ संख्या 1 से 30, क्रम संख्या 3289 पर उपनिबंधक लखनऊ कार्यालय में दर्ज है। उक्त भूखण्ड मैंने 22/10/2011 को श्रीमती बतुलन से क्रय किया था। इसका दुरुपयोग विधिक रूप से शून्य होगा। श्रीमती अनीता वर्मा पत्नी स्व.रामविलास वर्मा निवासी– ई-VIII-20,डी.एस.,नवीन गल्ला मंडी के सामने, सीतापुर रोड–लखनऊ

बहराइच ने सर्विस डिलीवरी और लोक शिकायतों के निस्तारण में मारी बाजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एक हफ्ते में 66 हजार से अधिक लोक शिकायतों के मामलों का किया निस्तारण

योगी सरकार प्रदेशवासियों की लोक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण एवं समय से सर्विस डिलीवरी देने को लेकर काफी गंभीर रहती है। इसको लेकर सीएम समय-समय पर बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहते हैं। इसी के तहत सुशासन सप्ताह-24 के अवसर पर पूरे देश में बहराइच ने ढाई लाख से अधिक लोक शिकायतों का निस्तारण और 11 लाख से अधिक सर्विस डिलीवरी देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लोक शिकायतों के निस्तारण में मेरठ दूसरे तो तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर रहा है। वहीं सर्विस डिलीवरी देने में सिद्धार्थनगर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश में 19 से 24 दिसंबर के बीच सुशासन सप्ताह बनाया जाता है। सुशासन सप्ताह की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सुशासन सप्ताह के अवसर पर प्रदेश ने कुल 11,04,722 आवेदन सर्विस डिलीवरी के निपटाए जबकि 2,89,174 लोक शिकायतों का समाधान राज्य शिकायत पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इनमें पूरे प्रदेश में सर्विस डिलीवरी के सबसे अधिक बहराइच ने 3,05,499 आवेदनों का निस्तारण कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सिद्धार्थनगर ने 2,55,425 मामलों का निपटारा कर दूसरा और बरेली ने 52,701 आवेदन निपटारा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा मेरठ ने 47,654, सीतापुर ने 41,272 और इटावा ने 34,370 मामलों को निपटारा कर टॉप टेन में जगह बनायी है। सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर लोक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में बहराइच ने 66,283 शिकायतों का समाधान कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं मेरठ ने 50,106 मामलों का निस्तारण कर दूसरा और सिद्धार्थनगर ने 35,904 शिकायतों का निवारण कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा इटावा ने 35,379, फतेहपुर ने 13,817 और सुल्तानपुर ने 9,311 शिकायतों का समाधान कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपाल निभा रहे अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नए मानकों के अनुरूप पारदर्शिता के साथ हो रहा नए लाभार्थियों का चयन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन और आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा पारदर्शी और जनहितैषी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए, आवास प्लस के नए मानकों के अनुसार लाभार्थियों का चयन तेज गति से किया जा रहा है। इस पहल में ग्राम चौपालें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में हर शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन शुरू किया है। इन चौपालों में 'गांव की समस्या-गांव में समाधान' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए, ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामवासियों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी सुनिश्चित कर रही है। चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन तेजी से हो रहा है। इसके लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण शुरू किया गया है, जिसमें 'आवास प्लस एप' का उपयोग किया जा रहा है। यह एप न केवल चयन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी सुगम बना रहा है। पहले लाभार्थियों को योजना का लाभ पाने के लिए कार्यालयों में जाकर ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। अब सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। इच्छुक आवेदक 'पीएमएवाई मोबाइल एप' के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में जमा करने होंगे, जहां उनका सत्यापन किया जाएगा। ग्राम चौपालों के जरिए इस प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां योजना की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सरकार गांवों की जमीनी समस्याओं को हल करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम कर रही है। ग्राम चौपालों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। चौपालों के जरिए योजना से जुड़ी सभी जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तहसील और थाना दिवसों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों और लाभों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, जिलों में लाभार्थी चयन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, जिससे सभी पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जा सके।

एलडीए ने ई-ऑक्शन में बेची 450 करोड़ रुपए की सम्पत्ति, तीन गुना से अधिक लगी बोली

● बसन्तकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड 100 करोड़ में बिका, लोगों को बड़ी संख्या में मिलेगी आवासीय सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एलडीए द्वारा ई-ऑक्शन में 450 करोड़ रूपये से अधिक कीमत की सम्पत्ति बेची गयी है। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराये गये इस ई-ऑक्शन में निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नतीजा यह रहा कि ई.नीलामी में आरक्षित दर से तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी और आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों के साथ ही ग्रुप हाउसिंग, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, मिश्रित भू-उपयोग व फ इन डाइन के भूखण्ड भी बिके।

शनिवार को ई-आक्शन में एलडीए ने 450 करोड़ रुपए की सम्पत्ति बेची। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ई.ऑक्शन में लगायी गयी आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार कराया गया, जिससे अधिक संख्या में लोगों को सम्पत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकी। इसके अलावा सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा साइट विजिट भी करवायी गयी, जिसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफ ल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र निर्गत कर दिये जाएंगे। इसके साथ ही आवंटियों द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की समस्त कार्यवाही को सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित कराया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचने के लिए 11 नवम्बर, 2024 से 3 जनवरी, 2025 के बीच पंजीकरण खोला गया था। इसमें पंजीकरण कराने वाले लोगों के मध्य 7 जनवरी, 2024 को ई.ऑक्शन कराया गया। ई-नीलामी में कुल 325 सम्पत्तियां लगायी गयी थीं, जिनमें से 59 सम्पत्तियों की बिक्री हुयी। उन्होंने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 के आवासीय भूखण्डों पर जमकर बोली लगी और 1.33 करोड़ रुपए का भूखण्ड 4.48 करोड़ रुपए में बिका। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पिछले बार के ई-ऑक्शन में बसन्तकुंज योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखण्ड आरक्षित दर से अधिक कीमत में बिका था। इस बार के ई.ऑक्शन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड लगभग 100 करोड़ रूपये में बिका है। ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड बिकने से योजना में बड़ी संख्या में आवासीय यूनिट बनेंगे और लोगों को इसका बड़ा फायदा मिलेगा।

फाइन डाइन के भूखंड भी बिके

सीबीडी योजना में फाइन डाइन का 11 करोड़ रुपए कीमत का भूखण्ड 15 करोड 35 लाख रुपए में बिका। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि एक को छोड़कर फाइन डाइन के सभी भूखण्ड बिक गये हैं। उन्होंने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 एवं सेक्टर-4 में 06 व्यावसायिक भूखण्ड आरक्षित दर से 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी में बिके हैं।

उपमुख्यमंत्री ने किए बच्चों को स्वेटर वितरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी शाखा द्वारा राजकीय बालिका इंदरा कालेज में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि कहीं दिक्क़त आती है उसे समाप्त करने का प्रयास हमारी सरकार करती है। शनिवार को इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी शाखा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 1303 स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किये, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने किया। चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडे, प्रधानाचार्य मिनाक्षी त्रिपाठी की उपस्थिति में स्वेटर वितरित किये। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जहां कहीं दिक्क़त आती है उसे समाप्त करने का प्रयास हमारी सरकार करती है। सर्दी का मौसम चल रहा हमारी प्यारी बहन बेटियाँ को व्यवस्थित ठंग से पढ़ाई कर सके इस लिए इंडियन रेडक्रास सोसाइटी लखनऊ शाखा ने स्वेटर का प्रबन्ध किया है जिसके लिए पूरी कमेटी एवं अमरनाथ मिश्र को धन्यवाद देता हूँ जो यह जनहित में कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता दिनेश कुमार मिश्रा जीतेन्द्र सिंह माजिद अली खान नफ ीस अहमद, सतीश मिश्र, आलोक कुमार सक्सेना, महेश कुमार कार्तिका माथुर कार्यालय के हर्षित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

अभियान में वसूले 42 हजार रुपए, जब्त किया लेबाराडोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बंगलाबाजार में नगर निगम पशु कल्याण विभाग द्वारा सुबह पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा एलडीए कालोनी में बिना लाइसेंस के डॉग के वॉक करने आए लोगों का लाइसेंस परीक्षण किया गया। अभियान में बिना लाइसेंस के 7 व्यक्तियों से 35 हजार रुपए वसूला गया। वहीं एक लेबराडोर को जब्त भी किया गया। शनिवार को नगर निगम के डॉग स्क्वाड ने एलडीए कालोनी में डॉग भ्रमण करने आए लोगों के डॉग लाइसें को चेक किया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा की टीम ने बिना लाइसेंस के डॉग को मॉर्निंग वॉक कराने आए लोगों से पूछतांछ की। इस दौरान बिना लाइसेंस के 7 व्यक्तियों से कुल 35000 रुपये जुर्माना वसूला। 7 लाइसेंस भी बनाए गए। इस प्रकार कुल 42,000 रुपये नगर निगम कोष में जमा कराए। 1 लेबराडोर कुत्ते को जब्त भी किया गया था, जिसे जुर्माना देने के बाद छोड़ दिया।

साहित्य में जीने वाला व्यक्ति हमेशा रहता है जीवंतः डॉ जी.के. गोस्वामी

● यूपीएसआईएफएस में मनाया गया प्रथम साहित्योत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइन्स, लखनऊ में साहित्योत्सव-2025 का आयोजन किया गया। साहित्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ जीके गोस्वामी, उप निदेशक राजीव मल्होत्रा एवं एएसपी अतुल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर डॉ गोस्वामी ने कहा कि साहित्य में जीने वाला व्यक्ति हमेशा जीवंत रहता है। उन्होंने कहा कि साहित्योत्सव के आयोजन में इसलिए नामचीन साहित्यकारों को आमंत्रित किया था ताकि संस्थान के छात्र-छात्राएं साहित्य एवं लोक संस्कृति के क्षेत्र में भी लाभान्वित हो सके। यह प्रथम अवसर था जब यूपीएसआईएफएस मे साहित्य एवं लोक-कला के क्षेत्र में अन्तराष्ट्रीय स्तर पर संस्थान को बढ़ावा देने के लिए नव गठित 'भाषा, साहित्य एवं लोक-कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ' के बैनर तले एक वृहद साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । संस्थान के निदेशक ने आमंत्रित कवियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई भी दी।

कार्यक्रम में कानपुर से पधारी लोक प्रिय कवयित्री शबीना 'अदीब' ने 'जो ख़ानदानी रईस हैं वो मिज़ाज रखते हैं नर्म अपना, तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई नई है ।' सुनाकर सभागार को मन्त्र मुग्ध कर तालियां बटोरी। वहीं कानपुर से ही पधारे देश के बड़े शायर जौहर 'कानपुरी' ने 'दिल दुखा कर आजमा कर या रुला कर छोड़ना। हमने सीखा ही नहीं अपना बना कर छोड़ना।' पढ़कर सभागार का जोरदार तालिओं से आगाज किया। लखीमपुर से पधारे हास्यकवि विनय प्रकाश मिश्रा ने व्यंग सुना कर महफिल को ठहाकों से भर दिया। उन्होंने सुनाया 'जंग का आखिरी ऐलान न मानो उसको जो भी नुकसान है, नुकसान न मानो उसको। हाथ से छूटकर गिरे तलवार तो भी लड़ो, म्यान को म्यान न मानो उसको।, डॉ सरला शर्मा ने सुनाया 'चरण माता पिता के छू के तुम सम्मान लिख देना। कभी थामो किसी का हाथ तो मुस्कान लिख देना।' उन्नाव से पधारे कविता के वाचिक परंपरा के मूर्धन्य हस्ताक्षर लोक प्रिय कवि कुलदीप 'कलश' ने सुनाया कि हर खुशी तक मात खाए, वो व्यथा होकर रही। त्याग पथ पर प्राण देने की प्रथा होकर रही। संतोष कौशिल ने 'गुले गुलजार ही तो है, मैं वरना क्या इसे मानू, ये उसका प्यार ही तो है, मैं वरना क्या इसे मानूं। सुना कर सभागार से तालियां बटोरी। कार्यक्रम में कानपुर से आये दानिश जौहर, अयोध्या से पधारे युवा गीतकार रामायण धार द्विवेदी एवं काकोरी से पधारे ओज के लोक प्रिय कवि डॉ अशोक 'अग्निपथी',ने अपनी रचना पढ़कर सभागार का ध्यान आकृष्ट किया, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के पूवार्ध मे सस्थान के छात्रों प्रियम प्रकाश, आदित्य राज पुरोहित, प्रभांश शुक्ल, श्रीराम, दिग्विजय सरोज ने भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश के बड़े शायर जौहर 'कानपुरी' ने की, जबकि संचालन संस्थान के भाषा, कला एवं लोक संस्थान के अध्यक्ष व संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी संतोष 'कौशिल' ने किया।

यूपीएसआईएफ में साइबर कमांडो परीक्षा सकुशल संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत सरकार गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में साइबर कमांडो परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न शाखाओ एवं अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतो में आम जनता के साथ साइबर अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ने के दृष्टिगत उस पर व्यापक स्तर पर रोकथाम लगाए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा द्वारा पांच हजार साइबर योद्धा तैयार किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत आज यहां साइबर योद्धा परीक्षा कराई गई है। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि यह एक स्क्रीनिंग टेस्ट था। उत्तर प्रदेश साइबर अपराध मुख्यालय द्वारा इस परीक्षा हेतु पुलिस कर्मियों का नाम भारत सरकार गृह मंत्रालय से अनुमोदित कराया गया था। जिसके उपरांत साइबर अपराध मुख्यालय उप्र की तरफ से यूपीएसआईएफएस को नामित पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के अराजपत्रित कर्मियों की सूची उपलब्ध कराई गई थी, जिनकी आज यूपीएसआईएफएस में परीक्षा संपन्न कराई गई। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि जिन प्रदेश पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के अराजपत्रित कर्मियों ने कोर्स में पंजीकरण के समय लखनऊ को च्वाइस का सेंटर मांगा था, आज उन्ही का टेस्ट यहां संपन्न कराया गया। आज इस परीक्षा में यहां 120 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा आज देश के विभिन्न प्रान्तों में विभिन्न सेंटरों पर भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित कराई गई थी।

ओलंपिक निशानेबाज जीतू राय ने खिलाड़ियों को सिखाए सफलता के गुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी में द शौर्य शूटिंग अकादमी का ओलंपिक निशानेबाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता द्वारा दौरा किया गया। ओलंपिक निशानेबाज द्वारा गोमतीनगर और मुंशीपुलिया शाखा के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शूटिंग के गुर सिखाए गए। ओलम्पिक निशानेबाज को अपने बीच पाकर 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों द्वारा सूटिंग के अहम सवालों के जवाब भी लिए गए। 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा निशानेबाजों के मनोबल को बढ़ाने के लिए ओलंपिक निशानेबाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता जीतू राय ने आज लखनऊ स्थित द शौर्य शूटिंग अकादमी का दौरा किया। द शौर्य शूटिंग अकादमी जो लखनऊ के गोमती नगर विस्तार और मुंशीपुलिया में संचालित है, निशानेबाजी के क्षेत्र में उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है। अकादमी के खिलाड़ियों से ओलंपिक निशानेबाज ने मुलाकात कर उन्हें शूटिंग के गुर सिखाए।

सीएचसी चिनहट में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएचसी चिनहट में बृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालक्न अधीक्षक डॉ. विनय मिश्रा द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 58 मरीजो की जांच एवं 7 लोगों को विकलांग प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। शिविर में डॉ. अभय सिंह मनोरोग विशेषज्ञ, गरिमा सिंह, बिजेन्द्र श्रीवास्तव, रोहित मिश्रा, एसपी सिंह, गोपाल यादव काउंसलर एनसीडी तथा अन्य सभी आधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

सेनेटरी पैड वेंडिग मशीन का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लायंस क्लब लखनऊ अवध के सौजन्य से आज चिनहट सीएचसी में अधीक्षक डॉक्टर विनय मिश्रा की उपस्थिति में एक सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व मंडलाधीश लायन डॉ मनोज रुहेला, अध्यक्ष लायन अरविंद श्रीवास्तव, लायन पुष्कर राज, लायन सुशांत मुखर्जी, लायन हर्ष रेवाड़ी, लायन संदीप सचदेवा, एवं लायन दीपक खरबंदा उपस्थित रहे। भीषण सर्दी को देखते हुए वहां भर्ती मरीजों को कंबल भी वितरित किए गए।

जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन द्वारा ग्राम पंचायत कुनौरा शाहपुर, तहसील बीकेटी में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार, उप निदेशक (से.नि) कृषि विभाग मौजूद रहे। जिन्होंने भारी संख्यां आये निर्धन व्यक्तियों एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। ऑलमाइटी शिवा एसोसिएशन के सचिव आदित्य चौधरी ने बताया कि इस मौके पर राजेश कुमार ने कहा कि आलमाइटी शिवा एसोसिएशन, एनजीओ द्वारा आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु विभिन्न प्रकार के प्रकल्प चला रही है जो की बहुत ही सराहनीय है। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी यह संस्था इसी प्रकार से समाजसेवी कार्यों से नर सेवा-नारायण सेवा के उपदेश्य को प्राप्त करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से रविकांत चौधरी मुख्य व्यवस्था अधिकारी, (से. नि) राज्य सम्पत्ति विभाग , संस्था की अध्यक्ष अनीता, सचिव आदित्य चौधरी, बीनू पूर्व प्रधान पत्नी पूर्व प्रधान राम नारायण, मीरा कुमारी, शुभम आदि तमाम लोग भी मौजूद रहे।

नवयुग में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नवयुग में स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लखनऊ पश्चिम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय, शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा की गई। प्राचीन भारतीय इतिहास की प्रोफ़ेसर संगीता शुक्ला, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत की उपाध्यक्ष एवं प्राचार्य मंजुला उपाध्याय एवं छात्रा नेहा कुमारी ने स्वामीजी के जीवन, उपदेश एवं विवेकानंद के शिकागो धर्मसम्मेलन में दिए गए भाषण पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से आध्यात्मिक शिक्षा ली थी। वे समाज सुधारक, योगी और समाज के उद्धारकर्ता थे। उनके जीवन में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा का बहुत महत्व था।

कार्यक्रम में खेलो भारत प्रमुख डॉ सीमा पांडेय, प्रोफेसर शर्मिता नंदी, डॉ ऐश्वर्या सिंह, डॉ नीतू सिंह, डॉ ज्योत्सना, डॉ मनीषा बड़ौनिया, डॉ श्वेता उपाध्याय. डॉ अपर्णा राय, नीलम कुमारी, डॉ नेहा यादव, डॉ अंकिता पांडेय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर स्टूडेंट फॉर सेवा सह संयोजक उपस्थित रहीं।

12 साल तक बंटवारे का मुकदमा लड़ा, अब निशानदेही के लिए चक्कर काट रहा किसान

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद भी नही पहुंचे राजस्व निरीक्षक, एसडीएम ने फटकारा

मोहनलालगंज। जमीन के बंटवारे के लिए बारह साल तक मुकदमा लड़ने के बाद अब कानूनगो की मनमानी किसान को न्याय दिलाने की राह में रोड़े अटका रही है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद बेलगाम कानूनगो बंटवारे के आदेश को अमलीजामा पहनाने में आनाकानी कर रहे हैं। लिहाजा पीड़ित किसान तकरीबन तीन साल से न्याय के लिए तहसील के चक्कर काट रहा है। मोहनलालगंज के बल्दीखेड़ा निवासी किसान राम अचल की कमालपुर बिचलिका में जमीन है। 12 साल तक राम अचल जमीन के बंटवारे के लिए एसडीएम कोर्ट में मुकदमा लड़ता रहा। 10 जनवरी 2022 को एसडीएम ने जमीन के बंटवारे का आदेश कर दिया। लेकिन बंटवारे के अनुसार जमीन की निशानदेही के लिए तकरीबन तीन साल से राजस्व निरीक्षक तारीख पर तारीख देकर किसान को दौड़ा रहे हैं। थकहार कर 21 दिसम्बर को किसान राम अचल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने एक सप्ताह में बंटवारे के आदेश को अमलीजामा पहनाने के आदेश दिए। सुनवाई नही होने पर 4 जनवरी को पीड़ित किसान फरियाद लेकर फिर से सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचा। जिस पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को फटकार लगाकर फौरन निशानदेही की हिदायत दी। अफसरों के दबाव में राजस्व निरीक्षक ने 11 जनवरी की तारीख तो लगा दी लेकिन शनिवार को पूरे दिन इंतजार के बाद भी मौके पर नही पहुंचे। किसान के बेटे जितेन्द्र ने बताया कानूनगो को बार बार फोन करने पर भी उन्होंने फोन नही उठाया। हालांकि किसान की शिकायत के बारे में पता चलने पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाकर सोमवार को जमीन की निशानदेही करने का अल्टीमेटम दिया है।

शारदा प्रताप शुक्ला की स्मृति में बनेगा भव्य द्वार और सड़कः डॉ. राजेश्वर सिंह

● बंगला बाजार में शुरू हुई अन्नपूर्णा रसोई, सरोजनीनगर विधायक ने दी 51 हजार की सहयोग राशि

जयंती पर याद किए गए शारदा प्रताप शुक्ला, विधायक डॉ. सिंह ने कहा, उन्होंने छोड़ी आदर्श राजनीति की गहरी छाप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सरोजनीनगर में पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री रहे शारदा प्रताप शुक्ला की जयंती शनिवार को धूम धाम से मनाई गई। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी उनकी स्मृतियों को साझा किया।

आशियाना स्थित बालाजी टेंट हाउस एवं गेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सरोजनीनगर विधायक ने शारदा प्रताप शुक्ला को याद करते हुए कहा कि, सरोजनीनगर से पूर्व विधायक और मंत्री रहे शारदा प्रताप शुक्ला ने आदर्श राजनीति की गहरी छाप छोड़ी है। विधायक ने उन्हें अपना अभिभावक तुल्य बताते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू कराए गए लतीफनगर के गर्ल्स डिग्री कॉलेज के निर्माण को पूरा कराने के लिए 13.54 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने शारदा प्रताप शुक्ला की स्मृति में सरोजनीनगर में भव्य द्वारा और एक सड़क बनाए जाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इसी क्रम में बंगला बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पर आयोजित श्रद्धांजलि और अन्नपूर्णा रसोई के कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि, शारदा प्रताप की स्मृतियां सदैव सरोजनीनगर को प्रेरणा और दिशा प्रदान करती रहेगी। इस दौरान विधायक ने अन्नपूर्णा रसोई के संचालन में 51 हजार की सहयोग राशि भी प्रदान की। विधायक के आशियाना स्थित कार्यालय पर भी शारदा प्रताप शुक्ला की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान शारदा प्रताप शुक्ला के छोटे भाई कृष्ण प्रताप शुक्ला 'नन्हके', अनिल शुक्ला, अशोक अवस्थी, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल, उमेश मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, अर्चना शर्मा, अनीता द्विवेदी, राजकुमार शुक्ला, के. के. मौर्य, राजवीर यादव, सनी भदौरिया, राकेश लोधी, प्रयाग त्रिपाठी, राजू मिश्रा, त्रिलोकी नाथ विश्वकर्मा, आशीष बाजपेई, रामशंकर दुबे, कुलदीप यादव, ओमप्रकाश उपाध्याय, चंद्र प्रकाश तिवारी, शिखर त्रिवेदी, दुर्गेश द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, अनूप रावत, विपिन द्विवेदी, रंजना मिश्रा, अनिल दुबे, एम बी सिंह, विपिन तिवारी, नीरज शर्मा, शिखर त्रिवेदी, गौरव प्रताप शुक्ला, प्रांजुल द्विवेदी, शैलेंद्र उपाध्याय, आर बी के राकेश, प्रमोद यादव, राजेश सिंह, गोपाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

झुग्गी वासी 'आप-दा' को उखाड़ फेंकेंगे: शाह

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

- कहा, दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर किसी भी कल्याणकारी योजना को बंद नहीं किया जाएगा
- केंद्रीय गृहमंत्री ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में आप-दा सरकार को उखाड़ फेंक कर झुग्गी वासी दिल्ली के मुक्तिदाता बनेंगे और भरोसा दिलाया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाती है तो गरीबों के लिए किसी भी कल्याणकारी योजना को बंद नहीं किया जाएगा।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने वादा किया कि भाजपा के चुनाव जीतने पर प्रत्एक झुग्गी वासी को एक आवास मुहैया किया जाएगा। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होना है और मतगणना आठ फरवरी को होगी। शाह ने अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ पर जय श्री राम के जोरदार उद्घोष के साथ उपस्थित लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा, जब हमने राम मंदिर की बात की तो केजरीवाल ने कहा कि शौचालय बनाने की जरूरत है, जब अनुच्छेद 370 को हटाया गया तो उन्होंने कहा कि लोगों को घर चाहिए। मोदी जी ने गरीबों को शौचालय के साथ-साथ घर भी दिया, केजरीवाल ने नहीं। केंद्रीय गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अपने 10 साल के शासन में आम आदमी पार्टी (आप) आप-दा साबित हुई है। उन्होंने आप सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झुग्गी वासियों को धोखा देने और उन्हें झुग्गियों में दयनीय स्थिति में रहने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। शाह ने शहर की झुग्गी बस्तियों में पेयजल और सीवर की कमी तथा कूड़े के ढेर का हवाला देते हुए कहा, झुग्गीवासी दिल्ली के मुक्तिदाता बनेंगे और आप-दा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने केजरीवाल पर उनके इस दावे के लिए हमला बोला कि पार्टी ने दिल्ली चुनाव के लिए अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर रमेश बिधूड़ी के नाम को अंतिम रूप दे दिया है। शाह ने कहा, क्या केजरीवाल भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप सुप्रीमो की जोड़-तोड़ को दिल्ली की जनता समझ चुकी है। शाह ने कहा, झूठ, विश्वासघात और वादों से मुकरना केजरीवाल के गुण हैं। उन्होंने आप नेता पर दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में शौचालयों के बजाय शीश महल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में झुग्गी वासियों को पेश आने वाली सभी समस्याओं और मुद्दों का समाधान भाजपा के घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हर झुग्गीवासी को पक्का मकान मुहैया कराएगी।

उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पहले कही गई बात को दोहराना चाहता हूं कि गरीबों के लिए कोई भी कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी। शाह ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में आई तो शहर की झुग्गियों को तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों को घर, राशन, सस्ती दवाइयां, ऋण और रसोई गैस दी, लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली में उनके लिए कुछ नहीं किया। शाह ने कहा कि दिल्ली के झुग्गी वासी धोखा देने, यमुना नदी को साफ करने में विफल रहने और शीश महल बनाने के पाप के लिए आप और केजरीवाल को पांच फरवरी को करारा जवाब देंगे।

भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

- करावल नगर से कपिल मिश्रा, मोती नगर से हरीश खुराना मिला टिकट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 29 उम्मीदवारों अपनी दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में कपिल मिश्रा करावल नगर सीट से और हरीश रावत को मोतीनगर सीट से उतारा गया है। इसके अलावा हाल ही में आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल होने वाली प्रियंका गौतम को कोंडली से उतारा गया है। प्रियंका गौतम 25 दिसंबर को ही आम आदमी पार्टी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुई थीं।

बता दें, कल ही उम्मीदवार की सूची को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। इससे पहले चार जनवरी को बीजेपी ने 29 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। जिसमें नई दिल्ली, कालकाजी जैसी कई हाईप्रोफाइल सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था।

वहीं सुबह भाजपा ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान गीत बहाने नहीं बदलाव चाहिए... जारी किया है। इस गीत को पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने गाया है। भाजपा ने पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शनिवार को सीएम आवास पर एक गीत व पोस्टर जारी किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रचार अभियान गीत बहाने नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए शहर की जनता का मिजाज दर्शाता है कि वह आपदा की सरकार को सत्ता से बाहर करे जिसने झूठे वादों से लोगों को धोखा दिया।

भाजपा ने घोषित किए 29 प्रत्याशियों के नाम

क्रं.	विधानसभा का नंबर एवं नाम		उम्मीदवार का नाम
1.	1	नरेला	राज करण खत्री
2.	3	तिमारपुर	सूर्य प्रकाश खत्री
3.	8	मुंडका	गजेंद्र दराल
4.	9	किराड़ी	बजरंग शुक्ला
5.	10	सुलतानपुर माजरा	कर्म सिंह कर्मा
6.	15	शकूर बस्ती	करनैल सिंह
7.	16	त्रिनगर	तिलकराम गुप्ता
8.	19	सदरबाजार	मनोज जिंदल
9.	20	चांदनी चौक	सतीश जैन
10.	21	मटियामहल	दीप्ति इंदौरा
11.	22	बल्लीमारान	कमल बागड़ी
12.	25	मोती नगर	हरीष खुराना
13.	26	मादीपुर	उर्मिला गंगवाल
14.	28	हरिनगर	श्याम शर्मा
15.	29	तिलकनगर	श्वेता सैनी
16.	31	विकासपुरी	डॉ पंकज सिंह
17.	32	उत्तमनगर	पवन शर्मा
18.	33	द्वारका	प्रद्युम्न राजपूत
19.	34	मटियाला	संदीप सहरावत
20.	35	नजफगढ़	नीलम पहलवान
21.	37	पालम	कुलदीप सोलंकी
22.	39	राजेंद्र नगर	उमंग बजाज
23.	42	कस्तूरबा नगर	नीरज बसोया
24.	52	तुगलकाबाद	रोहताश बिधूड़ी
25.	54	ओखला	मनीष चौधरी
26.	56	कोंड़ली	प्रियंका गौतम
27.	58	लक्ष्मी सिंह	अभय वर्मा
28.	65	सीलमपुर	अनिल गौड़
29.	70	करावल नगर	कपिल मिश्रा

महिला वोट पाने के लिए राजनीतिक दलों का नगदी दांव

- दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आधी आबादी को लुभाने में जुटे नेता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी प्रमुख राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को नकद अंतरण के वादे करके लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं का वादा किया है। दिल्ली में 46.2 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा छह जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कुल 1,55,24,858 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 83,49,645 पुरुष और 71,73,952 महिला मतदाता हैं।

महिला मतदाताओं को लुभाने और आप के कल्याण-केंद्रित अभियान के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिलाओं के लिए प्रति माह 2,500 रुपए की सहायता देने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपए देने का वादा किया है। कांग्रेस भी इस मामले में पीछे नहीं है और उसने प्यारी दीदी योजना पेश की है, जिसके तहत उसने दिल्ली में सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक देने का वादा किया है।

इन घोषणाओं का मतदाता पंजीकरण की गतिशीलता पर प्रभाव देखने को मिला है। 16 दिसंबर से छह जनवरी के बीच, दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय को नए मतदाता पंजीकरण के लिए अभूतपूर्व 5.1 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत (लगभग 3.4 लाख) महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। मासिक वित्तीय सहायता के वादे पर दिल्ली में महिला मतदाताओं की मिश्रित प्रतिक्रिया हैं, जो विविध आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं।

राहुल गांधी कल करेंगे सीलमपुर विधानसभा से प्रचार का आगाज

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को सीलमपुर में एक रैली को संबोधित करेंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि गांधी देश की जनता की आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी कोई मुद्दा होता है, गांधी वहां पहुंचते हैं और लोगों की आवाज उठाते हैं। निजामुद्दीन ने कहा, "कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सोमवार को शाम 5:30 बजे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में जय बापू, जय भीम, जय संविधान नाम से जनसभा को संबोधित करेंगे।

खेल मंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का किया उद्घाटन

- भारत मंडपम में 3000 से अधिक युवा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को यहां विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग और राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 3000 से अधिक युवा विषयगत चर्चाओं और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख हस्तियों में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और पत्रकार पालकी शर्मा उपाध्याय शामिल थे।मांडविया ने इस अवसर पर भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से देश की प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह करते हुए कहा, यह कार्यक्रम युवाओं ने आयोजित किया है और यह युवाओं के लिए है। महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण 12 जनवरी को कार्यक्रम के समापन दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ चयनित युवाओं के बीच बातचीत होगी।

पीएम नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए पूरे भारत के 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे।

तेज रफ्तार ऑडी ने कार को टक्कर मारी, युवक की मौत

नई दिल्ली। रिंग रोड पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक ऑडी (लक्जरी कार ब्रांड) ने एक कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मारुति सुजुकी अर्टिगा के चालक सुखजीत के रूप में हुई है। वह हरियाणा के हिसार का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस थाने को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के सामने रिंग रोड पर हुई दुर्घटना के बारे में शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के अधिकारी ने बताया, घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस टीम को पता चला कि धौला कुआं से साउथ एक्सटेंशन की ओर जा रही एक सफेद रंग की अर्टिगा कार को विपरीत दिशा से आ रही चांदी के रंग की ऑडी कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ऑडी में सवार व्यक्ति मौके से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

फर्जी मतदाता पंजीकरण करा रही भाजपा: आप

- संजय सिंह बोले, छोटी सी दुकान और बेसमेंट से दर्जनों मतदाता पंजीकरण आवेदन दाखिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह अपने नेताओं के आवासीय पतों से बड़ी संख्या में फर्जी मतदाता पंजीकरण आवेदन जमा करके निर्वाचन आयोग को धोखा देने का प्रयास कर रही है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि छोटी सी दुकान और बेसमेंट से दर्जनों मतदाता पंजीकरण आवेदन दाखिल किए गए हैं।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह

उन्होंने भाजपा पर अपने नेताओं के आवासीय पतों का उपयोग करके कई नए मतदाता पंजीकरण आवेदन जमा करने का भी आरोप लगाया। सिंह ने कहा, यह भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की वास्तविकता है।

प्रधानमंत्री मोदी की पार्टी इस तरह से चुनाव जीतने की योजना बनाती है। उन्होंने इस मुद्दे में कथित रूप से शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा नेताओं के नाम गिनाए।

सिंह ने कहा, भाजपा और उसके नेता निर्वाचन आयोग को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। यह भाजपा का चुनावी घोटाला है, जिसे उनके केंद्रीय मंत्री और सांसद अंजाम दे हैं। वे निर्वाचन आयोग की शुचिता को कमजोर कर रहे हैं। दिल्ली में मतदान पांच फरवरी को होना है जबकि परिणाम आठ फरवरी को घोषित होंगे।

गांव के निर्माण से ही शुरू होता है राष्ट्र निर्माण : आर्मस्ट्रांग पाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हंसराज कॉलेज में आयोजित एक विशेष व्याख्यान में शिक्षा मंत्रालय में निदेशक विद्यालयी शिक्षा एवं साक्षरता आईएएस आर्मस्ट्रॉन्ग पाम ने कहा गांव के निर्माण से ही शुरू होता है।

आर्मस्ट्रांग ने कहा, असली चुनौती सिविल सेवाओं में जाने के बाद शुरू होती है जब पंक्ति का आखिरी आदमी और जिले का आखिरी गांव आपकी ओर आशा और विश्वास भरी निगाह से देख रहा होता है। उन्होंने तामेंगलोंग का जिलाधिकारी रहने के दौरान उस प्रसंग का जिक्र किया जहां कई गांव सड़क आने का इंतजार वर्षों से कर रहे थे। कई व्यावहारिक समस्याएं थीं पर अपनी व्यक्तिगत बचत और क्राउड फंडिंग से 100 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करवाया जो एक सपने के सच होने जैसा था। इस अवसर पर निष्ठा के संयोजक डॉ. प्रभांशु ओझा , हंसराज कॉलेज के बर्सर प्रो. मंजीत सिंह सग्गी , डॉ. संतोष हसनू , थंपी दुहान एवं निष्ठा के अध्यक्ष प्रिंस मलिक उपस्थित रहे।

बड़े अध्याय को इतिहासकारों ने किया उपेक्षित : सहस्रबुद्धे

- कहा, अहिल्याबाई ने व्यवस्थाओं को जन सुलभ बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यकाम भवन में विभि- न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. गीता भट्ट, निदेशक एनसीडबल्यूईबी ने स्वागत वक्तव्य में वर्तमान समय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता, निर्णय क्षमता,

एकीकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व आदि के संदर्भ में भारतीय दृष्टिकोण आधारित 'स्व की खोज का मंथन' पर बल दिया।

मुख्य वक्ता नैना सहस्रबुद्धे (उपाध्यक्ष, भारतीय स्त्री शक्ति) ने लोकमाता के बहुआयामी कर प्रबंधन, राजनीतिक-प्रशासनिक-सामाजिक भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहासकारों ने अहिल्याबाई के चरित्र को हमसे छिपाया।

मुख्य अतिथि अनिल गुप्ता (सी.ए. एवं सामाजिक कार्यकर्ता) ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई के चरित्र में राम व शिवाजी के चरित्र एवं दूरदर्शिता की झलक देखने को मिलती है। प्रो. बलराम पाणि (अधिष्ठाता महाविद्यालय एवं चेयरपर्सन एन.सी.डबल्यू.ई.बी.) अहिल्याबाई होल्कर आत्मनिर्भरता, प्रतिबद्धता, दूरदर्शिता, युद्धनीति, रणनीति, प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, साहस, न्यायप्रियता, राष्ट्रीय एकीकरण व स्त्री सशक्तिकरण की श्रेष्ठ प्रतिमान हैं। कार्यक्रम में प्रो. मनोज खन्ना, डॉ. सुरेन्द्र कुमार (उपनिदेशक, एनसीडबल्यूईबी) व डॉ. प्रेमपाल सिंह (प्रभारी, पी.जी. सेंटर) सहित बड़ी संख्या में विद्वान मौजूद रहे। व्याख्यान सत्र के अतिरिक्त कार्यक्रम पांच प्रतियोगिताओं- पोस्टर निर्माण, स्वरचित काव्य, मीम्स मेकिंग, स्लोगन लेखन एवं रंगोली का आयोजन भी हुआ।

संक्षिप्त समाचार

दो सहकर्मियों पर कैंची से हमला, आरोपी फरार

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कर्दमपुरी इलाके में जींस बनाने वाले कारखाने में हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने दो सहकर्मियों पर कैंची से हमला कर दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे उस वक्त हुई थी जब शिकायतकर्ता आमिर अपने चचेरे भाई के साथ कारखाने में काम कर रहा था। आमिर के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ जब उसके सहकर्मी इंस्तकार ने उसकी (आमिर की) पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी पर आपत्ति जताने पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों के बीच हाथापाई होने लगी, जिसके बाद इंस्तकार ने आमिर और उसके चचेरे भाई पर कैंची से हमला कर दिया तथा घटनास्थल से भाग गया। आमिर ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और ज्योति नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।

वेलकम इलाके में किशोर पर चलाई गोली, घायल

नई दिल्ली। उत्तरपूर्व दिल्ली में एक व्यक्ति के कथित रूप से गोली चला देने पर 15-वर्षीय एक किशोर घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि शनिवार को उसे वेलकम क्षेत्र के बी-ब्लॉक में गोलीबारी होने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि जब पुलिस दल मौके पर पहुंचा तब उसे पता चला कि घायल किशोर को उसके पिता जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे जब वह गली में खड़ा था तब आरोपी उसके पास आया और उसे गालियां देने लगा।

60 लाख की सुपारी चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 60 लाख रुपए मूल्य की 430 बोरी सुपारी ले जा रहे एक ट्रक की चोरी में कथित रूप से शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राहुल वर्मा ने नरेला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई। अधिकारी के अनुसार, टीम ने दिल्ली के खेड़ी आसरा, झज्जर और ब्रह्मपुरी में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी को हर्ष (24) और अंकित (24), दो संदिग्धों के पास से 7,630 किलोग्राम वजन की 109 बोरी सुपारी जब्त की गई और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि 10 जनवरी को की गई छापेमारी में अमित कुमार (44), सुनील कुमार (51) और मोहम्मद कल्लू कुरैशी (56), इन तीन लोगों के पास 4,800 किलोग्राम वजन की 38 बोरी सुपारी बरामद की और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

हत्या, लूटपाट व महिलाओं के खिलाफ अपराध में आई कमी

- दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2024 के आंकड़ों को किया जारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में 2024 में हत्या, लूटपाट, बलात्कार और छेड़छाड़ जैसे अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली कमी दर्ज की गई। यह जानकारी दिल्ली पुलिस की ओर से जारी वार्षिक आंकड़ों से मिली।

आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में कमी दर्ज की गई और 2024 में बलात्कार के मामले घटकर 2,076 हो गए, जो 2023 में 2,141 थे। इसी तरह, छेड़छाड़ की घटनाएं 2,345 से घटकर 2,037 हो गईं। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में 2024 में हत्या की 504 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 2023 में हत्या की 506 घटनाएं सामने आई थीं। इसी तरह, लूटपाट के मामले 2024 में घटकर 1,510 हो गए, जो उसके पिछले साल 1,654 थे। दिल्ली में दंगों की संख्या भी 2023 में 43 से घटकर 2024 में 33 हो गई।

फाइल फोटो

कुछ अपराधों के आंकड़े अपरिवर्तित रहे, क्योंकि 2023 और 2024 दोनों वर्षों में डकैती के 29 और फिरौती के लिए अपहरण के 13 मामले दर्ज किए गए। हालांकि, चिंता के क्षेत्र अभी भी बने हुए हैं, क्योंकि दिल्ली में घातक दुर्घटनाओं और सेंधमारी की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है। घातक दुर्घटनाएं 2023 में 1,432 से बढ़कर 2024 में 1,504 हो गईं, जबकि सेंधमारी की घटनाओं की संख्या 29,000 से ज्यादा हो गई, जो 2023 की तुलना में 400 से अधिक की वृद्धि दर्शाती है।दूसरी ओर, कई अपराधों में उल्लेखनीय कमी देखी गई। छिनैती के मामले 2023 में 7,886 से घटकर 6,493 हो गए। मोटर वाहन चोरी में मामूली सुधार हुआ, जिसके मामले 40,045 से घटकर 39,976 हो गए। चोरी, जो दिल्ली में सबसे ज्यादा दर्ज किए जाने वाले अपराधों में से एक है, 2024 में उसके 1,17,563 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के 1,58,965 मामलों से काफी कम है। साधारण दुर्घटना के मामलों में भी सुधार हुआ, जो 2023 के 4,283 से घटकर 2024 में 4,069 हो गए।

आंकड़ों के अनुसार, शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में भी मामूली कमी देखी गई और 2024 में ऐसे 3,526 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में ऐसे 3,579 मामले सामने आए थे। हालांकि, आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में तेज वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2023 के 5,951 मामलों से बढ़कर 6,445 हो गए। इसी तरह, जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में मामूली वृद्धि देखी गई, जो 2023 में 3,534 से बढ़कर 2024 में 3,556 हो गए।

एनडीपीएस अधिनियम के तहत भी मामले 2023 में 1,325 से बढ़कर 2024 में 1,789 हो गए। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपराध में समग्र गिरावट का श्रेय बेहतर कानून प्रवर्तन रणनीतियों और लक्षित अभियानों को दिया।

ठगी के आरोप में ट्रैवल एजेंसी मालिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने विदेश यात्रा का पैकेज बुक करने के नाम पर लोगों से ठगी के आरोप में एक ट्रैवल एजेंसी के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान रोहिणी निवासी पंकज बजाज (36) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार बजाज कई महीनों से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 20,000 रुपए का इनाम रखा गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एक ग्राहक से 3.25 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में बजाज के खिलाफ राजौरी गार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने हांगकांग के एक यात्रा पैकेज के लिए 15 जुलाई, 2023 को यह रकम चुकाई थी, लेकिन इसके बाद बजाज ने अपना ऑफिस बंद कर दिया और पैसे लेकर गायब हो गया।

संगम की रेत पर बहेगी न्याय की गंगा

महाकुम्भः 45 दिन लगातार श्रद्धालुओं के बीच रहेंगे जज-लोकायुक्त सूचना आयुक्त और वकील सीएम योगी के निर्देश पर महाकुम्भनगर में किया जा रहा विशेष इंतजाम

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ इस बार न सिर्फ अध्यात्म और आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि न्याय पारदर्शिता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी संदेश देगा। महाकुम्भ नगर में न्यायाधीश कॉलोनी के साथ लोकायुक्त सूचना आयुक्त के कॉटेज सहित बार काउंसिल के लिए भी सेटअप तैयार किए जा रहे हैं। यहां 45 दिनों तक जज लोकायुक्त सूचना आयुक्त और वकील सीधे जनता के बीच रहेंगे। साथ ही उन्हें न्याय सूचना के अधिकार से जुड़े हर पहलू की जानकारी देंगे। यहां महाकुम्भ नगर के सेक्टर 23 स्थित न्यायाधीश कॉलोनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। यहां सेक्टर 23 और किला घाट के पास दो जगहों पर 150 से अधिक कॉटेज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर महाकुम्भनगर के जिम्मेदार सभी तैयारियां पूरी करने में युद्धस्तर पर जुटे हैं।महाकुम्भ नगर के सेक्टर 23 स्थित न्यायाधीश कॉलोनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि महाकुम्भ नगर में श्रद्धालु सिर्फ आध्यात्मिक अनुभव ही नहीं बल्कि अपने अधिकारों और न्याय पाने के डिजिटल उपकरणों के बारे में भी सीखें। यह महाकुम्भ सिर्फ संगम का मेला नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का अवसर है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सेक्टर चार में खोया पाया केंद्र के पास एक शिविर शुरू किया है। इसमें वकील कानूनी सहायता देने के साथ जनता को जागरूक भी करेंगे। उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने बताया कि महाकुम्भ में आकर श्रद्धालु सूचना के अधिकार का कैसे उपयोग करना है यह सीख सकते हैं।

आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है महाकुम्भःयतीन्द्र

प्रयागराज। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के बैनर तले विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित महाकुम्भ दर्शन शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को महाकुंभ क्षेत्र में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान यतींद्र और अध्यक्ष के रुप में डॉ दिव्यकान्त शुक्ल अध्यक्ष विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि के रुप में हेमचन्द्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं डॉ कीर्तिका अग्रवाल निदेशक वात्सलय हॉस्पिटल तथा विशेष उपस्थिति के रुप में डॉ राम मनोहर सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती एवं डॉ तेजस्विनी अनंत कुमार अदम्य चेतना फाउण्डेशन रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथिगणों द्वारा मॉ सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुआ। विक्रम बहादुर सिंह परिहार प्रान्त प्रचार प्रमुख काशी प्रान्त ने अतिथियों का परिचय एवं सम्मान कराया। प्रदेश निरीक्षक शेषधर कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखा। कहा कि महाकुम्भ का यह आयोजन विश्व का सबसे बड़ा आयोजन होता है। जिसमें एक साथ इतनी बड़ी संख्या मे लोग एक जगह पर कुछ समय के लिए एकत्रित होते है। विद्या भारती का यह शिविर 11 जनवरी से प्रारम्भ होकर 26 फरवरी तक चलेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विशेष रुप से घोष शिविर तथा संस्कार केन्द्र के भैया बहनों का सपरिवार कुम्भ दर्शन प्रमुख है। मुख्य अतिथि ने कहा कि कुंभ मेला देश में एक केंद्रीय आध्यात्मिक भूमिका निभाता है जो आम भारतीयों पर एक जादुई प्रभाव डालता है। यह घटना खगोल विज्ञान ज्योतिष आध्यात्मिकता कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक और सांस्कृतिक रीति रिवाजों और ज्ञान को अत्यंत समृद्ध बनाती है। जैसा कि हम जानते हैं यह मेला भारत में चार अलग अलग शहरों में आयोजित होता है। इसमें विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल होती हैं। जिससे यह सांस्कृतिक रूप से विविध त्योहार बन जाता है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला पवित्र घड़े का उत्सव पृथ्वी पर तीर्थयात्रियों विश्व का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण समागम है। जिसके दौरान बड़ी संख्या में सनातनी पवित्र नदी में स्नान करते हैं या डुबकी लगाते हैं। भक्तों का मानना है कि गंगा में स्नान करने से व्यक्ति पापों से मुक्त हो जाता है और जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। बिना किसी आमंत्रण के लाखों लोग इस स्थान पर पहुंचते हैं। समागम में तपस्वी संत साधु आकांक्षी कल्पवासी और आगंतुक शामिल होते हैं। विशिष्ट अतिथि हेमचन्द्र ने कहा कि महाकुम्भ के अवसर इस शिविर को लगाने का मुख्य ध्येय अपनी भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाना है। इस शिविर के माध्यम के विद्या भारती के अंतर्गत चलने वाले संस्कार केन्द्र के भैया बहनों एवं उनके अभिभावाकों को इस महाकुम्भ के दर्शन कराकर उन्हे अपनी संस्कृति के विराट स्वरुप का परिचय कराना है। उन्होने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में गंगा यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी के संगम तट पर 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ की शुरुआत होने जा रही है। सनातन धर्म में महाकुंभ का विशेष महत्व है। इस मेले का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। मान्यता है कि इस दौरान गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है तथा जीवन में आने वाले सभी समस्याओं का निवारण होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ दिव्यकान्त शुक्ल ने कहा कि सनातन धर्म में महाकुंभ का विशेष महत्व है। हर छह साल बाद अर्धकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रत्येक 12 वर्ष बाद महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। वर्षों से इस दिन का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। लगभग 12 वर्षों बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है। जिसमें दुनियाभर के लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के मंत्री शरद गुप्त ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन ज्वाला देवी सिविल लाइन्स की बहन अंशिका ने विद्यालय के आचार्य सन्तोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया।

नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगजन सशक्तीकरण के प्रकल्प संचालित कर मनाएगा दिव्य महाकुंभ

प्रयागराज। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ प्रयागराज का आरंभ 13 जनवरी से होने जा रहा है। इस पुण्य दायी मौके पर महाराणा प्रताप की पुण्य धरा उदयपुर से मेले में शामिल होने वाले नारायण सेवा संस्थान द्वारा विभिन्न सेवा के प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। विशेष रूप से नारायण सेवा संस्थान समाज के दिव्यांग बंधु बहिनों को मुख्यधारा में लाने के लिए निशुल्क सेवाएं देकर दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ मनाएगा। मेले में दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग और कैलिपर्स कार्यशाला चलेगी तथा कृत्रिम अंगों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नारायण खालसा अन्नपूर्णा मार्ग सेक्टर 18 में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान निदेशक एवं ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा ने बताया कि मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ मेले में नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग कैलीपर्स की सेवाएं दी जाएंगी मोबाइल कंप्यूटर सिलाई प्रशिक्षण और ऑपरेशन के इच्छुक दिव्यांगों को उदयपुर मुख्यालय भेजा जाएगा। संस्थान द्वारा कुंभ के श्रद्धालुओं संतों और संस्थान सदस्यों के लिए निशुल्क भंडारे की व्यवस्था कर रहा है। रोज हजारों लोग भंडारे से लाभान्वित होंगे। संस्थान की कृत्रिम अंग कार्यशाला से महाकुंभ में ही मॉड्युलर नारायण लिंब निशुल्क प्राप्त कर अपनी रुकी हुई जिंदगी को फिर गति प्रदान करेंगे।

12 जनवरी को सुबह बजे होगा पताका पूजनः नारायण खालसा के निर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर साधु कैलाश दास महाराज की प्रेरणा से इस सातवें महाकुंभ में संस्थान शरीक हो रहा है। कैलाश दास महाराज के शिष्य और सुपुत्र सेवक प्रशांत भैया की मौजूदगी में निर्मोही निर्वाणी और दिगंबर अखाड़े के पूजनीय संत महंतों के सानिध्य में 12 जनवरी को सुबह दस बजे वैदिक मंत्रों और हनुमान जी महाराज के आह्वान के साथ पताका पूजन समारोह संपन्न होगा। इसके बाद भंडारे की सेवा और दिव्यांगजन हितार्थ सभी सेवाएं सुचारू शुरू हो जाएगी। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने कहा संस्थान द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण थीम पर प्रतीक रूप में 11 दिव्यांगों को संगम तट पर ले जाकर पुण्यदायी कुम्भ डुबकी लगाई जाएगी तथा उनका सम्मान किया जाएगा। नारायण सेवा के ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा और जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ सेवाओं का पोस्टर जारी किया। इस दौरान संस्थान के अनिल आचार्य रोहित तिवारी और अरुण ब्राह्मण मौजूद रहे। 21 हजार कंबल और ऊनी वस्त्र वितरण का संकल्प हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति में कुंभ जैसे दुर्लभ अवसर पर भोजन वस्त्र और अन्नदान का विशेष महत्व है। ऐसा कहा जाता है जो बाटोंगे वो ही पाओगे तथा महाकुंभ के दौरान दान करने से हजार गुना होकर फलीभूत होता है। इसीलिए नारायण खालसा द्वारा भंडारे के अलावा सर्दी की ठिठुरन से बचने के लिए वस्त्र कंबल मफलर टोपा मोजे और जूते जरूरतमंदों को बांटे जाएंगे। हमने 21 हजार का लक्ष्य रखा है।

विश्व हिंदी दिवस पर विचार व काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

बीजपुर/सोनभद्र। सोन संगम शक्तिनगर के सौजन्य से विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रेणुकूट के जिला प्रचारक शिव प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि तथा उपस्थित कवियों का स्वागत करते हुए डॉ0 मानिक चंद पांडेय ने विश्व हिंदी दिवस 2025 की थीम एकता एवं सांस्कृतिक गौरव का वैश्विक आगाज के महत्व को उद्घाटित करते हुए कहा कि, आज पूरी दुनिया में हिंदी ने अपने महत्व का लोगों को एहसास करवाया है। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक आदान प्रदान के लिए हिंदी से उपयुक्त विश्व की कोई भाषा नहीं है। क्योंकि हिंदी में हम जो बोलते हैं वही लिखते भी हैं, जो प्रायः अन्य भाषाओं में देखने को नहीं मिलता है। मुख्यवक्ता प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज खड़िया राजीव कुमार ने कहा कि हिंदी का व्याकरण एवं उच्चारण इतना मजबूत है कि संपूर्ण विश्व आज हिंदी का कायल बना हुआ है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर के डॉ0 छोटेलाल प्रसाद ने कहा कि हिंदी का विश्व स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना ही इस आयोजन का मूल उद्देश्य है। विवेकानंद इंटर कॉलेज शक्तिनगर के वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापक अनिल चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदी के माध्यम से संपूर्ण विश्व की लोगों को भारत की गौरवशाली अतीत एवं उनके कार्य क्षमता का ज्ञान करवाना ही सबसे बड़ा उद्देश्य है। ज्योति कुमारी ने कहा कि हिंदी से हमारे संस्कार की सुगंध आती है। इस अवसर पर काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ कवि मांहिर मिर्जापुरी अज़ीम सायर सचिन मिश्रा बृजेश पांडेय ने कविताएं सुना कर लोगो की जम कर वाह वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन डॉ मानिक चंद पांडेय व रमाकांत पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार दुबे ने किया।

सोन संगीत फाउंडेशन के संगीत महोत्सव में जम कर झूमे श्रोता

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के विवेकानंद प्रेक्षागृह में शुक्रवार की रात सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में सोन संगीत महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक गायिका नंदिनी स्वराज व डॉ0 ओंकार सिंह समेत अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुत से श्रोताओं को बांधे रखा, नंदिनी स्वराज ने जैसे ही देवी गीत प्रस्तुत किया कहवा लगलु इतनी देर मैया सुनाया तो पूरा हाल भक्ति में झूम उठा, वही भोजपुरी गीत ले ले आईहा पिया सिंदूर बंगाल से सुन कर लोगों का दिल जीत लिया, डॉ0 ओंकार सिंह ने हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह सुनाया तो तालिया की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गुज उठा, इसके बाद अंजली सिंह ने देवी गीतों के माध्यम से माहौल को बांधे रखा, इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 धर्मवीर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल द्विवेदी, इसका पाण्डेय, कमलेश सिंह, अतुल सिंह, अमित सिंह, लालता प्रसाद मिश्रा मिथिलेश मिश्रा पुष्पा सिंह गुड़िया त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

साहित्यकारों को किया गया सम्मानितःसोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सोन संगीत महोत्सव के दौरान सोन संगीत फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार दिवाकर द्विवेदी मेघ, अशोक तिवारी, प्रदुम्न त्रिपाठी, प्रभात सिंह चन्देल, दिलीप सिंह दीपक, कवित्री कौशल्या कुमारी चौहान व दिव्या राय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

विद्युत चेकिंग करने गए कर्मचारियों पर गांव के अराजक तत्वों ने किया हमला

गाजीपुर। जनपद के जमानिया तहसील अंतर्गत नगसर थाना क्षेत्र के नगसर मीर राय गावं में शनिवार को विद्युत चेकिंग और ओटीएस पंजिकरण कराते समय आधा दर्जन मनबढो ने विद्युत टीम पर हमला कर दियाएजिसके कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। मनबढो ने अवर अभियंता आशीष कुमार यादवएएसडीओ प्रवीन मौर्याएलाइनमैन महादेव और शहजाद के साथ मारपीट करते हुए गाली.गलौज देते हुए लाठी.डंडा लेकर दौडा लियाएऔर जान से मारने की धमकी देने लगेएइसकी सूचना विद्युत विभाग की टीम ने थाना पुलिस को दिया। खुद को पकडे जाने के डर से हमलावर फरार हो गयेएसूचना पर आननफानन में भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंचएआरोपितों की तलाश में जुट गईएइधर इस हमले के बाद विद्युत टीम थाने पर पहुंचीए और इसकी सूचना अपने विभागीय अधिकारियों को देने के साथ ही अवर अभियंता आशीष कुमार यादव ने आधा दर्जन के खिलाफतहरीर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामलें की छानबीन शुरू कर घायल सभी विद्युत कर्मियों को मेडिकल मुआयना के लिए रेवतीपुर सीएचसी भेंज दिया। वहीं इस हमलें की जानकारी मिलते ही आक्रोशित अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्कर अन्य विद्युत कर्मियों संग नगसर हाल्ट थाना पहुंच गये। अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्कर ने बताया कि उक्त विद्युत अधिकारी टीम के साथ नगसर मीर राय में चेकिंग और ओटीएस पंजिकरण कराने गये थेएकि इसी बीच बकाए और अवैध कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग कर रहे लोगों का जैसे ही कनेक्शन काटे जाने लगा मनबढो ने जेईएएसडीओ और दो लाइनमैनों के साथ मारपीट शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर 24 घंटे में हमलावर गिरफ्तार नहीं हुए तो विद्युत कर्मी कार्य बहिष्कार शुरू करने के साथ ही इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप्प कर देगेंएजिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया विद्युत टीम पर हमला करने वालों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर उनकी तलाश की जा रही हैएजल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्करए एसडीओ प्रवीन मौर्याए एसडीओ लोकेश कुमारएअवर अभियंता आशीष कुमारएजेई तारा शंकरएजेई शशिकांतए जेई इंद्रजीत पटेलएपवन सिंहएबाबू खानए सतेंद्रए महादेवए शहजादए जीवनए रितेशएअनिल आदि मौजूद रहे।

अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष पर समारोह आज, चित्र प्रदर्शनी देखने जुटेंगे सैकड़ों लोग

मिर्जापुर। अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष का आयोजन आयोजन समिति की ओर से रविवार 12 जनवरी को अपराह्न दो बजे से नगर के अनगढ स्थित भोला गार्डन में भव्य समारोह पूर्वक होने जा रहा है। इसमे माता होल्कर से संबंधित चित्र प्रदर्शनी भी सजाई गयी है। समारोह की तैयारियां पूरी हो गयी हैए जिसमें एक हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे। इस सम्बन्ध मे अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष समारोह की अध्यक्ष एवं बिनानी पी जी कालेज की प्राचार्या डाण् वीना सिंह ने बताया कि इतिहासकारों की ये बहुत बड़ी भूल रही है कि इतिहास में जो सम्मान अहिल्याबाई होल्कर को मिलना चाहिएए था वो नहीं मिला। अहिल्याबाई के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए प्रोफेसर वीना सिंह ने कहाकि ये शासकों का धर्म था कि योग्य शासकए अद्वितीय वीरांगनाए निर्भीक एवं दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व की धनी रानी के बारे में बच्चों को पढाया जाताए किन्तु ऐसा नहीं हुआ। अब आयोजन समिति ने निश्चय किया है कि जन जन को उनके प्रेरक व्यक्तित्व से परिचित कराएंए ताकि भावी पीढ़ी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित हो सके। समिति की कमला सिंह पाल ने बताया कि आयोजन समिति की ओर से 12 जनवरी को नगर के अनगढ स्थित भोला गार्डन में एक बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है। इसमे चित्र प्रदर्शनी भी सजाया गया है। प्रदर्शनी के चित्रों को देख. पढ़कर भी लोग अहिल्याबाई के व्यक्तित्व कृतित्व से परिचित हो सकेंगे। समारोह का मुख्य उद्देश्य है कि अहिल्याबाई होल्कर के बारे में हमारी पीढ़ी जान सके। उन्होंने यह भी कहाकि उनके जन्म के त्रिशताब्दी वर्ष पर पूरे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कि पूरा देश उनके त्यागए बलिदान और उनकी न्यायप्रियता के बारे में जान सके। आयोजन समिति की कमला सिंह पाल ने बताया कि पूरे देश मे अहिल्या माता का त्रिशताब्दी वर्ष अलग अलग तिथियों मे मनाई जा रही है। ताकि हमारी भावी पीढ़ी उनसे परिचित हो सके। तैयारियां की व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को कार्यक्रम स्थल भोला गार्डन में विभाग प्रचारक प्रतोष कुमारए जिला संघचालक शरद चंद उपाध्यायएजय सिंह पालए डाली अग्रहरी सहित मयंक गुप्ता आदि पहुंचे और व्यवस्था को सुदृढ़ किया।

थाना समाधान दिवस का आयोजन

सोनभद्र। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा थाना चोपन पर तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने सर्किल क्षेत्र पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। निर्देश दिया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जनपद में पुलिस से सम्बन्धित प्राप्त कुल 14 प्रार्थना पत्रों में से 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण तथा राजस्व से सम्बन्धित कुल 122 प्रार्थना पत्रों में से 64 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, कुल 136 प्रार्थना पत्रों में से 74 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर रखे पुआल में लगी आग

सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डूमरडीहा गांव में शनिवार को दोपहर घर के बाहर रखी पुआल के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे पुआल की ढेर सहित, मवेशियों के रहने के लिए बनाया गया छाजन व एक कमरे का आंशिक हिस्सा जल गया, घटना से पीड़ित परिवार को हजारों रुपयें की क्षति बताई जा रही है, पीड़ित परिवार की लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचित कर समरसेबुल पम्प के सहारे आग पर काबू पाने में जुटे रहे, करीब ढाई घंटे बाद पहुँची दमकल की वाहन से सम्पूर्ण रूप से आग पर काबू पा लिया, घटना की सूचना हल्का लेखपाल सहित पुलिस कर्मियों को दे गई, पुलिस कर्मी घटना की छानबीन में जुट गए है डूमरडीहा निवासी माधो प्रसाद के घर के बाहर पुआल का ढेर रखा हुआ था जिसे बेचने के लिए खरीदार से सौदा भी हो चुका था लेकिन शनिवार की दोपहर घर के बाहर रखे पुआल में किसी अवांछनी तत्व ने आग लगा दी।

अराजकतत्वों ने एक ही गांव में जला डाली तीन बाइक

मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

गाजीपुर। जनपद के सुहवल थाना क्षेत्र के ढढनी भानमल राय गाँव में बीते शुक्रवार की देर रात्रि को? एक अज्ञात अराजक तत्व ने बीच गाँव में तीन अलग अलग जगहों पर दरवाजे के समीप खडी बाइकों को आग के हवाले कर दिया जिसके कारण बाइकें धू.धू कर जलने लगी। इसकी जानकारी ग्रामीणों एवं बाइक स्वामियों को तब हुई जब टंकियां तेज धमाके के साथ फटने लगीएधमाके से सहमें घरों से बाहर नहीं निकलेए जब छत पर पहुंच देखा तो बाइकें तेज आवाज के साथ धू.धू कर जल रही हैए इसके बाद तो लोगों में अफरातफरी मच गई। तुरंत ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर तीन अलग अलग जगहों पर फूंकी गई बाइकों में लगी आग की लपटे इतनी तेज थी कि कोई पास जाने की जहमत नहीं उठा पा रहा थाए इसके बाद लोगों ने? इसकी सूचना पुलिस के 112 डायल को दियाएसूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन शुरू कर दी। लोग जल रही बाइकों को निजी संसाधनों के सहारे बुझाने में जुट गयेएकरीब दो घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकाएमगर तीनों बाइकें जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना में चंदन वर्मा की अपाची 180 सीसीएअनिल खरवार की पैसन प्रो और सोनू राय की स्पेंडर बीएस 6 बाइक पूरी तरह से जल गई। वहीं इस गंम्भीर घटना को अंजाम देने वाले अराजक तत्व आग लगाकर जाते समय जगह जगह लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयाएजिसमें वह अपना चेहरा पूरी तरह से बाधें हुए हैएऔर घटना को अंजाम देने के बाद वह तेजी से पैदल ही भाग रहा है। ढढनी भानमल राय गाँव के अंदर हुई इस वारदात के कारण ग्रामीण पूरी तरह से भयभीत नजर आ रहे हैएलोग इस घटना का जल्द पर्दाफाश करने के साथ ही आरोपी को जल्द दबोचने की मांग कीएइस घटना में करीब चार लाख के नुकसान होने की बात लोगों ने बताई। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि घटना की जानकारी मिली हैएमुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन करने के साथ ही इस वारदात को अंहाम देने वाले की तलाश में जुटी हैएजल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा।

अगर किसान जिएगा, तो भारत जिएगा

मड़िहान। मिर्जापुर मड़िहान क्षेत्र के किसानों का बुरा हाल है। दरअसल इसका कारणए कम योग्य कृषि भूमि व लगातार बढ़ते कृषि लागत ए महंगे होते कृषि उपकरणए महंगे कृषि रसायनए किसान इसी लागतों को पुरा करते एकरते आधे पेट खा कर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। कर्ज कहा से चुकायें। लगातार बकायादार होता चला जा रहा है। मजबूरी यह है कि स्ट्रा पैसा खेती से निकलता ही नहीं कि कर्ज चुका सकें।वह अन्नदाता किसान जो खेती करके सबका पेट भरता है लेकिन आलम यह है कि भूख ए गरीबी उसकी तकदीर बन गई है। ऊपर से कर्ज में डूबा बदहाली में रो रहा है। बैंकों के तानाशाही सहन कर रहा है। बैंकए प्रशासन खेत खलिहानों से पकड़ कर अर्ध ढके शरीर किसानों को बकाया वसूली में जेल भेज रहे हैं। खामोश वगैर विरोध किये एजेल काटने को मजबूर हैं। हमारे देश के लगभग दो तिहाई जनता के लिए खेती ही जीने का साधन है। खेती देश के अर्थ व्यवस्था का एक अहम साधन है। कहा? जा सकता है अगर किसान खुशहाल रहेगा तो भारत खुशहाल रहेगा। अन्न उपजाकर देश को खिलाने वाले किसानों का कर्ज माफनहीं किया जा सकता। महाकुंभ में 5060 करोड़ का बजट दिया जा सकता है। लाव लश्करए कुंभ मेले के क्षेत्र बनावट के लिए वो भी कुछ दिनों के लिए। उसके बाद टोटल बजट का बर्बादी। माना आस्था माने रखती हैं। लेकिन किसानों की संबृद्धि देकर की जाय तो भगवान सारी आस्था घर बैठे कबूल करेगा भगवान को भी किसान बहुत प्रिय है। वेदों पुराणों में बखान किया गया है।किसानों की हर क़र्ज़ माफकरने की बहुत जरूरत है। बदहाली इनकी इस कदर है कि किसानों को न्युनतम पोषक तत्व भी नहीं मिल पाते। नेशनल न्युट्रेशन मानिट्रेरिंग ब्यूरो की मानें तो 35ः ग्रामीण अल्प पीड़ित पाये गये।42ः ग्रामीण बच्चों का वजन सामान्य से कम निकला। ज्यादातर ग्रामीणों के खेतिहरों के परिवार ग़रीबी से पीड़ित हैं। उनके लिए खेती करना रोजी.रोटी चलाने का एक मात्र साधन है। अच्छी आमदनी का सपना भी नहीं देख सकते हैं। इसलिए सरकारों को उनके लिए कुछ करना होगा। जिससे किसानों का भी जीवन बेहतर वन सकें।

डीएम से लगायत आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान

गाजीपुर। जनपद के नगर क्षेत्र रौजा पर नाला के कृष्णापुरी कालोनी में मेन नाला जाम होने से मुहल्ले में नाले का पानी घुस जाने से लोग संक्रमित हो रहे है। वही मुहल्ले वासी लगातार डीएम से लगायात आईजीआरएस पोर्टल पर बार बार शिकायत की जा रही हैए परंतु अधिकारियों को जू तक नहीं रेंग रहा है। वही मोहल्लेवासी ने अपने ग्राम प्रधान पर भी गंभीर आरोप लगाते हुवे बताया कि ग्राम प्रधान कभी भी मुहल्ले का और मेन नाला साफनहीं करवाते है और नाही कभी इस मुहल्ले में सफाई कर्मी आते है जिनकी इन लोगो की लापरवाही से लगातार मोहल्लेवासियों में संक्रमण फैलने की आशंका बराबर बनी हुई है। वही मोहल्लेवासी अनिल पांडेयएकैलाश उपाध्यायए बीके रायएअजीत दुबेएउमेश दुबे सहित समस्त क्षेत्रवासियों में पानी निकासी नहीं होने पर रोष व्याप्त है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 12 जनवरी, 2025

महाकुम्भ में एक देश, एक चुनाव पर व्याख्यान में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ प्रयागराज के मेला परिसर में धर्म, आध्यात्म और संस्कृति के साथ ही समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श और व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाकुम्भ में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा आयोजित व्याख्यान की श्रृंखला में एक देश, एक चुनाव विषय पर 18 जनवरी को व्याख्यान आयोजित होगा जिसमें पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। महाकुम्भ में मिशन के शिविर प्रभारी डॉ सनी सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर स्थल पर व्याख्यान की श्रृंखला में सात विषयों पर 12 जनवरी से छह फरवरी तक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम व्याख्यान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म की वैश्विक दृष्टि , दूसरा व्याख्यान 17 जनवरी को भारत की गौरव गाथा बनाम आत्महीनता की भावना , तीसरा व्याख्यान 18 जनवरी को एक देश, एक चुनाव- आर्थिक राजनीतिक सुधार एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित किया जाएगा। सिंह ने बताया कि चौथा व्याख्यान 20 जनवरी को वैश्विक आतंकवाद समाधान - भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में , पांचवा व्याख्यान 25 जनवरी को भारत की अखंडता भौगोलिक और राजनीतिक चुनौतियां , छठा व्याख्यान 31 जनवरी को लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में और सातवां व्याख्यान छह फरवरी को सोशल मीडिया पर निजता और सुरक्षा- युवाओं के परिप्रेक्ष्य में विषय पर आयोजित होगा। इन व्याख्यानों में ख्यातिलब्ध और विषय विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखेंगे।

आचार्य महामण्डलेश्वर बालकानन्द की प्रवेश यात्रा में शामिल हुए मंत्री नन्दी

यागराज। आस्था अध्यात्म एवं परम्परा के साथ सनातन धर्म के सबसे पावन महापर्व महाकुम्भ में तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा के पावन अगुवाई में आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्त श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानन्द महाराज के महाकुंभ प्रवेश शोभायात्रा उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी सम्मिलित हुए। जो विशाल रथ पर बालकानंद महाराज के साथ उपस्थित रहे। प्रवेश यात्रा में प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ ही अग्रवाल समाज एवं अन्य वैश्य समाज के प्रतिष्ठित उद्यमी व्यापारी आदि शामिल हुए। बड़ी संख्या में साधु संत महात्मा एवं नागा सन्यासी भी शामिल हुए। प्रयागराज शहर वासियों ने महाकुंभ प्रवेश यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। अग्रसेन चौक मारवाड़ी धर्मशाला चंद्रलोक चौराहा से प्रवेश यात्रा शुरू हुई। गाजे बाजे झंडा बैनर पोस्टर हाथी घोड़ा ऊंट बग्घी रथ के साथ नगर का भ्रमण करते हुए कुंभ मेले में प्रवेश किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि महाकुंभ में साधु संतों के अखाड़ों का छावनी प्रवेश एक भव्य और धार्मिक आयोजन है। तपोनिधि श्री आनंद अखाड़ा पंचायती की पेशवाई वास्तव में एक आकर्षक और अद्वितीय दृश्य था। महाकुंभ में अखाड़ों का छावनी प्रवेश एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो सनातन धर्म की परंपरा और संस्कृति को दर्शाता है। यह आयोजन लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म साक्षात्कार की ओर प्रेरित करता है।प्रवेश यात्रा में मंत्री नन्दी के साथ ही उद्यमी विनीत लोहिया नंदकिशोर अग्रवाल गोपाल गोयल राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन श्याम जी अग्रवाल अशोक अग्रवाल लालू मित्तल रमन गुप्ता राजकिशोर अग्रवाल प्रीति अग्रवाल केके अग्रवाल अमरनाथ अग्रवाल योगेश गोयल संजय अग्रवाल दीपक अग्रवाल लड्डू प्रमोद बंसल महारानी चाय श्वेता मित्तल शशांक मित्तल आदि शामिल हुए।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में विश्व हिंदी दिवस पर कायक्रम आयोजित

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में शुक्रवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह की अध्यक्षता में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोर कार्यालय के सतर्कता विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक डा ब्रजेश खरे ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी आज पूरे विश्व में बोली और समझी जाने लगी है। उन्होंने कहा कि आज कवि सम्मेलन अखिल भारतीय स्तर से ऊपर उठकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने लगे हैं। साथ ही कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा बन गई है। रंजना गुप्ता कार्यालय अधीक्षक ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक गीत प्रस्तुत किया। ललित रंजन निजी सचिव वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने भी विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अपना वक्तव्य दिया।समारोह में मुख्यालय के संदीप श्रीवास्तव वरिष्ठ विधि अधिकारी मृदुल श्रीवास्तव सहायक सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक वृजेन्द्र सिंह ने किया। यह जानकारी कल्याण सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कोर प्रयागराज ने दी।

सूबेदारगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन

प्रयागराज। सूबेदारगंज स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार से जीटी रोड स्थित चौफटका के लिए आवागमन को शुरू कर दिया गया। सूबेदारगंज स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के शुरू होने से यात्रियों के सुलेमसराय जीटी रोड की ओर आवागमन सुगम हो गया है। महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए रेलवे प्रशासन ने सूबेदारगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को उन्नत किया है। महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल द्वारा यात्रियों के लिए टिकट वितरण आश्रय खानपान व्यवस्था पेयजल सर्कुलेटिंग एरिया होल्डिंग एरिया रेल कोच रेस्टोरेंट नया ऊपरी पैदल पुल यात्री आरक्षण काउंटर वेटिंग रूम वेटिंग हॉल व्हील चेयर खानपान प्राथमिक चिकित्सा प्लेटफार्म शेल्टर बेंच शौचालय इत्यादि की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। सुबेदार स्टेशन से जोड़ेने वाले मार्गो का चौड़ीकरण भी किया गया है। सात जनवरी से सुबेदारगंज स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश मार्ग सुलेम सराय साइड पर नए बुकिंग ऑफिस का संचालन शुरू कर दिया गया है। बुकिंग ऑफिस में दो अनारक्षित टिकट काउंटर और एक सहायता केंद्र बनाया गया है। नए बुकिंग ऑफिस के खुलने से सुलेमसरय साइड से आने वाले यात्रियों को टिकट लेने में सुविधा होगी। सुबेदारगंज स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य स्नान पर्वों पर एक दिन पूर्व से दो दिन बाद तक झलवा साइड से प्रवेश दिया जाएगा एवं सुलेम सराय साइड से निकासी की जाएगी।

सपनों को पूरा करने के लिए युवाओं को विदेश जाने की जरूरत नहीं:राजनाथ सिंह

भाषा। मेरठ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि आज युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं है। सिंह ने आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कोई भी काम छोटे मन से न करें, बल्कि मन बड़ा रखें क्योंकि मन बड़ा होगा तो सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। सिंह ने कहा, आज अगर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। हमारे देश के हीरो हमारे युवा हैं। कोरोना महामारी में हमने चुनौतियों को एक अवसर के रूप में देखा जिससे भारत स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर लगातार आगे बढ़ रहा है। दीक्षांत समारोह में राजनाथ सिंह का स्वागत आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता, प्रति कुलाधिपति डॉ. मयंक अग्रवाल ने किया। राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए तीन पी यानि पेशेंस, पर्सिस्टेंस औ2353ी प्रीजर्वेंस का मंत्र दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही अगर आप में प्रतिभा है, दृढ़ इच्छाशक्ति है, स्पष्ट दृष्टि और कठिन परिश्रम करने की क्षमता है तो कोई भी आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अच्छे विचार के साथ आने वाले विद्यार्थियों के लिए संसाधनों और अवसरों की कमी नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर भारत के लोगों और वैज्ञानिको द्वारा बनाए जा रहे हैं। हम उनका केवल उपयोग ही नहीं कर रहे हैं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी निर्यात करने का कार्य कर रहे हैं। एक लाख 30 हजार स्टार्टअप देश में काम कर रहे हैं। आज भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। सिंह ने समारोह में 25 मेधावियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण-पत्र और उपाधियां प्रदान कीं। इ स के अलावा, दीक्षांत समारोह में तीन सत्रों के 275 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल के साथ प्रमाण-पत्र और उपाधियां दी गईं।करीब चार हजार विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उपाधियां वितरित की गईं।

शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का करें निदान: मंडलायुक्त: चित्रकूट। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली कर्वी में सम्पन्न हुआ। शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण के लिए आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में एवं पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली कर्वी में किया गया।

चंदौसी में प्राचीन बावड़ी का अतिक्रमण कर बनाए गए मकान का कुछ हिस्सा मालिक ने खुद गिराया

संभल। (भाषा) संभल जिले के चंदौसी में नगर पालिका परिषद ने प्राचीन बावड़ी के अवशेषों पर से अतिक्रमण को हटाने का नोटिस दिया था जिसके बाद ऐसा करने वाले व्यक्ति ने कल रात मकान का कुछ हिस्सा गिरा दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने शनिवार को बताया कि खुदाई के दौरान पता चला कि बावड़ी के अवशेष मकान से बिल्कुल सटे हैं।

उन्होंने कहा कि लक्ष्मण गंज निवासी गुलनाज (यूसुफ सैफी की पत्नी) को नोटिस दिया गया और वे खुद ही इसे गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा,"उन्हें नोटिस दिया गया था और वे खुद ही इसे तोड़ रहे हैं। अगर हम जेसीबी से इसे तोड़ते तो ज्यादा नुकसान होता, इसलिए वे खुद ही अपना अतिक्रमण हटा रहे हैं। कल वे लोग भी परेशान हो रहे थे, इसलिए जिलाधिकारी ने उन्हें समझाया कि वे सिर्फ उतना हटाएं जो ढांचे (बावड़ी) का हिस्सा है, बाकी को छोड़ दिया जाएगा।" गुलनाज ने रोते हुए कहा,"मेरा घर जा रहा है, इसलिए मैं रो रही हूं। मुझे 24 घंटे के अंदर घर खाली करने का नोटिस दिया गया है। मैंने जिलाधिकारी से बात की थी। उन्होंने कहा था कि जमीन बेचने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराएं।" कल रात (शुक्रवार) प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पत्रकारों को प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पत्रकारों को बताया कि बावड़ी के अंदर कुछ दरारें पाई गई हैं, उसमें काफी मलबा भरा हुआ है, वजन ज्यादा है, भविष्य में बारिश की संभावना को देखते हुए उसके ऊपर शेड बनाया जाएगा। पेंसिया के अनुसार पूरी जमीन को चिह्नित कर उसके दायरे में आने वाले अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलाशय और बावड़ी संरक्षित क्षेत्र है और ऐसे स्थानों पर किसी भी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता। संभल जिले के चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान करीब 125 से 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर में फैली बावड़ी मिली है। सोनकर ने बताया कि 21 दिसंबर को इस स्थल पर खुदाई शुरू हुई थी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल में हुआ था। जिलाधिकारी के मुताबिक यह स्थल पहले तालाब के रूप में पंजीकृत था। कुएं की ऊपरी मंजिल ईंटों से बनी है, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल संगमरमर की है। इस संरचना में चार कमरे और एक कुआं भी है।

योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

बरेली।(भाषा) सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में अभद्र टिप्पणी करने और उन्हें धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कियाके आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को आरोपी व्यक्ति को जेल भेज दिया गया। आरोपी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया (फेसबुक) पर एक पोस्ट लिखकर यह चुनौती दी थी कि वह महाकुम्भ मेले का आयोजन नहीं होने देगा, चाहे कितने भी सिर काटने पड़ें। बरेली के पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने कहा कि प्रेमनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार रात मैजान रजा (30) को गिरफ्तार किया। आरोपी ने शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है।पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्वाई शुरू कर दी है। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्वाई शुरू कर दी है। यह मामला तब सामने आया जब हिंदू संगठनों और कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी के सोशल मीडिया पोस्ट से बहुसंख्यक समुदाय की आस्था को ठेस पहुंची है।

बरेली में वकील पर हमला करने वाले चार युवकों को जेल भेजा

बरेली(भाषा) उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में कचहरी के पास एक वकील के चैंबर में घुसकर उस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार चार युवकों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।
बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर पांच युवक अधिवक्ता राजाराम सोलंकी के चैंबर में घुसे और उन पर गोली चला दी। हालांकि, इस घटना में सोलंकी बाल-बाल बच गए। पारीक के अनुसार, गोली की आवाज सुनकर बाकी अधिवक्ता चैंबर में पहुंचे और चार आरोपियों को घेर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक, सोलंकी ने सचिन, देव ठाकुर, रोहित कुर्मी, मोहित और एक अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए सचिन, देव, रोहित और मोहित को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

शाहजहांपुर में चीनी मांझे से गर्दन कटने से सिपाही की मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिला मुख्यालय के कोतवाली इलाके में शनिवार सुबह मोटरसाइकिल से जा रहे एक सिपाही की चीनी मांझे से गर्दन कट जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार सागर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि थाना कोतवाली अजीजगंज में सड़क पर मोटरसाइकिल से जा रहे सिपाही शाहरुख खान (28) की गर्दन में चीनी मांझा उलझ गया और जिसके चलते उसकी गर्दन कट गई। गंभीर हालत में पुलिस ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। न्होंने बताया कि सिपाही शाहरुख खान पुलिस लाइन में तैनात था और अमरोहा के बल्दाना हीरा सिंह गांव का रहने वाला था। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सागर ने बताया कि चीनी मांझे पर प्रतिबंध के बाद भी चोरी छिपे मांझा की बिक्री की जा रही है। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनाई है और चोरी छिपे चीनी मांझा बेचने वालों के विरुद्ध एक अभियान चलाकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्वाई की जाएगी। एएसपी ने कहा कि पुलिस ने मृत सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बलिया में भगवान हनुमान की प्रतिमा खंडित मिली, मामला दर्ज

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में सिकन्दरपुर थानाक्षेत्र के सिकन्दरपुर कस्बे के गोलाबाजार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भगवान हनुमान की एक प्रतिमा खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सिकन्दरपुर कस्बे के गोलाबाजार मोहल्ले में स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार देर शाम अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भगवान हनुमान की प्रतिमा खंडित कर दी गई। थाना प्रभारी विकास चंद्र पांडेय ने शनिवार को बताया कि भगवान हनुमान की प्रतिमा का गदा तोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सिकन्दरपुर पुलिस चौकी प्रभारी जान प्रकाश तिवारी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

नानाजी देशमुख और रामनाथ गोयनका के नाम से होगा ग्रामीण पत्रकारों का सम्मान-अभय महाजन

चित्रकूट। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा शनिवार को सियाराम कुटीर के मंदाकिनी नदी तट स्थित रामनाथ गोयनका घाट पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में मध्य प्रदेश के सतना एवं यूपी के चित्रकूट जिले के लगभग एक सैकड़ा पत्रकार मिलन समारोह में शामिल हुए। मिलन समारोह के माध्यम से स्व रामनाथ गोयनका की जयंती समारोह मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि पत्रकारों को चाहिए कि वो अच्छे कार्यों को उजागर करते हुए गलत कार्यों का विरोध करें। मीडिया का यही महत्व है कि समाज सही दिशा में जाए।भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा दीन दयाल शोध संस्थान के माध्यम से चित्रकूट में समाज सेवा के कार्यों की शुरुआत की गई थी। आज हम लोग उन्हीं के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। पत्रकार हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखे,और समझें। इसके बाद भी अगर कहीं कोई कमी नजर आती है तो हमें बताएं। संस्थान द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के लिए भारत रत्न नानाजी देशमुख और रामनाथ गोयनका पुरस्कार प्रतिवर्ष दिए जाने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले दो पत्रकारों को प्रतिवर्ष यह पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।पुरस्कारों के निष्पक्ष चयन के लिए पत्रकारों की ही ग्यारह सदस्यीय चयन कमेटी गठित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान ने किया।

सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए : डीआईजी

चित्रकूट। मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बादा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रयागराज में लग रहे महाकुंभ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के लिए भरतकूप व देवांगना में बने बैरियर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि चिन्हित बैरियर स्थलों में टेन्ट, प्रकाश, पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। मंडलायुक्त ने बैरियर पर लगे भारतीय तिब्बत बल पुलिस सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि आप लोग मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी निर्देशित किया कि अगर फोर्स की जरूरत है तो अवगत कराएं, किसी प्रकार की सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए।

आयुक्त-डीआईजी ने रामघाट में जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

चित्रकूट।मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बादा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को रामघाट पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद में ठंड से निपटने के लिए अलाव चिंन्हित स्थलों पर जलाते रहें। उन्होंने कहा कि साथ ही साथ जहां आवश्यक हो कंबल भी वितरण कराएं।

महाकुंभ मेले में कागजी खानापूर्ति करने वाले अफसरों पर होगी सख्त कार्रवाई-मंडलायुक्त

चित्रकूट। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में एवं पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित महाकुंभ - 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाकुंभ की महत्वपूर्ण बैठक मेरी अध्यक्षता में पहली बार की जा रही हैं। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित है जिलाधिकारी से कहा कि इनको कारण बताओं नोटिस जारी करें कि वह बैठक में क्यों नहीं उपस्थित हुए हैं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जल संस्थान, सिंचाई विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, अग्निशमन, लोक निर्माण विभाग, होल्डिंग एरिया, परिवहन सुविधा, साफसफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति,पार्किंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा ने कहा कि जो पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा महत्व पूर्ण बिंदु आप लोगों को बताएं गए हैं उन बिंदुओं पर सभी विभाग ध्यान देकर कार्य करें तो कुंभ मेला के दौरान कोई भी समस्या नहीं होगी। जिलास्तरीय अधिकारी बिना जिलाधिकारी के अनुमति के जिले से बाहर नहीं जाएंगे। सभी बिंदुओं की कार्यवाही प्रत्येक दशा में सोमवार तक हो जाना चाहिए। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से कहा कि होल्डिंग एरिया का निरीक्षण कर लें कोई कमी हो तो संबंधित विभागों को निर्देश देकर निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि जो पार्किंग व्यवस्था की गई है उसके अलावा तीर्थक्षेत्र के नजदीक दिव्यांग लोगों के लिए भी एक अलग से पार्किंग चिन्हित की जाए। ताकि जो दिव्यांग यहां पर मोटराइज्ड गाड़ी एवं ट्राई साइकिल लेकर आयेंगे। उनकी भी व्यवस्था हो सके इसके साथ-साथ रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई व्यवस्था अच्छी रहना चाहिए। सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे कोई भी आवारा पशु नहीं घूमना चाहिए। आय ुक्त ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि रामघाट मां मंदाकिनी गंगा पर बैरिकेडिंग गोताखोर, नाव सीढ़ियों की साफ सफाई व्यवस्था कर लें।कागजों पर खाना पूर्ति नहीं होना चाहिए, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुंभ मेला के दौरान जब श्रद्धालु यहां पर आएंगे तो सभी अधिकारी कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी पर रहें ।सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सिटी बस की व्यवस्था की जाए। किराया सूची भी मुख्य स्थानों पर लगाया जाए। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से कहा कि रेलवे तथा जीआरपी से समन्वय लगातार स्थापित करते हुए ट्रेनों के माध्यम से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ आदि की निगरानी व व्यवस्थाओं के बारे में करते रहे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि सड़कों की गड्ढा मुक्ति साइनेज बोर्ड प्रत्येक दशा में हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि कुंभ के दौरान कोई भी आवारा पशु सड़कों पर ना आने पाए इसकी विशेष रूप से व्यवस्था की जाए। पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद चित्रकूट में मेला हर माह सकुशल संपन्न कराया जा रहा है इसके साथ महाकुंभ-2025 का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है जो 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ की एक विशेष अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित विशेष अदालत की अपर सत्र न्यायाधीश पारुल वर्मा ने दोषी व्यक्ति को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। एडीजीसी प्रदीप पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि थाना कोतवाली लालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि चार नवंबर, 2019 की शाम उसकी 12-वर्षीय बेटी अकेले घर के दरवाजे पर खाना खा रही थी कि तभी गांव का मोनू उर्फ संतलाल दरवाजे पर आया और जबरन हाथ पकड़कर घर के अंदर ले गया तथा मुंह पर दुपट्टा बांधकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शहर भक्ति में सराबोर

संवाददाता। संतकबीरनगर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शनिवार को खलीलाबाद शहर के मुखलिसपुर तिराहा पर सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक, भारतीय जनता पार्टी सहित कई हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं तथा रामभक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना की तथा भजन-कीर्तन के साथ हनुमान चालीसा का विशेष पाठ किया गया। कार्यक्रम में नघटा विधायक गणेश चौहान, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री श्रवण अग्रहरि, भाजपा नेता/समाजसेवी प्रदीप सिंह सिसौदिया, वीरेन्द्र सिंह राजपूत, इन्द्रशेखर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विजय यादव सहित अन्य लोगों ने प्रभु श्रीराम की विशेष और भजन-कीर्तन किया। सभी ने हनुमान चालीस का विशेष पाठ करने के बाद आरती की और भक्तों में प्रसाद वितरित किया।

इस मौके पर इन्होंने कहा कि भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए थे। उस वर्ष के मुहूर्त के अनुसार इस बार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव 11 जनवरी 2025 को मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित हुए कार्यक्रम को लेकर हिन्दू संगठनों सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं समाज के लोग के लोग काफी उत्साहित हैं। विधायक गणेश चौहान ने कहा कि यह सनातनियों के लिए गौरव का क्षण है और इसे दिवाली की तरह मनाया जाना चाहिए क्योंकि इसी दिन प्रभु श्रीराम तंबू से अपने भवन में विराजे थे। इस अवसर पर भारत तिव्वत समन्वय संघ की राष्ट्रीय महामंत्री/वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ. सोनी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सतविन्दर पाल सिंह जज्जी, नगर उपाध्यक्ष इं0/भाजपा युवा नेता सुधांशु सिंह, कन्हैया वर्मा, रिंकू सिंह श्रीनेत, सत्येंद्र राय, सौरभ जायसवाल, अजय वर्मा, महेश जायसवाल, रवि सिंह, कैलाशपति रूंगटा सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। सुन्दरकाण्ड सम्पन्न होने के बाद विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह शहर के कई स्थानो पर भक्तिमय आयोजन हुआ एवं ग्रामीण क्षेत्रो में भी पूजन अर्चन किये देर शाम प्रभु श्रीराम में आस्था रखने वालो ने अपने घरों पर दीपक जलाया।

डीएम-एसपी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

रायबरेली। जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने किया। जिलाधिकारी और एसपी ने चेस की चाल चल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।उक्त आयोजन के सभी खेलों में बंदियों ने ही प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक अमन सिंह ने कहा कि बंदियों में जो नीरसता आ जाती है उसे दूर करने के लिये जेलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उसी कडी में रायबरेली जिला जेल में भी व्यापक पैमाने पर दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आमजन को घर के समीप ही न्याय मिले यह सुनिश्चित हो: जिलाधिकारी

संवाददाता। कोंच, जालौन

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से थाना कोंच व थाना रेढ़र में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही शिकायतों एवं निस्तारण को पंजिकाओं में दर्ज करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने पूर्व में निस्तारित की गई शिकायतों एवं आईजीआरएस पंजिका का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को उनके घर के नजदीक ही न्याय मिले और उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। थाना दिवस का उद्देश्य भी यही है कि जनता और पुलिस के बीच संवाद को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए, प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

न्होंने कहा कि फरियादियों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, माधौगढ़ मनोज कुमार, सीओ कोंच देवेंद्र सिंह, माधौगढ़ राम सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए कार्यक्रम

गोंडा। भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में कॉलेज परिसर में स्थित शास्त्री प्रतिमा पर प्रबंध तंत्र की उपाध्यक्षा वर्षा सिंह, प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार व नैक प्रभारी प्रो. जितेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय परिवार के लोगों ने माल्यार्पण किया। साथ ही पुलिस लाइंस के पुलिस कर्मियों द्वारा शास्त्री जी की प्रतिमा को सलामी दी और सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ हवन सम्पन्न हुआ। कॉलेज की रेडक्रास इकाई द्वारा प्रो. राजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशन में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें 27 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उदघाटन करते हुये प्रबन्ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी व उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर कॉलेज के छात्र कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किया। वहीं शास्त्री तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर रामचरित मानस का अखण्ड पाठ भी प्रारम्भ किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रबन्ध समिति के सदस्य महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सरदार चरनजीत सिंह, प्रमुख समाज सेवी व पसका विकास मंच के अध्यक्ष अरूण सिंह, विमल सुफ्यिान आदि उपस्थित रहे।

29 दुकानों की हुई औचक जांच, बंद दुकानों को नोटिस

संवाददाता। संतकबीरनगर

जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने बताया है कि शासन द्वारा आकस्मिक छापे डालने हेतु जारी किए गए निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच हेतु कृषि विभाग एवं मजिस्ट्रेट की तीन संयुक्त टीम तहसीलवार क्रमश: तहसील धनघटा मे उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह एवं उप जिलाधिकारी, अजयदीप एसटीए, तहसील खलीलाबाद मे जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार एवं उप जिलाधिकारी व तहसील मेहदावल में सीपी सिंह एवं उप जिलाधिकारी मेहदवाल, डॉ0 ब्रजेश एसटीए की टीमें गठित कर उर्वरकों की जांच हेतु औचक छापामारी की कार्यवाही संपादित की गई।

तहसील धनघटा मे कुल 6 दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमे से 02 उर्वरक के नमूना ग्रहण किया गए। तहसील खलीलाबाद मे कुल 15 दुकानों का निरीक्षण कर 4 उर्वरक के नमूने ग्रहण किया गया। तहसील मेंहदावल मे 8 दुकानों का निरीक्षण करते हुए 2 नमूना ग्रहण किया गया। एक दुकानदार को अभिलेख नहीं तथा 6 दुकानदार को दुकान निरीक्षण के दौरान दुकान बंद करने के कारण नोटिस जारी किया गया। मुख्य प्रतिष्ठान जिनके यहां छापा डाला गया निम्न है एग्री जंक्शन, बड़गो, एग्री जंक्शन, अजगाइबा, किसान सेवा केंद्र, बंधवा, किसान खाद एवं बीज भंडार, माधोपुर, राय बीज भंडार, माधोपुर, चौधरी खाद भंडार, बाबूराम खाद भंडार, महानपर, जमाल खाद भंडार, सेमरियावा, जनता खाद भंडार, नौदाँड, चौधरी बीज भंडार, नौडैड, लतीफ ट्रेडर्स, पकिब केंद्र, दुधारा, हसन ट्रेडर्स आदि।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार जनपद मे उर्वरकों की जांच हेतु औचक छापे मे कुल 28 दुकानों का निरीक्षण कर कुल 7 दुकानदारों को नोटिस जारी कर कुल 8 नमूने खाद के एमओपी, एसएसपी जिंक, सल्फर एवं अन्य उर्वरक के लिए गए। ग्रहीत नमूनों को प्रयोगशाला मे परीक्षण हेतु प्रेषित किया जायेगा। यदि नमूने का परिणाम अमानक आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश में दिए गए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

रबी सीजन में यूरिया के टॉप ड्रेसिंग का कार्य कार्यक्रम तेजी से चल रहा अत: बीज, खाद एवं कीटनाशक की दुकानों पर गुणवत्ता नियंत्रण एवं कालाबाजारी रोकने हेतु औचक छापामारी कार्रवाई आगे भी सघन रूप से जारी रहेगी।

क्विक न्यूज

प्रांतीय कला धरोहर समिति के सदस्य बने डॉ हरिमोहन

उरई, जालौन। संस्कार भारती कानपुर बुंदेलखंड प्रांत की साधारण सभा की बैठक का आयोजन ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जवाहर नगर कानपुर में किया गया। प्रो. जयंत खोत अध्यक्ष उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के मुख्यातिथि में एवं देवेंद्र त्रिपाठी क्षेत्र प्रमुख संस्कार भारती एवं प्रांत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक का सफल संचालन प्रांत महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने किया। बैठक में सर्वप्रथम फर्रुखाबाद में आयोजित कला साधक संगम की समीक्षा की गई जिसमें जालौन ईकाई के कार्यक्रम की सराहना की गई। महाकुंभ में 22 जनवरी को वीरांगनाओं की वेश-भूषा में शोभायात्रा में सहभागिता पर चर्चा हुई देवेन्द्र त्रिपाठी के द्वारा केन्द्रीय स्तर से संस्कार भारती की कार्यपद्धति, सदस्यता आदि विषयों में हुए परिवर्तन की विधिवत जानकारी दी गई। संस्था की दैनन्दिनी एवं स्मारिका के विषय पर चर्चा हुई।

इंडियन बैंक ने आयोजित की हिंदी भाषा संगोष्ठी

गोंडा। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समित और इंडियन बैंक के संयोजन में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सभाकक्ष मे वैश्विक परिदृश्य मे हिन्दी विषय पर एक हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में साहित्य भूषण से सम्मानित डॉ. सूर्यपाल सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोगों हिंदी भाषा की गूढ़ बातें बताई। इस मौके पर इंडियन बैंक गोण्डा के अञ्चल प्रमुख एवं समिति के अध्यक्ष हेमंत मिश्र, प्रधान डाकघर गोण्डा की अधीक्षक श्रीमती किरण सिंह, इंडियन ऑयल के कार्यालय प्रमुख सत्येन्द्र कुमार सहित नगर स्थित भारत सरकार के कार्यालयों/बैंक/बीमा कंपनियों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नियमों को ताक पर रख संचालित हो रहे टैक्सी स्टैंड

जालौन, उरई। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और सरकार के निर्देशों के बाद भी अवैध टैक्सी स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। शिकायतों के बाद भी अवैध स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे से उरई, औरैया, कोंच, बंगरा आदि के लिए ऑटो उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा सवारी को जिस गांव या कस्बे में जाना हो वहां की भी बुकिंग हो जाती है। अवैध रूप से चल आटो के कारण एक ओर जहां प्राइवेट बस संचालकों को नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर परिवहन निगम की बसों को भी नुकसान हो रहा है। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी नगर में धड़ल्ले से अवैध ऑटो स्टैंड चल रहा है। नगर के वसीम, राहुल, प्रमोद आदि ने नगर में चल रहे अवैध स्टैंड व अवैध रूप से सवारी बैठाकर चल रहे आटो की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजकर मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। जिससे बस संचालकों व सरकार को हो रहे राजस्व के नुकसान को रोका जा सके।

लोन बताकर बाइक सवार युवक से ठगे पांच हजार

लालगंज रायबरेली। कस्बे के करुणा बाजार चौराहा स्थित बैंक ऑफबड़ौदा के निकट शनिवार को बाइक सवार दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने एक युवक से धोखाधड़ी कर पांच हजार पांच सौ ठग लिए। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। डलमऊ निवासी राहुल पुत्र बिंदा प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह किसी काम के सिलसिले में सराफा मंडी आ रहा था। उससे पहले वह कस्बे की बैंक ऑफबड़ौदा के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने जा रहा था। जहां करीब ढाई बजे बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और उससे कहा कि तुम्हारी बाइक का लोन बाकी है। युवकों ने उससे लोन के 5500 रुपए देने के लिए कहा। पहले तो पीड़ित ने मना किया, लेकिन बाद में दोनों ने जबरन उससे पांच सौ रुपये नगद व पांच हजार रुपए अपने मोबाइल में डलवा लिए और मौके से फरार हो गए। पीडित ने बताया कि आरोपियों के चले जाने के बाद उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। पीडित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

एक माह बाद चोरी का केस दर्ज

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे नवरंग सिंह का पुरवा गांव में गत एक दिसंबर को एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि गत एक दिसंबर की रात को उसके घर में रखा इनवर्टर व बैटरी चोरी हो गया। उसने कोतवाली में इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीडित ने तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले में केस दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। पुलिस ने एसपी के निर्देश पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

समाजवादी पार्टी पीड़ितों के साथ हमेशा खड़ी है: वीरेन्द्र यादव

संवाददाता। रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली के विधानसभा सभा क्षेत्र ऊँचाहार के ग्राम उमरन थाना सलोन निवासी रामखेलावन पासी उर्फ घसीटे की दिनांक 08.01.2025 को सामंती लोगों द्वारा की गयी हत्या एवं ग्राम उमरन के ही निवासी खूब्बू पासी पुत्र भगौती पासी की दिनांक 03.01.2025 को अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया। तीसरी घटना दिनांक 09.01.2025 को ग्राम राजा का पुरवा मजरे रसूलपुर थाना सलोन के दुखीलाल पासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की जाँच एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने प्रतिनिधि मंडल के सदस्य आर.के.चौधरी सांसद मोहनलालगंज, पासी सी.एल. वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, श्याम सुन्दर भारती विधायक बछरावा, राहुल लोधी विधायक हरचंदपुर, इं. वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष, मुनेश्वर पासी जिला उपाध्यक्ष, जगदेव यादव विधान सभा अध्यक्ष पीड़ित परिजनों से मिलकर वस्तुस्थित से अवगत होकर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ताकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही एवं पीड़ितों को सरकारी लाभ दिये जाने की बात कही।

परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आपको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद आर.के. चौधरी ने कहा कि उँचाहार विधान सभा क्षेत्र विगत कई महीनों से जंगलराज की राजधानी बन गयी है। सामंतियों द्वारा दलितों, पिछड़ों के ऊपर जुल्म कर हत्याएँ की जा रहीं है तीन दलित परिवारों में हत्या एवं दुखद मौतों से स्पष्ट है कि यह क्षेत्र गुंडाराज से ग्रसित हो गया है।

चोरों ने एक ही रात में तीन स्कूलों को बनाया निशाना

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। अभी 2 दिन पहले हुई धान चोरी का मामला खुल भी नहीं सका कि चोरों ने शुक्रवार की रात तीन विद्यालयों को अपना निशाना बनाया। बीती शुक्रवार की रात पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज कुंवर मऊ,व डीपी एस स्कूल पूरे सोमवंशी और आदर्श बाल विद्या मंदिर लहेंगा में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक अज्ञात चोर छत से चढकर नीचे आए और प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोडा। उसमें रखी अलमारी का लॉक तोडकर सरकारी कागजात अस्त व्यस्त कर दिया। इसके बाद आदर्श बाल विद्या मंदिर लहंगा के प्रबंधक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि इसी रात में उनके स्कूल में भी चोर बाउंड्री बांधकर अंदर आए और प्रधानाध्यापक कक्ष का ताला तोडकर अलमारी में रखा सारा सामान बिखेर दिया और चार हजार रुपए उठा ले गए।

पुण्यतिथि पर याद किये गए पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रा आद्या ने जानकारी देते हुए बताया कि लाल बहादुर शास्त्री जी भारत वर्ष के द्वितीय प्रधानमंत्री थे, उनका जन्म दो अक्टूबर और निधन 11 जनवरी 1966 को उज्बेकिस्तान के ताशकंद में हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। शास्त्री जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद भारतवर्ष में देश के छठवें गृहमंत्री तथा तीसरे रेल मंत्री भी रहे, उन्होंने दूसरे भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश का नेतृत्व किया, इसी समय उनका दिया हुआ नारा जय जवान जय किसान बहुत लोकप्रिय हुआ। 10 जनवरी 1966 को ताशकंद घोषणा के साथ ही युद्ध की समाप्ति हुई और अगले ही दिन उनका निधन हो गया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने बताया कि शास्त्री जी एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, उन्होंने हमेशा अपना काम बहुत ही ईमानदारी से किया

एसडीएम और डीडी कृषि ने किया खाद दुकानों का औचक निरीक्षण

संवाददाता। जालौन, उरई

नगर में संचालित खाद की दुकानों पर उप निदेशक कृषि व उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने खाद के नौ नमूने भरे है जिन्हें जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। एक दुकान बंद मिलने पर उसके मालिक को नोटिस जारी किया गया है।

एसडीएम विनय मौर्य व डीडी कृषि सुशील कुमार उत्तम, लोकेश कुमार की टीम ने नगर में संचालित खाद की दुकान पर छापामारी की। टीम ने बंगरा मार्ग कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास संचालित प्रवीण ट्रेडर्स पंकज ट्रेडर्स व कृषक केन्द्र पर छापामारी की। इस दौरान खाद की उपलब्धता देखी गई और स्टाक रजिस्टर से उसका मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मिला। मौके पर मिले किसानों से खाद की बोरी की कीमत पूंछी तो सही मिली। टीम ने किसानों को असली खाद मिल रही या नहीं।

यह जानने के लिए यूरिया, डीएपी खाद व मोनोजिंक सल्फेट के तीनों दुकानों से तीन-तीन नमूना भरे। निरीक्षण के दौरान टीम को वंदना ट्रेडर्स बंद मिला। एसडीएम ने बताया कि दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक सुशील कुमार ने बताया की खाद की दुकानों से खाद के नमूने भरे गये हैं जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो बाइकों में टक्कर होने से चालक की हुई मौत

जालौन, उरई। उल्टी दिशा में आ रहे बाइक चालक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी वैभव पाल उर्फ चंकी का ट्रैक्टर औरैया मार्ग पर निर्माणाधीन पुल पर काम के लिए लगा था। बीती 11 दिसंबर को उनके ट्रैक्टर में खराबी आ गई थी। वह जालौन से मरम्मत का सामान लेकर वहां गए थे और देर शाम करीब सात बजे वह सामान देकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह बाइक से प्रतापपुरा मोड़ के पास पहुंचे तभी उल्टी दिशा से आ रहे बाइक सवार से बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

सड़क दुर्घटनाएं रोकने को चलेगा 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान

●बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा।

उरई, जालौन। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ''नो हेलमेट नो फ्यूल'' अभियान की शुरूआत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 7 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे, कि 26 जनवरी, 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चत करेंगे कि उनके प्रनिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रहेंगे। इस अभियान के तहत अब से दोपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने पंपों पर इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी देने वाले होर्डिंग्स लगवाएं और इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उद्देश्य है कि लोग हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवाने पंप पर आता है, तो उसे पेट्रोल नहीं दिया जाएगा और उसे हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंपों को नोटिस भेजकर हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है।

एनटीपीसी में बालिकाओं के लिए आयोजित शीतकालीन कार्यशाला का हुआ समापन

संवाददाता। ऊंचाहार

एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत 6 जनवरी से 11 जनवरी तक शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके समापन समारोह में परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबडा व प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष तरुणा छाबडा ने सभी प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके अनुभवों को जानने का प्रयास किया। बालिकाओं को संबोधित करते हुए श्री छाबडा ने कहा कि आप सब बालिकाएं एनटीपीसी का गौरव हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि आप सबने बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला के अंतर्गत जो कौशल प्राप्त किए हैं उसके माध्यम से आप अपना, अपने परिवार का और अपने एनटीपीसी परिवार का नाम अवश्य रौशन करेंगी। जीवन में आपका जोश, जज्बा, जुनून ही आपको कामयाबी के शीर्ष पर लेकर जाएंगे इसलिए इन्हें हमेशा अपने साथ बनाए रखिएगा श्रीमती छाबडा ने विश्वास व्यक्त किया कि आप सबको यहां पढते-सीखते देखना हमारे लिए गौरव का विषय है।

आपमें उत्पन्न हुआ ये आत्मविश्वास हम सबको आपके लिए बढ-चढकर कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी से 11 जनवरी तक 120 बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं के कौशल विकास हेतु कम्प्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत व नृत्य सिखाने के साथ-साथ बेसिक एकेडमिक पढाई करवाई गई और बालिकाओं को आत्मविश्वास प्रदान करने का प्रयास किया गया।

समापन अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्षा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब कविता अग्रवाल, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याओं सहित सशक्तिकरण कार्यक्रम की बालिकाओं के अभिभावकजन उपस्थित रहे। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक नैगम सामाजिक दायित्व स्नेहा त्रिपाठी ने किया।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 12 जनवरी 2025

बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में दो घायल, तमंचा व कारतूस बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

कल्यानपुर थाना पुलिस व इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की देर रात महरहा पुलिया बसावन खेड़ा मोड़ के समीप चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे और कच्चे रास्ते पर फिसलकर गिर गए। पुलिस ने अपने आपको घिरता देख शातिरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक शातिर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। घायल का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कल्यानपुर थाना पुलिस व इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम महरहा पुलिया बसावन खेडा मोड़ के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक अपाचे मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति बिंदकी रोड से आते दिखाई दिये। संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हे रोकने का प्रयास किया तो तेजी से गाड़ी वापस मोड़कर महरा पुलिया बसावन खेडा मोड़ से लगभग 200 कदम पहले दाहिनें तरफ कच्चे रास्ते (चकरोड़) पर भागने का प्रयास किया। कच्चे रास्ते पर फिसल कर बाइक सहित गिर गए। अपने आपको घिरता देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की फायरिंग में अभियुक्त गोलू उर्फ राजकुमार पुत्र रामसंजीवन रैदास निवासी नारायणपुर थाना चकेरी कानपुर नगर के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

दूसरे अभियुक्त रामसंजीवन पुत्र कन्हइयालाल उर्फ कन्हई निवासी नारायणपुर स्टेट के सामने कच्ची बस्ती थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर को दौडा कर हिरासत में लिया गया। घायल अभियुक्त को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी बिंदकी ले जाया गया। अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी तमंचा, तीन खोखा कारतूस, दो जिन्दा कारतूस, एक प्लास, एक पेंचकस, एक अपाचे मोटर साइकिल व 500 रुपये नगद बरामद किये गये। स्थानीय थाना कल्यानपुर पर मु0अ0सं0 06/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग उपरोक्त के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम इंटेलिजेंस विंग में निरीक्षक अरूण चतुर्वेदी, कांस्टेबल विकास कुमार, रामकुमार, राजकुमार के अलावा कल्यानपुर थाना पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव, उपदेश कुमार, सुमित तिवारी, हेड कांस्टेबल विजेंद्र कुमार, कांस्टेबल शिव सिंह, अनिल शामिल रहे।

शहीद डिप्टी कमांडेट को अधिवक्ताओं ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

कानपुर देहात। गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर तट रक्षक बल के हेलीकॉप्टर के क्रैश होने पर शहीद हुए डिप्टी कमांडेंट सुधीर कुमार यादव के पैतृक गांव पहुंच कर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अधिवक्ता साथियों ने शोक संवेदना व्यक्त कर शहीद जवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया साथ ही मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की है । जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अधिवक्ताओं ने शहीद के पिता व माता एवं पत्नी से मुलाक़ात कर हर परिस्थितियों में अधिवक्ता समाज उनके व उनके परिजनों के साथ खड़ा रहेगा। जिला बार एसोसिएशन माती अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ए मैथा लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव समेत अन्य अधिवक्ताओं ने शनिवार को शहीद जवान सुधीर कुमार यादव के पैतृक गांव हरिकिशनपुर पहुंचे । जहाँ पर शहीद जवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन कर उनकी पुण्य आत्मा की शांति व परिजनों को असीम दुख के समय सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की।

अढ़ावल दस नंबर में अवैध खनन का चल रहा खुला खेला, निशान मिटा रहे संचालक

- कनवेयर मशीनों के जरिए गड्ढों को ढकने का काम शुरू

संवाददाता। फतेहपुर

जनपद के मोरम खनन केंद्रों में यमुना की जलधारा को अवरुद्ध करके खनन कराने के आरोपो को बल मिल रहा है। इन केंद्रों में एन.जी.टी. के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती रही हैं। इसमें जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं।

इस इसी कड़ी में अढ़ावल-10 नंबर खदान में अवैध खनन का खेल चरम पर है। एनजीटी के दिशा-निर्देशों को ताक पर रखते हुए रात के अंधेरे में भारी पोकलैंड मशीनों की मदद से 20-20 फुट गहराई तक मौरम निकाली जा रही है। यह खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि शासन के राजस्व को भी करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहा है।

अवैध खनन और ओवरलोडिंग का खेल जारी: सूत्रों के अनुसार, खदान में सैकड़ों ओवरलोड गाड़ियां रोजाना मौरम लेकर जाती हैं। ओवरलोडिंग के कारण जहां सड़कें खराब हो रही हैं, वहीं राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है। बताया जा रहा है कि खननकर्ता अपने तय क्षेत्र से बाहर जाकर भी अवैध खनन कर रहे हैं।

रात में खनन पर प्रतिबंध, फिर भी जारी हैं गतिविधियां: नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों के मुताबिक, रात में खनन पर सख्त प्रतिबंध है ताकि जलीय जीवों को कोई नुकसान न पहुंचे। इसके बावजूद खदान में रातभर पोकलैंड मशीनें गरजती रहती हैं। प्रशासन और पुलिस की चुप्पी पर सवाल: अढ़ावल मौरम खदान ललौली थाना क्षेत्र में आती है। हालांकि खदान में हो रहे इस अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रशासन और पुलिस की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना ष्ऊपर तक सेटिंगष् के यह खनन संभव नहीं है।

राजस्व को हो रहा नुकसान: सैकड़ों ओवरलोड गाड़ियों के कारण राजस्व को भारी चूना लग रहा है। बावजूद इसके, अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

क्या करेंगे जिम्मेदार: अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस अवैध खनन पर क्या कार्रवाई करते हैं।

डीएम-एसपी ने सदर कोतवाली में सुनीं पीड़ितों की समस्याएं

फतेहपुर। थाने पर आने वाले पीड़ितों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिया जाए। मौके पर जाकर पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें शिकायतों का निस्तारण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। यह बात शनिवार को थाना समाधान दिवस पर सदर कोतवाली में पीड़ितों की शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कही। माह के द्वितीय शनिवार पर जिले के सभी थानों पर संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराने का प्रयास किया। उधर डीएम रविन्द्र सिंह व एसपी धवल जायसवाल ने सदर कोतवाली पहुंचकर पीड़ितों की शिकायतें सुनीं। एक-एक पीड़ित के प्रार्थना पत्र हाथ में लेकर डीएम-एसपी ने शिकायत सुनीं और पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन करके मौके पर जाकर शिकायत निस्तारण किए जाने पर जोर दिया। थाना समाधान दिवस में कुल 66 शिकायतें पंजीकृत की गई। जिसमें राजस्व की 47 व पुलिस की 19 शिकायतें रहीं। अधिकारियों के सामंजस्य से राजस्व की दस व पुलिस से संबंधित 06 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ मैटी का जन्म दिवस मनाया गया

संवाददाता। हमीरपुर

इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी का 216वां जन्म दिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना हमीरपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफइंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा व इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों द्वारा जनमानस को लगातार 34 वर्षों से धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा निशुल्क सेवा दी जा रही है। जहां पर दूरदराज़ से असाध्य रोगी आकर अपना इलाज करवा रहे हैं और उनको शत् प्रतिशत सफ्लता मिल रही है।

इसी क्रम में धर्मार्थ चिकित्सालय की चिकित्सका डॉ. मानसी पटेल व डॉ. कंचन गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय में सबसे ज्यादा बच्चेदानी में गांठ एवं रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाएं व बीस से पचीस वर्ष की युवतियां इलाज हेतु प्रतिदिन आया करती हैं। ये बीमारियां आजकल के खान.पान से व रसायनों के प्रयोग से बढ़ रही हैं। इसी क्रम में जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रभारी डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग.6 के आदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ के मीडिया प्रभारी जनपद हमीरपुर ईएच डॉ मेहर मघुर निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा हानिरहित है। अमौली से आये हुए डॉ देवानंद सागर गांव.गांव में जाकर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करते हैं व लोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा द्वारा रोग मुक्त करते हैं व जागरूकता पैदा करते हैं।

डीएम-एसपी ने समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

बांदा। बांदा में जिलाधिकारी श्री नगेंद्र प्रताप एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने आज थाना समाधान दिवस ,थाना मातौंध में जन समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण करने के निर्देश पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। थाना समाधान दिवस में उन्होंने भूमि विवाद एवं आपसी विवादों का निस्तारण शीघ्र जांच कर किए जाने के संबंध में निर्देशित कियाद्य एक फरियादी द्वारा उसकी दुकान को खाली करने हेतु मारपीट एवं विवाद करने के प्रकरण पर निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की टीम मौके पर भेज कर भूमि की पैमाइश एवं जांच करते हुए प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए द्य एक अन्य शिकायतकर्ता द्वारा उसके घर पर कब्जा किए जाने की शिकायत पर पर विवाद को सुनते हुए उन्होंने दोनों पक्षों को सुनकर कार्रवाई करने तथा आपस मे विवाद को समाप्त करने हेतु समझौता करने के निर्देश दिए।

क्विक न्यूज़

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

राठ, हमीरपुर। युवती ने गांव के एक युवक पर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसे बदनाम करने का आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि गांव के एक युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर तथा उसके साथ शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए। जिसके बाद उक्त युवक बीते कई माह से लगातार उसके साथ शारीरिक शोषण करता आ रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि शारीरिक शोषण के दौरान युवक ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए हैं। तथा उक्त युवक अब शादी करने से मना कर रहा है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं उक्त गाँव के सूत्रों के अनुसार मामला संदिग्ध है और प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने मामले की जांच कराई जा रही है।

पूर्व पीएम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई पुण्यतिथि

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चेयरमैन व यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 58 वीं पुण्यतिथि पर शास्त्री चौक में स्थित लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। सर्वप्रथम इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों ने प्रतिमा स्थल की सफाई की तत्पश्चात धूप आरती कर माल्यार्पण किया। सभी पदाधिकारी लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें, जय जवान जय किसान के जयघोष लगा रहे थे। इस अवसर पर डॉ अनुराग ने कहा कि उनके जीवन व कृतित्व से प्रेरणा लेकर हमे भी राष्ट्र प्रथम की भावना से सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी जय सिंह, सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य सर्वेश गुप्ता, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, चेतना गुप्ता, प्रशांत पाटिल, अभिनव श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, रक्तकेन्द्र से कौशल कुमार श्रीवास्तव, बृजकिशोर, रामनरेश शर्मा, केके सिंह, वेदप्रकाश गुप्ता, ऋतुराज निगम उपस्थित रहे।

श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

फतेहपुर। शहर के पक्का तालाब में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा व्यास शिवम त्रिपाठी ने बालाजी सेवा संस्थान के संयोजन में कथा सुनाई। जिसमें तमाम लोगों ने कथा का रसपान किया और अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ लोगों को प्रसाद ग्रहण करवाया। इस दौरान राजकुमार साहू, ब्रह्माकुमार अवस्थी, सुरेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, सुजीत कुमार, नीरज दुबे, अंकुर बाजपेई, हरिओम सहित तमाम लोगों ने अपने हाथों से लोगों को भोजन परोसा और कहा कि भंडारे के प्रसाद को खाने मात्र से ही शारीरिक कष्ट दूर होते हैं। कथा व्यास शिवम त्रिपाठी ने भी स्वयं व्यवस्था को देखा और सभी को माइक के माध्यम से बार-बार आग्रह किया कि बिना प्रसाद ग्रहण किये कोई भी व्यक्ति जाने न पाए। इस दौरान आने-जाने वाले राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

निर्माणधीन अवैध बिल्डिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

फतेहपुर। जिला चिकित्सालय के सामने अवैध रूप से बन रही बिल्डिंग को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। इस कार्यवाही से खासा हडकंप मचा रहा। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय के सामने जीटी रोड पर बिल्डिंग का निर्माण हो रहा था। सीएमएस ने निर्माणधीन बिल्डिंग की प्रशासन से शिकायत की थी। जिस पर शनिवार को प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बन रही बिल्डिंग को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। शनिवार को जैसे ही प्रशासन की कार्यवाही शुरू हुई तो हडकंप मच गया। तमाम लोग एकत्र रहे। प्रशासन ने कार्यवाही करते बिल्डिंग को जमींदोज करा दिया। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि जमीन सिविल सर्जन के नाम पंजीकृत होने की जानकारी मिली। जिसकी जानकारी की गइ। जमीन सिविल सर्जन फतेहपुर के नाम पंजीकृत है। जिस पर प्रशासन से शिकायत की। इस मामले में प्रशासन ने हो रहे निर्माण को रोकवाकर बनी बिल्डिंग को ध्वस्त कराया है। इस मौके पर अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

नेहरू की उपेक्षा निंदनीयः सुधाकर

फतेहपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष/वरिष्ठ अधिवक्ता सुधाकर अवस्थी ने बताया कि प्रयाग राज के संगम तट पर होने जा रहे धार्मिक सांस्कृतिक परम्परागत आयोजन महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज नगर की सड़कों के अगल-बगल बनी दीवारों पर देश के महान पुरुषों डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, शहीद भगत सिंह आदि के तो चित्रों को उकेरा गया है किंतु राजनैतिक विद्वेष के चलते बीजेपी की डबल इंजन की सरकार जो सनातन परंपरा व आस्था की दुहाई देती है, उसने स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी महान नेता पं0 जवाहरलाल नेहरू जिन्होंने आधुनिक वैज्ञानिक नव भारत के स्वप्न को साकार किया था, उनके चित्र को दीवारो पर उकेरने से परहेज किया है जिनका जन्म प्रयागराज में ही हुआ था। जिस प्रयागराज ने सैकड़ों साल की परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ी भारत माँ को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाते हुए अपने लाल जवाहर लाल नेहरू को आज़ाद भारत का प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा करने का मौका दिया, उनका चित्र अंकित न करवाना बीजेपी सरकार की ओछी व संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सनातन संस्कृति व परम्परा की बड़ी-बड़ी बातें तो करती है किंतु राजनैतिक कटुता के चलते ईर्ष्यावश महापुरुषों के योगदानों की अवमानना करती है, जो निंदनीय है, जिसके लिए प्रयागराज का जनमानस मोदी-योगी को कभी माफ़नहीं करेगा।

डीएम-एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

लखीमपुर, खीरी। जिलाधिकारी खीरी, श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा थाना फूलबेहड़ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

उर्वरक प्रतिष्ठानों पर संयुक्त टीम ने छापे मारकर संग्रहीत किए नमूने

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा उर्वरक की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने तथा निर्धारित मूल्यों पर उर्वरक को उपलब्ध कराने एवं कृषकों में वितरण कराने के लिए जनपद में सात संयुक्त टीमें गठित कर उनकों तहसील आवंटित कर सरकारीध्निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक छापे डाले जाने के लिये निर्देश दिये गये।

उक्त के निर्देश में जनपद में कुल 32 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर 10 नमूने ग्रहित किये गये 07 को कारण बताओ नोटिस जारी तथा 01 प्रतिष्ठान का जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता एवं तहसीलदार अकबरपुर पवन कुमार के द्वारा तहसील अकबरपुर में छापे की कार्यवाही की गयी। जिसमें 09 उर्वरक विक्री प्रतिष्ठान पर छापे डालकर 01 उर्वरक नमूने ग्रहित किये गयेए एवं सफ्ल इण्टर प्राइजेज अकबरपुर का अभिलेख अपूर्ण होने तथा उर्वरक का रखरखाव ठीक न होने के कारण इनका उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित किया गयाए महेश बीज भण्डार अकबरपुर के पॉस मशीन के उर्वरक स्टाक तथा अभिलेख में अकिंत उर्वरक स्टाक में अन्तर पाये जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं तहसीलदार डेरापुर कानपुर देहात के द्वारा तहसील डेरापुर में 02 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर 02 उर्वरक नमूने ग्रहित किये गयेए अपर जिला कृषि अधिकारी प्रतिष्ठा यादव एवं तहसीलदार भोगनीपुर कानपुर देहात के द्वारा तहसील भोगनीपुर में 08 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर छापा डालकर 02 उर्वरक नमूने ग्रहित किये गयेए एवं 05 उर्वरक प्रतिष्ठान बन्द पाये जाने के कारण कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जो इस प्रकार है किसान एग्रो एजेन्सीए तिष्ती बीज भण्डार, किसान एग्री एजेन्सी, नसीम बीज भण्डारए लतीफ बीजध्खाद भण्डार मूसानगर कानपुर देहात एवं श्री राम आसरे कटियार कार्या0.उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकाारी भोगनीपुर, कानपुर देहात एवं तहसीलदार सिकन्दरा कानपुर देहात के द्वारा तहसील सिकन्दरा में 08 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों में छापे डालकर 02 उर्वरक नमूने ग्रहित किये गये।

समाधान दिवस पर डीएम-एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति व उप जिलाधिकारी अकबरपुर द्वारा थाना अकबरपुर में जन.सुनवाई करते हुये थाने पर आये फरियादियों पीड़ितों को बारी.बारी से सुना गया व उनकी समस्याओं के विधिकए नियमानुसार तथा समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने हेतु सर्व.सम्बन्धित को आदेशित निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने.अपने सर्किल के थानों पर जन.सुनवाई करते हुये पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सर्व.सम्बन्धित को निर्देशित किया गया व थाना दिवस के अवसर पर सभी थाना प्रभारियों द्वारा भी थाने पर आये फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनकर न्यायोचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया गया।

एसडीएम ने अलाव एवं रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गुरसहायगंज, कन्नौज। सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने नगर में भ्रमण कर अलाव, प्रतीक्षालय गृह एवं रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ठंड से राहत पाने के लिए पर्याप्त अलाव जलाए जाएं और रैन बसेरों में साफ-सफाई, कंबल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। बीतीशाम छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार, लेखपाल कौशल पाण्डेय के साथ नगर के चौराहा, बस स्टैंड, तिराहा और मोहल्ला गांधीनगर व अप्सरी स्थित रैन बसेरों का दौरा किया। जहां सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। इससे पूर्व उन्होनें नगर के सीएससी सेंटरो का निरीक्षण कर किसानों के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र पर मौजूद किसानों से बातचीत की और यह सुनिश्चित किया कि रजिस्ट्रेशन कार्य सुगम और पारदर्शी तरीके से हो रहा है। साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए जिम्मेदार कर्मियों को निर्देशित किया।

डीएम-एसपी की बैठक में नो मैंस लैंड व जीरो लाइन से अतिक्रमण हटाने पर हुई चर्चा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

भारत-नेपाल सीमा पर नो मेन्स लैण्ड, जीरो लाइन से भारत की तरफ 05 किमी और जीरो लाइन से भारत की तरफ 15 किमी के अर्न्तगत सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने को लेकर शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने अफसरों संग बैठक की। जिसमें एसएसबी, उपजिलाधिकारियों, वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों से अनधिकृत कब्जे को लेकर विस्तृत चर्चा और मंथन हुआ।

डीएम-एसपी ने अफसरों संग सशस्त्र सीमा बल 39वी बटालियन गदनिया पलिया, 49वी बटालियन एसएसबी जनपद पीलीभीत, 70वी बटालियन एसएसबी मझराफार्म के कार्यक्षेत्र में भारत-नेपाल अर्न्तराष्ट्रीय सीमा पर नो मेन्स लैण्ड तथा जीरो लाइन से भारत की तरफ 05 किमी एवं जीरो लाइन से भारत की तरफ 15 किमी के तहत सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण को सशस्त्र सीमा बल व राज्य सरकार की संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण, सत्यापन एवं अतिक्रमण को हटवाने पर रणनीति तय की। बैठक में तय हुआ कि नो मैंस लैंड पर अतिक्रमण के हटाने संबंध में दोनों देशों के संबंधित सीमावर्ती जिलों/अंचल के प्राधिकृत अधिकारियों के मध्य संवाद, समन्वय एवं संयुक्त सर्वेक्षण के उपरांत दोनों ओर के अतिक्रमण हटाने पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इंडो-नेपाल बार्डर के भारत की ओर पांच किलोमीटर के दायरे में जो खेती के लिए अतिक्रमित भूमि है उसे चिन्हित करें। राजस्व कागजात से मिलान कराये। गड़बड़ी पर लोगों पर कार्रवाई करें। अधिकारियों को नो मैन्स लैंड पर अनाधिकृत खेती योग्य भूमि और झोपड़ी या फिर मकान हो उसकी सूची तैयार कर सक्षम स्तर को प्रेषित करते हुए नियमानुसार जरूरी कार्यवाही करें।

संविधान गौरव अभियान के तहत सभी मोर्चों की हुई कार्यशाला

फतेहपुर। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संविधान गौरव अभियान चलाएगी। यह अभियान 11 से 25 जनवरी के दौरान किया जाएगा। अभियान को सफ्ल बनाने के लिए आज सभी मोर्चा पदाधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन पार्टी कार्यालय में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने की। संचालन सह संयोजक मधुराज ने किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभियान के लिए जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। अभियान के तहत बाबा साहब अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया जाएगा। इसके लिए मंडल स्तरीय और मोर्चों की जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन करना है। 25 जनवरी तक अनु. जाति मोर्चा 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान गोष्ठियों का आयोजन कराएगा। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सभी कॉलेजों, हॉस्टल में गोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मंत्री, विधायक, जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके बाद युवा मोर्चा अनुसूचित जाति छात्रावासों और कॉलेज संपर्क के माध्यम से अभियान चलाएगा।

हवाई फायरिंग करने वाले युवक से तमंचा छीनकर थाने पहुंची युवती

राठ। स्नातक की छात्रा ने शादी से इंकार किया तो युवक ने घर में जाकर हवाई फायरिंग कर दी इस पर युवती ने युवक सें तमंचा छीनकर थाने पहुंच गयी,पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि वह कस्बे में एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी शिवम से वह फोन पर एक वर्ष से बात करती आ रही है। जिससे युवक के साथ उसकी अच्छी दोस्ती भी हो गई थी। अब उसके घर वालों ने उसका विवाह तय कर दिया है। लेकिन युवक बीते एक माह से उस पर अपने साथ विवाह करने का दबाव बना रहा है। विवाह न करने की धमकियां दी जा रही है। आरोप लगाया कि विद्यालय जाते समय उसे बीते एक माह से परेशान भी कर रहा है। विरोध करने पर उसकी फोटो वायरल करने की धमकी देता है।

सीईसी की नियुक्ति वाले नए कानून की पड़ताल करेगा सुप्रीम कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

सभी की निगाहें उच्चतम न्यायालय पर हैं जो निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति संबंधी कानून की जांच करेगा क्योंकि चयन समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश को सदस्य नहीं बनाए जाने को लेकर इसकी (नए कानून की) वैधता को चुनौती दी गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, दिसंबर 2023 में लागू हुआ। इसका पहली बार इस्तेमाल मार्च 2024 में ज्ञानेश कुमार और एस. एस. संधू को निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त करने के लिए किया गया था। उन्हें अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों पर नियुक्त किया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार 65 वर्ष की आयु होने के बाद 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे, इसलिए पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति नए कानून के तहत की जाएगी। सीईसी और ईसी की नियुक्ति से संबंधित नया कानून लागू होने से पहले, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी। परंपरा के अनुसार, सबसे वरिष्ठ ईसी को सीईसी के पद पर पदोन्नत किया जाता था। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति नए निर्वाचन आयुक्त को लेकर फैसला करेगी। ज्ञानेश कुमार और संधू में से कुमार वरिष्ठ हैं। ज्ञानेश कुमार का कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है, तब वह 65 वर्ष के हो जाएंगे। कानून के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता और दो केंद्रीय सचिवों की सदस्यता वाली खोज समिति पांच नामों का चयन करके चयन समिति को भेजेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति के समक्ष उन पांच नामों की सिफारिश करेगी। इस चयन समिति में प्रधानमंत्री, उनके द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष शामिल होंगे। कानून की धारा 6 के अनुसार, चयन समिति को उन नामों पर भी विचार करने का अधिकार है, जिन्हें कानून मंत्री के नेतृत्व वाली समिति द्वारा सूचीबद्ध नहीं किया गया है। सीईसी और चुनाव आयुक्तों से जुड़ा 1991 का कानून उनके वेतन और सेवा शर्तों से संबंधित था, लेकिन नियुक्ति की पद्धति से संबंधित नहीं था। दो मार्च, 2023 के अपने फैसले में, न्यायमूर्ति केएम जोसेफ (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की पीठ ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति गठित की थी। न्यायमूर्ति जोसेफ की पीठ ने कहा था कि जब तक नियुक्तियों को लेकर कानून नहीं बन जाता, तब तक समिति द्वारा तय कॉलेजियम मान्य रहेगा। बाद में, जब सरकार मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) विधेयक लेकर आई, तो उसने सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को चयन समिति में शामिल कर दिया, जिसका चयन प्रधानमंत्री करेंगे। चयन समिति की संरचना में बदलाव को चुनौती दी गई है। उच्चतम न्यायालय ने मामले को चार फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया है।

नफरती बयान देने के आरोप में भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज

कोट्टायम (केरल)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के नेता पी. सी. जॉर्ज द्वारा कथित तौर पर धार्मिक द्वेष पैदा करने वाली टिप्पणी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व विधायक जॉर्ज पर इस सप्ताह के प्रारंभ में एक टीवी परिचर्चा के दौरान एक अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ नफरती टिप्पणी करने का आरोप है। मुस्लिम यूथ लीग की नगर समिति के कथित प्रतिनिधि मुहम्मद शिहाब की शिकायत के आधार पर एराट्टुपेट्टा पुलिस ने शुक्रवार को भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और केरल पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है एवं जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने के बाद शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। इस बीच, भाजपा ने जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की और आरोप लगाया कि यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार का राजनीतिक प्रतिशोध है।

स्टालिन ने राज्यपाल रवि पर साधा निशाना

भाषा। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को कहा कि राज्यपाल आरएन रवि इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि राज्य विकास कर रहा है और विधानसभा में अभिभाषण नहीं देने संबंधी उनका फैसला बचकाना है। स्टालिन ने कहा कि रवि के राज्यपाल बनने के बाद पिछले कुछ वर्षों से राज्य विधानसभा में अजीब दृश्य देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा, राज्यपाल विधानसभा में आते हैं, लेकिन सदन में अभिभाषण दिए बिना लौट जाते हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि उनकी हरकतें बचकानी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 176 के अनुसार, राज्यपाल को सत्र की शुरुआत में विधानसभा में अपना अभिभाषण देना होता है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए स्टालिन ने कहा, लेकिन ऐसा लगता है कि वह योजनाबद्ध तरीके से नियमों का उल्लंघन करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में राज्यपाल ने बिना किसी बदलाव के अपना अभिभाषण दिया, लेकिन उसके बाद के तीन वर्षों में वह बेतुके कारणों का हवाला देते हुए अपना

अभिभाषण देने से बचते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्र शुरू होने से पहले तमिल गान (तमिल थाई वल्थु) गाने और संबोधन के बाद राष्ट्रगान की धुन बजाने परंपरा लंबे समय से रही है। स्टालिन ने कहा, मुझे लगता है कि राज्यपाल इस तथ्य को पचा नहीं पा रहे हैं कि तमिलनाडु विकास कर रहा है। मैं एक साधारण व्यक्ति हो सकता हूं, लेकिन यह विधानसभा करोड़ों लोगों की भावनाओं के कारण अस्तित्व में आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सदन राज्यपाल को राजनीतिक उद्देश्यों से ऐसा कुछ करते हुए नहीं देख सकता, जिससे उनके पद की गरिमा और जिम्मेदारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। तमिलनाडु के राज्यपाल रवि छह जनवरी को पारंपरिक अभिभाषण दिए बिना विधानसभा से चले गए थे।राजभवन ने बाद में कहा था कि वह गहरी पीड़ा में थे, क्योंकि राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था। राज्यपाल ने तब कहा था, संविधान का अनादर करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। इस संबंध में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्टालिन ने कहा था, राज्यपाल का अभिभाषण न पढ़ने का निर्णय लेना बचकाना है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी सातवीं बार निश्चित रूप से सरकार बनाएगी। अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न मामले को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के सदस्यों द्वारा काली शर्ट और साड़ी पहनकर विधानसभा में आने पर उन्होंने जानना चाहा कि क्या उनमें राज्यपाल के खिलाफ काली शर्ट पहनकर प्रदर्शन करने का साहस है, जो तमिलनाडु का अपमान करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे खुशी होती यदि अन्नाद्रमुक ने केंद्र सरकार या राष्ट्रीय शिक्षा नीति की निंदा करने के लिए काली शर्ट पहनी होती। कानून-व्यवस्था की स्थिति पर स्टालिन ने कहा कि पुलिस ने स्वतंत्र रूप से काम किया और अपराध की घटनाओं में कमी आई है।

मैं और मुख्यमंत्री पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे : शिवकुमार ने सत्ता संघर्ष से किया इंकार

भाषा। चिकमगलूरू

कांग्रेस के भीतर सत्ता संघर्ष की बात को अधिक तवज्जो न देते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य की जनता ने सत्तारूढ़ पार्टी को पांच साल के लिए आशीर्वाद दिया है और वह तथा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया आलाकमान के निर्देशानुसार काम करते रहेंगे। यहां पहुंचने पर समर्थकों द्वारा उन्हें अगला मुख्यमंत्री बताए जाने के बीच शिवकुमार ने कहा कि उन्हें किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और पार्टी जो कहेगी, वह उसका पालन करेंगे। शिवकुमार ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है, किसी राजनीतिक परिवर्तन की जरूरत नहीं है। लोगों ने हमें आशीर्वाद दिया है और हमें मौका दिया है और हम पांच साल तक काम करते रहेंगे। जो भी चर्चाएं चल रही हैं, उनका कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री और मैं पार्टी के निर्देशानुसार काम करते रहेंगे। कार्यकर्ताओं या समर्थकों द्वारा उन्हें अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, मैं नहीं चाहता कि कोई मेरे लिए कुछ मांगे, मुझे किसी का समर्थन नहीं चाहिए। मुझे किसी विधायक के समर्थन की आवश्यकता नहीं है। यह मेरे और कांग्रेस पार्टी के बीच का मामला है। पार्टी जो भी कहेगी, मैं उसके अनुसार काम करूंगा। मैं नहीं चाहता कि कार्यकर्ता या विधायक मेरे लिए आवाज उठाएं या मेरे समर्थन में खड़े हों। मैं अपना कर्तव्य निभाऊंगा। मैं इस कहावत में विश्वास करता हूं।

मणिपुर के कांगपोक्पी जिले के दो गांवों में कर्फ्यू लगाया गया

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में अशांति के बाद अधिकारियों ने शनिवार को दो पड़ोसी गांवों में कर्फ्यू लगा दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जिले के अधिकारियों ने एक आदेश में कहा कि कांगचुप गेलजांग उप-मंडल के अंतर्गत कोंसाखुल और लीलोन वैफेई गांवों में शांति भंग होने की आशंका है। इसमें कहा गया है कि अगले आदेश तक दोनों गांवों में और इसके आसपास लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक गांव के कुकी युवकों द्वारा दूसरे गांव की नगा महिला पर कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद, गत कुछ दिनों से वहां तनाव की स्थिति है। मणिपुर कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय हिंसा का सामना कर रहा है। हिंसा में मई 2023 से अब तक 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

बीएसएफ ने बांग्लादेशियों के एक समूह के तस्करी की कोशिश को नाकाम किया

मालदा (पश्चिम बंगाल)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को कहा कि उसके जवानों ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बांग्लादेशियों के एक समूह द्वारा तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया। यह घटना बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 119वीं बटालियन के अंतर्गत सीमा चौकी नवादा पर सुबह करीब 2:10 बजे घटी।अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने 15-20 हथियारबंद बांग्लादेशियों की हरकत देखी जो सीमा की ओर बढ़ रहे थे। बाड़ के भारतीय हिस्से में भी कई अन्य लोग देखे गए।बीएसएफ द्वारा चुनौती दिए जाने के बावजूद तस्कर बाड़ की ओर बढ़े। उन्होंने जवानों की नजर से बचने के लिए हाई-बीम टॉर्च का इस्तेमाल किया। बीएसएफ ने तस्करों को तितर-बितर करने के लिए शुरू में हवा में दो राउंड गोलियां चलाईं, लेकिन यह प्रयास अप्रभावी साबित हुआ। बीएसएफ के एक बयान में कहा गया, 'इसके बाद तस्करों ने जवानों पर धारदार हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया। जवाब में बीएसएफ कर्मियों ने तस्करी के प्रयास को रोकने के लिए आत्मरक्षा में दो राउंड गोलियां चलाईं। शीघ्र ही अतिरिक्त बल आ गया, जिससे तस्कर भागने को मजबूर हो गए। इसके बाद इलाके की तलाशी में एक विशेष ब्रांड की कफ सिरप की 572 बोतलें, एक धारदार हथियार और एक हाई-बीम टॉर्च बरामद हुई। बीएसएफ ने गोलीबारी में तस्करों के घायल होने की बात से इंकार नहीं किया है। मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में अलग-अलग घटनाओं में बीएसएफ ने सीमा चौकियों नंदनपुर, फर्जीपारा, हरिनाथपुर और चुरियंटपुर पर तस्करी और घुसपैठ के प्रयासों को विफल कर दिया।

भारत में अवैध प्रवेश करने के आरोप में बनगांव से तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

बारासात (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश के तीन नागरिकों को बिना वैध दस्तावेज भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तीनों की पहचान मोहम्मद सोहाग मिया, हसन मिया और यासीन सरकार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान बांग्लादेशियों ने खुलासा किया कि वे फर्जी पासपोर्ट के आधार पर दूसरे देश जाने की योजना बना रहे थे। तीनों को शुक्रवार को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा गया था, जिसके बाद पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक स्थित बनगांव शहर के बनगांव-बागदा रोड से तीनों बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया। तीनों को अदालत में पेश करने के बाद शनिवार को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

बिहार के पहले खेल विश्वविद्यालय को यूजीसी ने मान्यता दी

पटना। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नालंदा जिले के राजगीर में स्थित बिहार के पहले खेल विश्वविद्यालय को मान्यता दे दी है। मान्यता मिलने से अब यह विश्वविद्यालय यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य की पहली खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया था, जो राजगीर में अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का हिस्सा होगा। श्वविद्यालय द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर को यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत यूजीसी से मान्यता मिल गई है। अब विश्वविद्यालय को शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने का अधिकार है, जिसमें शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान में स्नातक और अन्य डिप्लोमाापीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि विश्वविद्यालय की मंशा अगले शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से कई शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने की है इसमें कहा गया है, इन कार्यक्रमों में शामिल हैं, दो या तीन खेलों में खेल कोचिंग में डिप्लोमााापोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडी), योग में डिप्लोमााापोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, चार वर्षीय शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बीपीएड) (राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद से मान्यता के अधीन)। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शिशिर सिन्हा को हाल ही में राज्य सरकार ने बिहार खेल विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया है।

पेज 1 का शेष

दिल्ली...

नड्डा ने एक्स पर कहा, 'सत्ता के नशे में चूर, कुशासन में मस्त। लूट का 'आप दा' मॉडल पूरी तरह से प्रदर्शित है और वह भी शराब जैसी चीज़ पर।' उन्होंने कहा कि आप सरकार को सत्ता से बाहर करने और उसके कुकृत्यों की सजा मिलने में बस कुछ ही सप्ताह बाकी हैं। 'शराबबंदी' पर सीएजी रिपोर्ट ने ञ्अरविंद केजरीवाल और ञ्आमआदमीपार्टी सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन में जानबूझकर की गई चूक को उजागर किया है। उन्होंने आरोप लगाया, 'इससे सरकारी खजाने को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।' भाजपा के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, रिपोर्ट कहां है? भाजपा खुद कहती रहती है कि कोई सीएजी रिपोर्ट पेश नहीं की गई है। आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को भाजपा पर दिल्ली सरकार के खिलाफ झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया और कैग रिपोर्ट के बारे में पार्टी के दावों को 'मनगढ़ंत और निराधार' बताकर खारिज कर दिया। कक्कड़ ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट प्रामाणिक नहीं है और न तो इसे मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल सहित प्रमुख हितधारकों ने देखा है और न ही इसे कैग की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचीबद्ध किया गया है। कक्कड़ ने कहा, 'वे जो रिपोर्ट दिखा रहे हैं, वह फर्जी है और उनके कार्यालय में गढ़ी गई है। इसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। यह वही रणनीति है जिसका इस्तेमाल भाजपा झूठे आरोपों के साथ लोगों को गुमराह करने के लिए बार-बार करती है।' कक्कड़ ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी उनके दावों को निराधार बताकर खारिज कर दिया था। आप सरकार की विवादास्पद शराब नीति पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू की रिपोर्ट 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ आप के लिए एक बड़ा झटका है, जिससे विपक्षी भाजपा और कांग्रेस को नया हथियार मिल गया है। जिन्होंने इसे 'लिक्करगेट' घोटाला करार दिया। विस्फोटक निष्कर्षों से गंभीर उल्लंघन का पता चलता है, जिसमें मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता की कमी, लाइसेंसों का अनुचित जारीकरण और नवीनीकरण, उल्लंघनकर्ताओं को दंडित करने में विफलता, और सरकार द्वारा लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी), कैबिनेट या विधानसभा से अनुमोदन प्राप्त करने में विफलता शामिल है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीति अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रही और आरोप लगाया गया कि आप नेताओं को रिश्वत से लाभ मिला। रिपोर्ट में कहा गया है, 'व्यावसायिक संस्थाओं की वित्तीय क्षमता और प्रबंधन विशेषज्ञता के संबंध में जांच का अभाव था। शराब आपूर्ति श्रृंखला में संबंधित व्यावसायिक संस्थाओं के पास लाइसेंस होने के उदाहरण देखे गए।' शराब आपूर्ति के आंकड़े क्षेत्रीय लाइसेंसधारियों और थोक विक्रेताओं तथा ब्रांड प्रचार के बीच विशिष्टता व्यवस्था का संकेत देते हैं। विस्तारित नीति अवधि के दौरान क्षेत्रीय लाइसेंसों के समर्पण से राजस्व की भारी हानि हुई। उन्होंने कहा, नीति में नियोजित अन्य महत्वपूर्ण उपाय, जैसे प्रयोगशालाओं की स्थापना और गुणवत्ता आश्वासन के लिए बैच परीक्षण, सुपर प्रीमियम विक्रय केन्द्रों की स्थापना आदि, कार्यान्वित नहीं किए गए। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए अपनी रिपोर्ट में अपनी अंतिम सिफारिश में मुर्मू ने कहा, 'देखी गई खामियों के लिए जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जानी चाहिए और प्रवर्तन तंत्र को मजबूत किया जाना चाहिए।' रिपोर्ट पर प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) दिल्ली, अमन दीप चट्ठा ने भी हस्ताक्षर किए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार के तहत घाटे में चल रहे कई बोलीदाताओं को भी लाइसेंस प्रदान किए गए। रिपोर्ट में उस समय आबकारी विभाग के प्रमुख और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्रियों के एक समूह पर भी उंगली उठाई गई और उन पर विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया।

योगी...

दिल्ली से आईं प्रिया शर्मा ने कहा, 'यहां आकर ऐसा लगता है जैसे इतिहास में कदम रख दिया हो। अयोध्या में ऊर्जा और भक्ति अद्वितीय है। रामलला को उनके पूर्ण वैभव में देखना एक भावनात्मक अनुभव है।' वाराणसी के सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश तिवारी ने कहा, 'यह मंदिर सिर्फ पूजा का स्थान नहीं है, बल्कि दुनिया भर के हिंदुओं के लिए एकता और लचीलेपन का प्रतीक है।' इस समारोह में प्रतिदिन औसतन 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु आए तथा संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने इस दृश्य को भगवान राम और उनके भक्तों के बीच गहरे संबंध का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, 'भारी संख्या में लोगों का आना सभी वर्गों के लोगों की खुशी और समर्पण को दर्शाता है।' वर्षगांठ का मुख्य आकर्षण औपचारिक 'पंचामृत अभिषेक' था, जिसमें मूर्ति का दूध, दही, घी, शहद और चीनी से अभिषेक किया गया, जिसके बाद गंगा जल से स्नान कराया गया। भगवान राम को सोने के धागों से बुने हुए पीले वस्त्र पहनाए गए तथा उनके सिर पर हीरे जड़ित मुकुट सुशोभित था। मुख्यमंत्री योगी ने प्रार्थना में भाग लिया, अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा इस आयोजन के आध्यात्मिक और राष्ट्रीय महत्व पर जोर दिया। समारोह का समापन सद्भाव और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें भक्तों ने भगवान राम द्वारा सन्निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कानपुर से आईं गृहिणी मीना गुप्ता, जो अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुईं, ने कहा, 'मंदिर और इसके उत्सव हमें गर्व की अनुभूति कराते हैं और हमारी जड़ों से जुड़ाव का एहसास दिलाते हैं।' भक्ति और आध्यात्मिकता के केंद्र के रूप में अयोध्या का परिवर्तन लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है तथा राम मंदिर आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और एकता का प्रतीक बन रहा है।

कन्नौज...

स्टेशन के नए टर्मिनल का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा, 'बचाव अभियान पूरा होने के बाद घटना की विस्तृत जांच शुरू की जाएगी।' भारतीय रेलवे के एनईआर डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने कन्नौज रेलवे स्टेशन पर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। बयान में एनईआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के हवाले से कहा गया है, 'जांच दल में मुख्य अभियंता, योजना एवं डिजाइन, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर तथा रेलवे सुरक्षा बल के मुख्य सुरक्षा आयुक्त शामिल होंगे।'

प्रधानमंत्री...

अक्टूबर 2024 में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने जेड-मोड़ सुरंग परियोजना स्थल, गगनगीर के पास निर्माण श्रमिकों को निशाना बनाया, जिसमें एक स्थानीय डॉक्टर सहित कुल सात कर्मचारियों की मौत हो गई थी। बाद में केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने क्षेत्र में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की तत्काल सुरक्षा ऑडिट का आदेश दिया और परियोजनाओं को रोकने और उनके निर्माण में देरी करने के लिए निर्माण श्रमिकों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाने से रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी। दीपक शर्मा (57) शामिल हैं; पुलिस ने बताया कि सुरेश कुमार (57), संत राम (57) और अनिल कुमार सेठी (60) सभी उत्तम नगर के निवासी हैं।

एमबीए...

राकांपा (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि पार्टियां हमेशा स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ती रही हैं। उन्होंने कहा, स्थानीय निकाय चुनाव पार्टी कार्यकर्ताओं के होते हैं। अगर हम अपनी सुविधा के अनुसार चुनाव लड़ेंगे तो कार्यकर्ताओं को क्या करना चाहिए, केवल नेताओं दरी उठाएंगे? नागपुर से कांग्रेस विधायक विकास ठाकरे ने कहा कि यदि शिवसेना अकेले चुनाव में जाने का रास्ता अपनाती है तो कांग्रेस भी ऐसा करने के लिए तैयार है। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गोवा के ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शिवसेना (उबाठा) की घोषणा को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमें इस बात की चिंता नहीं है कि एमवीए बरकरार रहेगा या नहीं। मेरी सरकार महाराष्ट्र की प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे आगामी सभी चुनावों में लोगों के समर्थन का भरोसा है। स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले उतरने की शिवसेना की घोषणा ऐसे समय में आई है जब हाल के दिनों में पार्टी द्वारा भाजपा की आलोचना में नरमी बरतने तथा फडणवीस की राजनीति में कुछ भी हो सकता है वाली टिप्पणी की अफवाहें चल रही हैं। फडणवीस ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में कहा, 'यदि आप 2019 से 2024 तक के घटनाक्रमों को देखें तो मुझे एहसास हुआ कि कभी भी कुछ भी नहीं कहना चाहिए और कुछ भी हो सकता है। उद्धव ठाकरे किसी अन्य पार्टी में चले जाते हैं और अजित पवार हमारे पास आ जाते हैं। राजनीति में कुछ भी हो सकता है, हालांकि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ऐसा होना चाहिए।' उन्होंने कहा था कि उनके अलग हुए मित्र उद्धव ठाकरे कोई 'शत्रु' नहीं हैं।

गैंडे...

पुलिस ने बताया कि चारों लोग सफेद गैंडे के सींगों के अवैध व्यापार में संलिप्त पाए गए। सफेद गैंडा अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला एक प्रजाति है और इसे अत्यधिक संकटग्रस्त माना जाता है। 9 जनवरी को फर्जी ग्राहक ने एक करोड़ रुपये में सौदा तय किया और टीम ने लाजपत नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा, जहां चार लोगों के पास गैंडे के दो सींग मिले। सैन ने बताया कि सभी से पूछा गया कि क्या उनके पास सींगों के कानूनी कब्जे से संबंधित कोई दस्तावेज है, लेकिन वे ऐसा कोई दस्तावेज नहीं दे सके। ऑपरेशन के एक हिस्से के रूप में, कांस्टेबल नवीन को एक नकली ग्राहक के रूप में तैनात किया गया था। बातचीत के बाद, सींगों की बिक्री का सौदा 1 करोड़ रुपये में तय हुआ, अपराधियों ने खरीदार को सींग देने की योजना बनाई। टीम ने एक घर पर छापा मारा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) संजय कुमार सैन ने बताया, पुलिस ने लाजपत नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा, जहां से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और दो सींग बरामद कर लिए गए। अधिकारी ने आगे बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी सींगों के कानूनी कब्जे को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने में असफल रहा। वन्यजीव विशेषज्ञों ने सींगों की जांच की और पुष्टि की कि वे सफेद गैंडे के थे। पुलिस ने बताया कि इन सींगों की दुर्लभता और मांग के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी कीमत है। जांच के दौरान पता चला कि दीपक शर्मा नामक संदिग्ध के पास उसके दादा के समय के पिछले 90 वर्षों के दो सींग थे और उसने उन्हें अफ्रीकी सफेद गैंडे के दुर्लभ और प्राचीन वस्तु के रूप में संरक्षित कर रखा था। कोविड-19 महामारी के बाद से वह कारोबारी घाटे में फंस गए हैं और उन पर 35-40 लाख रुपये का कर्ज है। वह जानता था कि ये सींग दुर्लभ हैं और इनकी कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक है, इसलिए अपनी खराब वित्तीय स्थिति के कारण उसने अच्छा पैसा कमाने के लिए इन प्राचीन सींगों को बेचने का फैसला किया। पुलिस ने बताया कि सींगों की ऊंची कीमत जानने के बाद शर्मा ने उत्तम नगर के महंत सुरेश कुमार से सींगों को एक करोड़ रुपये में बेचने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि कुमार ने सरकारी कर्मचारी संत राम से संपर्क किया, जिन्होंने सौदे को अंतिम रूप देने के लिए निजी कर्मचारी अनिल कुमार सेठी से संपर्क किया। यह समूह वित्तीय संकट से प्रेरित था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति ऋ्रण या वित्तीय दायित्वों का सामना कर रहा था। सुरेश कुमार को आश्रम में निर्माण कार्य के लिए धन की आवश्यकता थी, जबकि संत राम और अनिल कुमार भी कर्ज में थे और सींगों की बिक्री को जीवन यापन का एक तरीका मान रहे थे। पुलिस ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें वन्यजीव उत्पादों के अवैध कब्जे और बिक्री से संबंधित आरोप शामिल हैं।

मशरूम..

रूप में 20 से 22 लाख रुपये की आमदनी हो रही है। प्रहलाद सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अधिकांश होलसेलर फार्म पर आकर ही मशरूम ले जा रहे हैं। इससे उन्हें बाजार में जाने की आवश्यकता भी नही है। उन्होंने बताया कि वे अभी गुरुग्राम व एनसीआर में अन्य बड़े फूड संस्थानों में डायरेक्ट डील के लिए प्रयासरत हैं। जिला बागवानी अधिकारी नेहा यादव ने कहा कि किसानों को सिर्फ सकारात्मक प्रयास करने की जरूरत है। बागवानी विभाग उनकी हर संभव मदद को तैयार है। जिला में उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा विभागीय स्कीम के तहत मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें जनरल कैटेगरी में 40 प्रतिशत व अनुसूचित जाति श्रेणी में 85 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी।

आईएमडी...

करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'यदि एहतियाती कदम नहीं उठाए गए तो इससे सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं।' मौसम विभाग ने यह भी कहा कि घने कोहरे वाले मार्गों पर बिजली की लाइनें गिरने की संभावना है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 14 जनवरी, 2025 की रात से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। इसके प्रभाव में, 15-17 जनवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश में छिटपुट वर्षा/बर्फबारी की संभावना है। 14 और 15 जनवरी को पूर्वी राजस्थान में छिटपुट बारिश की गतिविधियां होंगी। इस बीच, बेघरों के कल्याण के लिए काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) ने शनिवार को दावा किया कि 15 नवंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 के बीच ठंड के कारण दिल्ली में कम से कम 474 बेघर लोगों की मौत हो चुकी है। इस पर कोई आधिकारिक डेटा उपलब्ध नहीं है। दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि धवन को संबोधित एक पत्र में, सीएचडी ने पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए संकेत दिया कि शहर में 'अज्ञात शवों' में से 80 प्रतिशत बेघर लोगों के हैं।

केरल में पुलिस कार्रवाई के बाद अंगमाली-एर्नाकुलम आर्चडायोसिस में तनावपूर्ण माहौल

कोच्चि (भाषा)। केरल के कोच्चि में अंगमाली - एर्नाकुलम आर्चडायोसिस के बिशप हाउस के बाहर उस वक्त तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब पुलिस ने शनिवार को वहां से कई पादरियों को हटा दिया, जो एक चर्च प्रशासक द्वारा जारी कुछ दस्तावेजों को वापस लेने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर थे। मतावलंबियों और पादरियों ने पुलिस कार्वाई की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने मीडिया के समक्ष दावा किया कि शनिवार सुबह पुलिस ने प्रदर्शनकारी पादरियों को जबरन बिशप हाउस से बाहर निकाला। हालांकि पुलिस ने आरोपों से इनकार किया। इस बीच, आर्चडायोसिस में तनाव के बीच, इसके नेतृत्व में परिवर्तन हुआ।

साइरो-मालाबार मेजर आर्चीपिस्कोपल क्यूरिया द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि एर्नाकुलम-अंगमाली के आर्किपार्कि के अपोस्टोलिक प्रशासक के पद से बिशप पुथुर का इस्तीफा पोप फ्रांसिस ने शनिवार को स्वीकार कर लिया। बयान में कहा गया कि बिशप पुथुर ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए सितंबर 2024 में अपना इस्तीफा सौंप दिया था। इससे पहले, टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों से यह भी पता चलता है कि पुलिस कार्वाई में कुछ प्रदर्शनकारी पादरी घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में मतावलंबी और पादरी सेंट मैरी बेसिलिका पहुंचने लगे, जहां प्रदर्शनकारी पादरियों को स्थानांतरित कर दिया गया था और बड़ी संख्या में पुलिस भी वहां देखी गई। अंगमाली-एर्नाकुलम आर्चडायोसिस मुख्यालय के बाहर मतावलंबियों की पुलिस के साथ तीखी बहस भी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि एर्नाकुलम के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सी जयकुमार ने कहा है कि सरकार अंगमाली-एर्नाकुलम आर्चडायोसिस के खिलाफ है। एसीपी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मीडिया की सुर्खियों के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं।

नट-बोल्ट तक सीमित स्वदेशीकरण का कोई अर्थ नहीं : धनखड़

भाषा। बेंगलुरु

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जमीनी हकीकत को बदलने में सक्षम प्रामाणिक और व्यावहारिक शोध का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि ऐसे स्वदेशीकरण का कोई अर्थ नहीं है जोकि नट-बोल्ट तक सीमित हो। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण का हमारा लक्ष्य 100 प्रतिशत पूर्णता होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने नवाचार और अनुसंधान में जुटने की भावना पर जोर देते हुए कहा कि इसे स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए।उपराष्ट्रपति यहां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, बीईएल के सीएमडी मनोज जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।धनखड़ ने कहा, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यदि आप देखें, तो हमारा पेटेंट योगदान वांछित स्तर से बहुत पीछे है। जब शोध की बात आती है, तो शोध प्रामाणिक होना चाहिए। शोध अत्याधुनिक होना चाहिए। शोध व्यावहारिक होना चाहिए। शोध से जमीनी हकीकत बदलनी होगी। ऐसे शोध का कोई फायदा नहीं है जो सतही खरोंच से थोड़ा आगे तक जाता हो। आपका शोध उस बदलाव से मेल खाना चाहिए जो आप लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रामाणिक शोध को ही शोध के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और अनुसंधान की अनदेखी करने वालों के लिए मानक कड़े होने चाहिए। धनखड़ ने कहा कि आपका ट्रैक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली है, लेकिन जब पूरा देश प्रत्याशा के मूड में है तो वह और अधिक की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, हम अपने सम्मान के लिए पिछली उपलब्धियों पर नहीं निर्भर रह सकते। विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, जब पेटेंट के माध्यम से देश के योगदान की बात आती है, तो यह उन क्षेत्रों में नहीं है जहां हम योगदान दे रहे हैं। हमारी उपस्थिति बहुत कम है। उन्होंने कहा, हम मानवता का छठा हिस्सा हैं। हमारी प्रतिभा हमें व्यापक स्तर पर भागीदारी करने की अनुमति देती है और इसके लिए, प्रबंधकीय पद पर, प्रशासन के पद पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति को पहल करनी होगी। यह आवश्यक है, क्योंकि जब हम अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देंगे तभी हम वैश्विक समुदाय में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर सकेंगे। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना इसी में निहित है। उपराष्ट्रपति ने इस बात की तरफ भी इंगित किया कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान और विकास में कॉरपोरेट के योगदान की बात आती है तो देश को शायद ही कभी गिना जाता है। धनखड़ ने कहा कि विभिन्न कॉरपोरेट की कल्पना प्रबुद्ध प्रबंधकीय कौशल से की जाती है।

सेवा विस्तार से उन लोगों को नुकसान होगा जो कतार में हैं : उपराष्ट्रपति

बेंगलुरू। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि सेवा में विस्तार या किसी विशेष पद के लिए किसी भी रूप में विस्तार उन लोगों के लिए झटका होता है जो कतार में हैं। धनखड़ ने यहां राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही।उनके अनुसार, सेवा विस्तार से यह संकेत मिलता है कि कुछ व्यक्ति अपरिहार्य हैं। धनखड़ ने कहा, अपरिहार्यता एक मिथक है। इस देश में प्रतिभाओं की भरमार है। कोई भी अपरिहार्य नहीं है। इसलिए, यह राज्य और केंद्र स्तर पर लोक सेवा आयोगों के अधिकार क्षेत्र में है कि जब ऐसी परिस्थितियों में उनकी भूमिका हो, तो उन्हें दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोक सेवा आयोगों की नियुक्तियां संरक्षण या पक्षपात से प्रेरित नहीं हो सकतीं।

ऊर्जा सुरक्षा 2027 से पहले ही अर्थव्यवस्था के चार लाख डॉलर पर पहुंचने को गति देगी: हरदीप पुरी

भाषा। मंगलुरु

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा वर्ष 2027 के अनुमानित लक्ष्य से काफी पहले ही चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के राष्ट्रीय प्रयासों को गति देगी।पुरी ने यहां सातवें मंगलुरु साहित्य महोत्सव के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्ष 2027 तक अपने लक्ष्य पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है। पुरी ने कहा, हालांकि अगर मौजूदा रफ्तार जारी रही तो भारत उससे बहुत पहले ही वहां तक पहुंच जाएगा। पुरी ने कहा कि दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। हालांकि कुछ तेल उत्पादक और निर्यातक देश अपने लाभ के लिए गिरोहबंदी कर जीवाश्म ईंधन को अल्पकालिक संसाधन के रूप में पेश करते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने अपनी तेल रिफाइनरी क्षमता को 50 लाख बैरल से बढ़ाकर 54 लाख बैरल प्रतिदिन कर दिया है तथा स्थापित क्षमता को 60-70 लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने की गुंजाइश बनी हुई है।पुरी ने कहा, हमारी तेल कूटनीति भी उच्च स्तर पर है। पश्चिम एशिया के पारंपरिक बाजारों के साथ भारत अब रूस के अलावा अमेरिका एवं सूरीनाम से भी कच्चे तेल का आयात करता है। ईंधन प्रचुरता परिदृश्य की पुष्टि करते हुए पुरी ने कहा कि अमेरिका तेल बाजार में 1.3 करोड़ बैरल डालेगा। पुरी ने कहा, हालांकि, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए उपलब्धता और सामर्थ्य जैसी चुनौतियां चिंताजनक हैं।

गोयल ने लहसुन कारोबारियों को अवैध आयात पर गौर करने का आश्वासन दिया

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लहसुन के अवैध आयात को लेकर कारोबारियों की चिंताओं पर गौर करने का आश्वासन दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि लहसुन कारोबारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को गोयल से मुलाकात की और चीन से लहसुन के आयात की वजह से किसानों एवं कारोबारियों को पेश आ रही मुश्किलों को उजागर किया। कारोबारियों ने कहा कि चीन के लहसुन पर प्रतिबंध होने के बावजूद उसे भारत में लाया जा रहा है, जिससे किसानों और व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। इससे लहसुन का बाजार भी खराब हो रहा है। कारोबारियों ने आरोप लगाया है कि चीन से आयात पर प्रतिबंध को दरकिनार करने के लिए कुछ आयात अफगानिस्तान, ईरान और इराक के रास्ते किए गए हैं।

यामी गौतम ने ऊना में मां चिंतपूर्णी मंदिर में पूजा की

ऊना (हिमाचल प्रदेश)। अभिनेत्री यामी गौतम ने शनिवार को ऊना जिले में मां चिंतपूर्णी के प्रसिद्ध मंदिर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी रविंद्र शिंदा पूजा-अर्चना के दौरान यामी और उनके परिवार के साथ थे। मंडी जिले से ताल्लुक रखने वाली और विक्की डोनर, उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, ए थर्सडे और आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए मशहूर अभिनेत्री को मंदिर के पुजारियों और अन्य ने माता चिंतपूर्णी की एक तस्वीर भेंट की। यामी फिलहाल राज्य के विभिन्न शक्तिपीठों की यात्रा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में इमारत के निर्माण के दौरान हादसा, दो मजदूरों की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शनिवार को एक निर्माणाधीन इमारत में स्लैब डालने के दौरान निर्माण कार्य के लिए तैयार ढांचा गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह घटना वीआईपी रोड पर विशाल नगर इलाके में हुई, जहां एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे इमारत की सातवी और दसवी मंजिल के बीच स्लैब डाला जा रहा था कि तभी निर्माण कार्य के लिए बनाया गया ढांचा टूट गया।अधिकारी ने बताया कि मलबे में फंसे आठ मजदूरों को बाहर निकालकर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

टाटा प्ले पर दिव्य महाकुंभ के दर्शन प्रयागराज से

मंबई। हर हर महादेव, महाकुंभ में शामिल होने का महासंयोग अब आप सभी को प्राप्त होने वाला है, वो भी घर बैठे आराम से। क्योंकि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक टाटा प्ले लेकर आ रहा है अपने अराधना चैनल पर 24/7 महाकुंभ दर्शन का सीधा प्रसारण, जिसमें आप बिना किसी विज्ञापन के दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे। शाही स्नान (पवित्र स्नान), मंत्रमुग्ध करने वाली शाम की गंगा आरती, अखाड़ों के रंगीन जुलूस और प्रसिद्ध दिग्गजों द्वारा आध्यात्मिक उपदेश के साथ शानदार दृश्य ख़ास आप सभी के लिए प्रसारित किए जाएंगे। टाटा प्ले अराधना ग्राहकों के लिए पूरी तरह से मुफ्त है। जहां टाटा प्ले अराधना पर नियमित कार्यक्रम चैनल - 1051 पर जारी रहेगा, वहीं महाकुंभ दर्शन का 24/7 फीड चैनल- 1052 पर देख सकेंगे। तो बिना चूके एक भी पल लगातार महाकुंभ के जादू, उसकी आध्यात्मिकता और श्रद्धा में सराबोर होने के लिए तैयार हो जाएं। यह टीवी और टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा।

तमिलनाडु में वीसीके को मिला मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय पार्टी का दर्जा

चेन्नई। विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) को निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यस्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता दे दी गई है। पार्टी प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने शनिवार को यह जानकारी दी। थिरुमावलवन ने कहा कि उनकी पार्टी को आधिकारिक तौर पर मटका चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के पत्र की एक प्रति सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट की। निर्वाचन आयोग की ओर से वीसीके को 10 जनवरी, 2025 को लिखे गए पत्र के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा से पता चला है कि इसने राज्यस्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता के मानदंडों को पूरा किया है, इसलिए इसे राज्यस्तरीय पार्टी की मान्यता दी गई है। साथ ही, जून 2024 में पार्टी द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार तमिलनाडु में वीसीके के लिए चुनाव चिह्न मटका आरक्षित किया गया है।

ओडिशा के संस्कृत विद्वान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर महाकाव्य लिखा

भाषा। ब्रह्मपुर (ओडिशा)

ओडिशा के गंजाम जिले के एक संस्कृत विद्वान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और कार्यों पर संस्कृत भाषा में एक महाकाव्य लिखा है। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति में एसोसिएट प्रोफेसर सोमनाथ दास द्वारा लिखित और सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल, गुजरात द्वारा प्रकाशित 700 पन्नों की कृति नरेन्द्र आरोहणम का पिछले सप्ताह वेरावल में आयोजित एक युवा महोत्सव में विमोचन किया गया। इस पुस्तक में 12 अध्यायों में 1,200 श्लोक हैं, जिनमें अंग्रेजी और हिंदी में वर्णन है। इसमें मोदी की जीवन यात्रा, उनके बचपन की गतिविधियों, गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में और प्रधानमंत्री के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल तक का वर्णन किया गया है। दास (48) ने कहा, गुजरात के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे और आज वह दुनिया के सभी युवाओं के लिए आदर्श बन गए हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा और जीवन का संघर्ष हमेशा इतिहास में अंकित रहेगा। इसलिए मैंने ऐसे व्यक्तित्व के जीवन और कार्यों को संस्कृत में लिखने का फैसला किया है। दास ने कहा कि इस पुस्तक को पूरा करने में उन्हें चार वर्ष से अधिक का समय लगा, जिसमें संस्कृत प्रोफेसरों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। दास ने कहा कि वह कभी मोदी से नहीं मिले हैं, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री के जीवन और कार्यों के बारे में विभिन्न पुस्तकों, पत्रिकाओं, उनके भाषणों और उनके मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात तथा अन्य माध्यमों से सामग्री एकत्र की है।

बीपीएससी ने उसके खिलाफ आरोप लगाने वाले नेताओं व कोचिंग संस्थानों को कानूनी नोटिस भेजा

भाषा। पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शनिवार को कहा कि उसने उन नेताओं सहित कोचिंग संस्थानों से जुड़े कई व्यक्तियों को कानूनी नोटिस भेजा है, जिन्होंने 13 दिसंबर को राज्य भर में आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) को लेकर उठे विवाद पर आयोग के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं। बीएसपीसी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, आयोग ने नेताओं, कोचिंग संस्थानों से जुड़े कुछ लोगों सहित कई अन्य व्यक्तियों को नोटिस भेजे हैं... जिन्होंने बीपीएससी के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं... जल्द ही कुछ और नोटिस भेजे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने नोटिस भेजे जाने वालों के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन जन सुराज पार्टी के उपाध्यक्ष वाई वी गिरि ने पुष्टि की कि नोटिस प्राप्त करने वालों में पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल हैं। परीक्षा रद्द करके इसे दोबारा आयोजित करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में आमरण अनशन करने के चलते तबीयत बिगड़ने के बाद किशोर फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। बीपीएससी नोटिस में किशोर से कहा गया है कि वे सीसीई में गड़बड़ी के बारे में अपने आरोपों का समर्थन करने के लिए सात दिनों के भीतर ठोस और सत्यापन योग्य सबूतों का पूरा विवरण प्रदान करें। नोटिस में किशोर पर मानहानिकारक और निराधार बयान देने का आरोप लगाया गया है। नोटिस के अनुसार, किशोर ने हाल ही में साक्षात्कारों में आरोप लगाया कि नौकरियां एक करोड़ रुपए से 1.5 करोड़ रुपए में बेची गईं और दावा किया कि यह घोटाला 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का है। नोटिस पाने वालों में पटना में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने वाले और यूट्यूबर खान सर भी शामिल हैं। खान ने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, मुझे विरोध कर रहे बीपीएससी उम्मीदवारों के समर्थन में मेरे भाषणों के लिए बीपीएससी से कानूनी नोटिस मिला है। मैं अपने वकीलों से परामर्श करने के बाद जल्द ही अपना जवाब भेजूंगा। लेकिन, एक बात मैं जरूर कहूंगा कि मैं छात्रों के हित के लिए लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, हम 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं से संबंधित मुद्दे पर पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने खान सर से जुड़े पटना स्थित एक कोचिंग संस्थान के खिलाफ भी बीपीएससी परीक्षा से संबंधित गलत सूचना फैलाने के आरोप में एक नई प्राथमिकी दर्ज की है। बीपीएससी के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस संबंध में पटना स्थित कई अन्य व्यक्तियों और कोचिंग संस्थानों के मालिकों को नोटिस भेजे गए हैं। इस बीच, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बीपीएससी की 13 दिसंबर की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ गर्दनी बाग का दौरा किया, जहां बीपीएससी के अभ्यर्थी 13 दिसंबर की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पिछले तीन सप्ताह से धरना दे रहे हैं।

पिछले साल भारत से मलेशिया जाने वाले पर्यटक 72% बढ़े

चेन्नई। उड़ान सेवाएं बेहतर होने से पिछले साल भारत से मलेशिया जाने वाले यात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड 71.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मलेशिया के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चेन्नई में मलेशिया के महावाणिज्यदूत सरवण कुमार कुमारवासगम ने कहा कि मलेशिया में वर्ष 2024 के दौरान भारत से 10,09,114 पर्यटक पहुंचे जो 2023 की तुलना में 71.7 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि में चेन्नई से पेनांग, बेंगलुरु से लंगकावी और बेंगलुरु से कुआलालंपुर सहित नए उड़ान मार्गों की अहम भूमिका रही। इसके अलावा भारतीय नागरिकों के लिए वीजा छूट बढ़ाए जाने से भी भारतीय पर्यटकों की तादाद बढ़ी है। कुमारवासगन ने एक बयान में कहा कि मलेशिया द्वारा भारतीय नागरिकों के लिए 30-दिवसीय वीजा छूट को दिसंबर, 2026 तक बढ़ाया जाना दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

असम के इतिहास और परंपराओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए यूट्यूबर ने मांगी माफी

गुवाहाटी। असम के इतिहास और परंपराओं पर सोशल मीडिया पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति ने शनिवार को माफी मांगी और दावा किया कि उसका इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अभिषेक कर के खिलाफ यूट्यूब वीडियो में अपमानजनक टिप्पणी करने और गलत सूचना फैलाने के आरोप में पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को कर ने माफी मांगी और दावा किया कि उसका इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अपने यूट्यूब चैनल के विवरण में खुद को ट्रेडर, निवेशक और सलाहकार बताने वाले कर ने भविष्य में किसी दूसरे पक्ष से मिली जानकारी को सार्वजनिक करने से पहले उसकी पुष्टि करने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस जय संविधान अभियान की शुरुआत करेगी

भोपाल। कांग्रेस 27 जनवरी को मध्यप्रदेश में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जन्मस्थली महू से अपना राष्ट्रव्यापी जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान शुरू करेगी। पार्टी के महासचिव जितेंद्र सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह बाबा साहब आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी नहीं मांग लेते और नरेन्द्र मोदी सरकार से इस्तीफा नहीं दे देते।जितेंद्र सिंह ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, हमारी पार्टी के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता इस पवित्र भूमि पर अभियान में हिस्सा लेंगे।मध्यप्रदेश और असम के राजनीतिक मामलों के प्रभारी एआईसीसी महासचिव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसद और राज्य विधानसभाओं में अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करती है और संविधान का पालन नहीं करती है, क्योंकि वे उसमें विश्वास नहीं करते हैं। हिटलरशाही भाजपा शासन में पूरे देश में अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और दलितों के खिलाफ अत्याचार बढ़ गए हैं।

रीजीजू सऊदी अरब की पांच-दिवसीय यात्रा पर रवाना, हज यात्रा के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे

नई दिल्ली। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू 2025 की हज यात्रा को लेकर द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए शनिवार को सऊदी अरब की पांच-दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा के तहत भारत 2025 के हज के लिए 10,000 अतिरिक्त कोटा मांग रहा है। रीजीजू सोमवार को सऊदी अरब के मंत्री तौफीक बिन फवजान अल रबिया से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। रीजीजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं हज-2025 को लेकर द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने और हमारे दो महान देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए सऊदी अरब का दौरा करने को उत्सुक हूं। रीजीजू सऊदी के परिवहन और रसद सेवा मंत्री सालेह अल जस्सर से भी मिलेंगे और उनके साथ हज उड़ान संचालन तथा यात्रा से संबंधित बस और ट्रेन सेवाओं पर चर्चा करेंगे। रीजीजू भारतीय हज यात्रियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले जेद्दा हज टर्मिनल का भी दौरा करेंगे, जहां सरकार ने यात्रा सुविधा के लिए एक कार्यालय स्थान निर्धारित किया है। कुछ भारतीय हज यात्री पारगमन के लिए जेद्दा हवाई अड्डे के टर्मिनल वन का इस्तेमाल करते हैं, जहां हाई-स्पीड रेल सेवा भी है।

बीरेन सिंह ने नगा नेताओं से मणिपुर के जातीय संकट को सुलझाने में सहयोग करने का आग्रह किया

भाषा। इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को गिरजाघर और नगा समुदाय के नेताओं से राज्य में जारी जातीय संघर्ष को सुलझाने में व्यापक भूमिका निभाने का अनुरोध किया। मई 2023 से कुकी और मेइती समुदायों के बीच संघर्ष में 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। नगा समुदाय इस संघर्ष में शामिल नहीं था। नगा बहुल सेनापति जिले के मारम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, मैं नगा समुदायों से अपील करना चाहता हूं कि मौजूदा मुद्दों को सुलझाने और शांति बहाली के लिए तीसरे पक्ष की आवश्यकता है। इसके लिए गिरजाघर और समुदाय के नेताओं को जिम्मेदारी लेने और पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों और समस्याओं का समाधान संविधान और मणिपुर सरकार के कानूनों के तहत किया जा सकता है। जो कुछ भी हुआ सो हुआ। जैसा कि मैंने नए साल के अपने संदेश में कहा था, अब भूलने और माफ करने का समय है। हमें मिलकर शांति के मार्ग पर चलना होगा और मणिपुर को पहले जैसा बनाना होगा। हमें इस संकट को हल करने के लिए मिलकर काम करना होगा।

एमवीए विधानसभा चुनाव में हार से अब तक नहीं उबर पाईः अध्यक्ष तटकरे

भाषा। मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने शनिवार को कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने का शिवसेना (यूबीटी) का फैसला विधानसभा चुनाव में भारी हार के कारण एमवीए में पैदा हुई बेचैनी को दर्शाता है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत द्वारा पार्टी के स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए तटकरे ने यह बात कही। राकांपा नेता ने कहा कि इंडिया गुट और महा विकास आघाडी उस एकमात्र एजेंडे के कारण अस्तित्व में आए जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना था। तटकरे ने संवाददाताओं से कहा, एमवीए अब भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार को पचा नहीं पा रहा है। विपक्षी गुट में दोषारोपण की होड़ चल रही है। स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले उतरने की यह घोषणा केंद्र और राज्य में मजबूत तथा स्थिर सरकारों को लेकर बेचैनी को दर्शाती है। भाजपा शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महायुति गठबंधन को हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में 288 सीट में से 230 सीट पर विजय मिली।

गौरव गोगोई ने की पीएम से असम की खनन त्रासदी की एसआईटी जांच कराने की अपील

गुवाहाटी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर असम में हुई खनन त्रासदी की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की है। असम में इस त्रासदी में एक कोयला खदान में कई मजदूरों की मौत हो गई थी। गोगोई ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूर्वोत्तर राज्य में कानून को कड़ाई से नहीं लागू करने और स्थानीय मिलीभगत के कारण अवैध खनन बेरोकटोक जारी है। दीमा हसाओ जिले के उमरांगसू में सोमवार को एक कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से नौ मजदूर फंस गए। अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने कहा, आज बचाव अभियान का छठा दिन है लेकिन दीमा हसाओ में अवैध कोयला खदान में फंसे कोयला खनिकों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। असम में अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है, क्योंकि कानून के कड़ाई से लागू नहीं किए जाने तथा स्थानीय मिलीभगत के कारण इसे बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस त्रासदी की तत्काल एसआईटी जांच कराने की अपील की है। गोगोई ने प्रधानमंत्री से अपील की कि प्रस्तावित विशेष जांच दल (एसआईटी) को न केवल अवैध खदान गतिविधि की जांच करनी चाहिए और इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करनी चाहिए, बल्कि व्यापक मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, इसमें एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) द्वारा रैट-होल खनन पर लगाए गए प्रतिबंध को लागू करने में विफलता, जिला प्रशासन और जिला पुलिस सहित स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत शामिल है, जिन्होंने बार-बार दुर्घटनाएं होने और चेतावनी दिए जाने के बावजूद इन अवैध गतिविधियों को जारी रहने दिया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी को सुरक्षा मानकों एवं इन खदानों की कार्यदशा को भी परखना चाहिए जिनकी लगातार उपेक्षा की जाती है और उसके फलस्वरूप ऐसी जानलेवा घटनाएं होती हैं।

हमीरपुर में बाबा बालक नाथ ट्रस्ट के 300 कर्मियों को पेंशन मिलेगी : सुक्खू

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को घोषणा की कि हमीरपुर जिले में स्थित बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध के सेवानिवृत्त और मौजूदा कर्मचारियों सहित कम से कम 300 लोगों को पेंशन दी जाएगी।जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आए सुक्खू ने कहा कि बाबा बालक नाथ महाविद्यालय चकमोह, संस्कृत महाविद्यालय और मॉडल स्कूल में कार्यरत कर्मचारियों को भी पेंशन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर्मचारी हितैषी है और वह हर समय कर्मचारियों के हित में निर्णय लेती है। मंदिर के पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सरकार के इस फैसले से पिछले तीन साल में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा।

मप्र में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में शामिल होंगे प्रधानमंत्री : मोहन यादव

भाषा। इंदौर

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य में औद्योगीकरण को रफ्तार देने के मकसद से राजधानी भोपाल में फरवरी के दौरान आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे।अधिकारियों ने बताया कि भोपाल में 24 और 25 फरवरी को वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश का आठवां संस्करण आयोजित होगा। प्रदेश सरकार औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर दो साल में यह आयोजन करती है।मुख्यमंत्री यादव ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, भोपाल में फरवरी में आयोजित होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी इस आयोजन का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि सूबे के अलग-अलग स्थानों पर अब तक आयोजित छह क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलनों में कुल चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं और इनके मूर्त रूप लेने पर तीन लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 जनवरी को सातवां क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन शहडोल में आयोजित होगा।यादव ने इंदौर पहुंचने से पहले, आदिवासी बहुल बड़वानी जिले में करीब 2,491 करोड़ रुपए की लागत

एसआईटी ने क्लेम में फ्रॉड का खुलासा किया

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा दायर याचिका पर माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालयए लखनऊ बेंच द्वारा गठित विशेष जांच दल एसआईटी द्वारा की गई गहन जांच में सड़क दुर्घटना दावों क्लेम में चौंका देने वाली धोखाधड़ी का पता चला है। एक विशेष मामले मेंए जिसमें चंद्रावती उर्फ इंद्रावती की दुखद मौत के बाद दायर किया गया क?लेम शामिल हैए जिनकी मृत्यु 10 फरवरी 2019 को हुई थी उनकी मृत्यु नवंबर 2018 में हुई एक कथित सड़क दुर्घटना के बाद हुई थी। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड में हेड आईसीएलएम एंड मोटर थर्ड पार्टी क्लेम्स एंड लिटिगेशन नजीम खान ने कहा कि हम इस मामले में सच्चाई सामने लाने के लिए एसआईटी की सराहना करते हैं। उनके द्वारा सामने लाए गए निष्कर्ष से हमारे उन प्रयासों को बल मिलता हैए जिसमें हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इंश?योरेंस की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। धोखाधड़ी वाले दावे जनता के भरोसे को खत्म करते हैं और इंश्योरेंस इकोसिस्टम की नींव को कमजोर करते हैं। हम न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जांच और सहयोग करके धोखाधड़ी को रोकने के अपने प्रयासों में लगातार मजबूती से काम करते रहेंगे। शुरुआत में 5 नवंबर 2018 को से मोटरसाइकिल की टक्कर के रूप में रिपोर्ट किया गया। जिसमें यह दावा किया गया कि चंद्रावती और उनके पति ओम प्रकाश, रामपुर में सीआरपीएफ गेट के पास सड़क किनारे खड़े थे।

नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा

नई दिल्ली। बेवरेज उद्योग की अग्रणी संस्था, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई), उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर राज्य में नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य राज्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार शराब सेवन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य, सड़क दुर्घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में मौतों का सामना करता है, खासकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर। नशे में गाड़ी चलाने के कारण 2.5प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु होती है, जिसमें अधिकतर पीड़ित अपने सबसे उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं। अभियान की शुरुआत करते हुए, नितिन अग्रवाल, आबकारी, उत्तर प्रदेश, ने राज्य सरकार की सड़क सुरक्षा और नागरिकों के कल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, और यह अभियान सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देता है, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त, डॉ. आदर्श सिंह ने कहा,यह एक सराहनीय पहल है। लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पुलिस आयुक्तालय के सहायक पुलिस आयुक्त, विकास कुमार पांडे ने प्रवर्तन और शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारे नागरिक सड़क पर सुरक्षित रहें। इस अवसर पर आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा, हम उत्तर प्रदेश पुलिस और यूपी आबकारी विभाग के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान में साझेदारी करने के लिए सम्मानित हैं।

ट्रंप को हरा देता पर पार्टी की एकजुटता की खातिर पीछे हटा : राष्ट्रपति बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह नवंबर में हुए आम चुनावों में ट्रंप को हरा देते लेकिन उन्होंने डेमोक्रिटिक पार्टी की एकजुटता की खातिर चुनाव के बीच उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया। बाइडन से शुक्रवार को यहां व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया, राष्ट्रपति महोदय, क्या आपको चुनाव न लड़ने के अपने फैसले पर खेद है? क्या आपको लगता है कि आपने अपने पूर्ववर्ती (ट्रंप) को अपना उत्तराधिकारी बनने का आसान मौका दिया? इसपर बाइडन ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। मुझे लगता है कि मैं ट्रंप को हरा देता, हरा सकता था। मुझे लगता है कि कमला (हैरिस) ट्रंप को हरा सकती थीं। उन्होंने कहा,पार्टी को एकजुट करना महत्वपूर्ण है और जब पार्टी इस बात को लेकर चिंतित थी कि मैं आगे बढ़ पाऊंगा या नहीं, तो मैंने सोचा कि पार्टी को एकजुट करना बेहतर होगा। हालांकि मुझे लगा था कि मैं फिर से जीत सकता हूं। जून में अटलांटा में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच हुई डिबेट में बाइडन (82) का प्रदर्शन कुछ खास नहीं था जिसके बाद से उनकी ही पार्टी के सदस्य बाइडन के इस पद की दौड़ से हटने की बात करने लगे थे और अंततः बाइडन ने ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का फैसला किया था। बाइडन की जगह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया था। हालांकि उन्हें ट्रंप के हाथों हार का सामना करना पड़ा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन ने कहा कि कमला हैरिस फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा निर्णय है जिसके बारे में वह सोच सकती हैं। वह चार साल बाद फिर से चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है। यह निर्णय उन्हें ही लेना होगा। इस दौरान बाइडन से पूछा गया, क्या आप राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद भी सक्रिय रहने की योजना बना रहे हैं, या आप बुश मॉडल का अनुसरण करने जा रहे हैं, जहां आप लोगों की नजरों से ओझल रहेंगे? इसका जवाब देते हुए बाइडन ने कहा,"मैं न तो नजरों से ओझल होऊंगा और न ही दिलों से।

रूस पर प्रतिबंध लगाने से यूक्रेन को मदद मिलेगी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका ने रूस पर बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए है ताकि यूक्रेन को अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने और मॉस्को के खिलाफ लड़ने मे मदद मिल सके। डोनाल्ड ट्रंप को कमान सौंपने से दस दिन पहले, बाइडन प्रशासन ने उन कंपनियो और संस्थाओ पर प्रतिबंध लगा दिए जो ऊर्जा, खास तौर पर गैस के निर्यात मे रूस की मदद करती है। इनमे से दो कंपनियां भारत की है। प्रतिबंध से संबंधित सूची मे कहा गया है कि दो भारतीय कंपनियो स्काईहार्ट मैनेजमेंट सर्विसेज और एविजन मैनेजमेंट सर्विसेज पर पाबंदी लगाई गई है। प्रतिबंध इसलिए लगाए गए है क्योंकि इनका रूसी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा तथा पुतिन के लिए युद्ध लड़ना और भी मुश्किल हो जाएगा। बाइडन ने एक प्रश्न के उत्तर मे कहा, हो सकता है कि गैस की कीमतें 0.03 से 0.04 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन तक बढ़ जाएं, लेकिन इससे रूस की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। पुतिन इस समय मुश्किल स्थिति मे है। मुझे लगता है कि यह वास्तव मे महत्वपूर्ण है कि उन्हे उन भयानक कार्यो को करने के लिए कोई मौका न मिले जो वह लगातार कर रहे है।

वेनेजुएलाः निकोलस मादुरो ने विरोधों के बीच राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

भाषा। कराकस

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शुक्रवार को नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। मादुरो ने विरोध प्रदर्शनों और अमेरिका और अन्य देशों की आलोचनाओं के बीच राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। मादुरो के विरोधी उन पर पिछले साल हुए चुनावों में धांधली का आरोप लगाते हैं। मादुरो ने वेनेजुएला के विधान भवन में शपथ ली और एक जोशीला भाषण भी दिया। शपथग्रहण समारोह के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शपथग्रहण के मौके पर आसपास की गलियों और पास के एक प्लाजा में लोगों की भारी भीड़ जमा थी, जिनमें से कई ने मादुरो के समर्थन में टी-शर्ट पहन रखी थी। मादुरो ने अपने विरोधियों और अमेरिका में उनके समर्थकों पर उनके शपथ ग्रहण को विश्व युद्ध में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण को रोकने में उनके दुश्मनों की विफलता वेनेजुएला की शांति और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए "एक बड़ी जीत" है। उन्होंने कहा, मुझे न तो अमेरिका की सरकार ने राष्ट्रपति बनाया है, न ही लातिन अमेरिका की साम्राज्यवाद समर्थक सरकारों ने। मैं लोगों के बीच से आता हूं, मैं लोगों का हूं और मुझे शक्ति इतिहास और लोगों से मिलती है। मैं लोगों का ऋणी हूं। सैकड़ों वेनेजुएलावासियों ने बृहस्पतिवार को मादुरो पर सत्ता हथियाने का आरोप लगाते हुए सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था। विरोध प्रदर्शन अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा लेकिन इसके खत्म होने के बाद, पूर्व सांसद मारिया कोरिना मचाडो के सहयोगियों ने कहा कि उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। सरकार ने मचाडो को चुनाव लड़ने से रोक दिया था। वह बृहस्पतिवार को मादुरो के खिलाफ रैली में शामिल होने के लिए महीनों तक छुपने के बाद बाहर आईं। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया और आरोप लगाया कि नेशनल गार्ड्स के जवानों ने उनके काफिले पर गोलियां चलाईं और जब वह एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थीं तब खींचकर ले गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने उन्हें बताया कि वे उन्हें जेल ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके मोटरसाइकिल चालक के पैर में गोली लगी है।

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चार उग्रवादी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे खुफिया सूचना के आधार पर अभियान के दौरान चार उग्रवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उत्तरी वजीरिस्तान जिले के घारियुम मे इस अभियान को अंजाम दिया गया। इस दौरान मारे गए सभी चार उग्रवादियों के शव बरामद कर लिए गए है।अधिकारियो ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे चार आतंकवादियों को मार गिराया। वही, एक अन्य घटना मे उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिनवाम मे पानी ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा बलों के एक वाहन को आईईडी से निशाना बनाया गया।

पंजाब प्रांत में घर में रखे पटाखों में विस्फोट से छह लोगों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक गांव मे शनिवार को घर के अंदर रखे पटाखों मे विस्फोट होने से एक ही परिवार के छह सदस्यो की मौत हो गई। मृतकों मे चार महिलाएं और एक नाबालिग बच्चा शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर मंडी बहाउद्दीन के फलिया मे घटी। घर मे रखी आतिशबाजी सामग्री में आग लग गई और विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि आतिशबाजी बनाकर जीविका चलाने वाले इस परिवार के सात सदस्य घायल हो गए। बचाव अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलो को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां सात मे से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया, शनिवार सुबह घर मे रखे पटाखों मे विस्फोट हो गया, जिससे घर की छत गिर गई। परिवार के छह सदस्यो (जिनमे चार महिलाएं और एक नाबालिग बच्चा शामिल है) की मौत हो गई। उनके शव मलबे से निकाले गए है।

अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाकर किए गए आईईडी विस्फोट में चार घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत मे आतंकवादियो ने अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर (एफसी) के जवानों को ले जा रहे एक ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट किया, जिसमे चार नागरिक घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को चमन शहर मे हुए इस हमले मे फ्रंटियर कोर का कोई जवान घायल नही हुआ। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों ने एफसी कर्मियो के ट्रक को निशाना बनाने के लिए एक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का इस्तेमाल किया। हालांकि, इस हमले मे कोई भी एफसी कर्मी घायल नही हुआ। "आईईडी को सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल पर लगाया गया था और जब ट्रक वहां से गुजरा, तो उसमे रिमोट से विस्फोट कर दिया गया" बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय की जनसंपर्क अधिकारी रबिया तारिक ने भी घटना की पुष्टि की।

भारतीय नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने का आरोप स्वीकार किया

वाशिंगटन।अमेरिका मे भारत के एक नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने के आरोप स्वीकार कर लिए है। एक वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।उन्होने बताया कि आरोपी अब्दुल रऊफ शेख को अधिकतम 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई जा सकती है और 250,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार शेख पहले कार्निवल क्रूज लाइन्स नामक कंपनी मे कार्यरत था। अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा विभाग के विशेष एजेंटों को न्यू ऑरलीन्स के एराटो स्ट्रीट क्रूज टर्मिनल मे शेख के पास बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री मिली थी, जिसके बाद उसे जुलाई 2024 मे गिरफ्तार कर लिया गया था।

सांता एना हवाओं के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग तेजी से फैली

भाषा। लॉस एंजिलिस

शक्तिशाली सांता एना हवाओं का प्रवाह लॉस एंजिलिस के बाहरी क्षेत्र में स्थित पहाड़ों से नीचे की ओर था और सात जनवरी, 2025 से कई इलाकों में जंगल की आग फैल गई, जिससे एक भयानक दृश्य देखने को मिला। अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास जंगलों में लगी भीषण आग के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है और दस जनवरी तक हजारों मकान, इमारतें और अन्य संरचनाएं जलकर राख हो चुकी हैं। अधिकारियों ने इस भीषण आग के मद्देनजर 1,80,000 से ज्यादा निवासियों को अपने मकानों को खाली करने के लिए कहा। हवाएं इतनी तेज थीं कि आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। सांता एना हवाएं विशेष रूप से तब खतरनाक हो जाती हैं जब इन्हें अन्य जलवायु परिस्थितियों जैसे सूखे के साथ जोड़ दिया जाता है, जिससे जंगल में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है, जैसा कि वर्तमान में लॉस एंजिल्स क्षेत्र में हो रहा है। कैलिफोर्निया में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के शोध पारिस्थितिकीविद तथा यूसीएलए में सहायक प्रोफेसर जॉन कीली का कहना है कि दक्षिणी कैलिफोर्निया में इस तरह की शक्तिशाली हवाओं का क्या कारण है तथा इन हवाओं से आग लगने का इतना खतरा क्यों होता है। सांता एना हवाओं का क्या कारण है? सांता एना हवाएं शुष्क, शक्तिशाली हवाएं हैं जो पहाड़ों से दक्षिणी कैलिफोर्निया तट की ओर चलती हैं। इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष औसतन सांता एना हवा की लगभग 10 घटनाएं होती हैं। जब परिस्थितियां शुष्क होती हैं, जैसा कि अभी है, तो ए हवाएं भयानक आग का खतरा बन सकती हैं। सांता एना हवाएं तब चलती हैं जब पूर्व में ग्रेट बेसिन में उच्च दबाव होता है और तट से दूर कम दबाव प्रणाली होती है। वायु द्रव्यमान उच्च दाब से निम्न दाब की ओर चलते हैं और दाब में अंतर जितना अधिक होता है, हवाएं उतनी ही तेजी से चलती हैं। ग्रेट बेसिन , जिसे अक्सर ग्रेट बेसिन रेगिस्तान के नाम से जाना जाता है, पश्चिमी उत्तरी अमेरिका की एक प्रमुख प्राकृतिक विशेषता है, जिसमें उत्तर-दक्षिण की ओर फैली चट्टानी पर्वत श्रृंखलाएं और बड़ी मध्यवर्ती घाटियां शामिल हैं। स्थलाकृति भी भूमिका निभाती है: जैसे-जैसे हवाएं सैन गैब्रियल पर्वतों की चोटी से नीचे की ओर बढ़ती हैं, ए शुष्क और गर्म होते जाते हैं। जब हवाएं उस बिंदु तक पहुंचती हैं जहां सात जनवरी को एल्टाडेना में ईटन आग भड़क उठी थी, तब तक सापेक्ष आर्द्रता का पांच प्रतिशत से कम होना असामान्य नहीं है, जिसका अर्थ है कि नमी बिल्कुल नहीं है। घाटियां हवाओं को भी दिशा देती हैं। मैं एल्टाडेना क्षेत्र में रहता था और सांता एना हवा की घटनाओं के दौरान हम जहां रहते थे वहां कुछ दिन ऐसे भी होते थे जब हवा बिल्कुल भी नहीं चलती थी, लेकिन कुछ दूरी पर स्थित क्षेत्रों में हवा बहुत तेज होती थी। ए तेज, शुष्क हवाएं अक्सर 30 से 40 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। लेकिन ए ज्यादा तेज भी हो सकती हैं। जनवरी 2025 की शुरुआत में हवा की रफ्तार 80 मील प्रति घंटे से ज्यादा होने की सूचना मिली थी। इस बार आग लगने का खतरा इतना अधिक क्यों था? आमतौर पर, दक्षिणी कैलिफोर्निया में अब तक इतनी बारिश हो चुकी होती है कि वनस्पति नम हो जाती है और आसानी से जलती नहीं है। कुछ वर्ष पहले किए गए एक अध्ययन से पता चला था कि शरद ऋतु की नमी से सांता एना हवा से होने वाली आग का खतरा कम हो जाता है। हालांकि, इस साल दक्षिणी कैलिफोर्निया में बहुत शुष्क स्थिति है। पिछले कई महीनों से बहुत कम नमी है। इन परिस्थितियों में आग बुझाना बहुत कठिन है। अन्य राज्यों में भी तेज हवाओं के कारण ऐसी ही आग की घटनाएं देखी गई हैं। क्या समय के साथ सांता एना हवाओं का रुख बदल गया है? सांता एना हवा की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हम उन्हें मौजूदा समय में अधिक बार देख रहे हैं। मेरे सहकर्मियों और मैंने हाल में एक शोध पत्र प्रकाशित किया है जिसमें 1948 से शुरू होकर 71 वर्षों की सांता एना हवा की घटनाओं की तुलना की गई है। हमें सांता एना हवा की समान घटनाएं देखने को मिली लेकिन समय बदल रहा है, सितंबर में कम घटनाएं होती हैं और दिसंबर और जनवरी में अधिक होती हैं।

बाइडन प्रशासन के प्रतिबंध गैरकानूनी : रोसातोम

वाशिंगटन। रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसातोम ने कहा है कि उसके खिलाफ अमेरिका के बाइडन प्रशासन की ओर से लगाए गए प्रतिबंध गैरकानूनी हैं। इसने कहा, रोसातोम के प्रबंधन को निशाना बनाने वाले प्रतिबंधों को निराधार और गैरकानूनी है। आज, रोसातोम परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के निर्यात के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है, इसलिए प्रतिबंधों को अमित्र राज्यों से अनुचित प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा जा रहा है। रोसातोम ने एक बयान में कहा, लगभग तीन वर्षों से हमने बढ़ते प्रतिबंधों के दबाव के बीच काम किया है, सफलतापूर्वक कार्य किया और किसी भी स्थिति के लिए हमेशा तैयार रहे। रोसाताम भागीदारों के प्रति अपनी सभी प्रतिबद्धताओं को पूर्ण रूप से पूरा कर रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह रूस के अत्यंत महत्वपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के खिलाफ प्रतिबंधों का विस्तार कर रहा है। इसी के साथ यूक्रेन में युद्ध के लिए मास्को को चोट पहुंचाने के एक नए प्रयास को उजागर किया।

पाकिस्तान के पेशावर में अदालत ने अफगान के 100 संगीतकारों के निर्वासन को निलंबित किया

पेशावर। पेशावर उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान में राजनीतिक शरण चाहने वाले 100 से अधिक अफगान संगीतकारों के जबरन निर्वासन पर रोक लगा दी है और संघीय सरकार को दो महीने में उनके मामलों पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) की दो-सदस्ईय खंडपीठ ने शुक्रवार को दलीलें सुनने के बाद मामले का निपटारा कर दिया और सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दो महीने के दौरान उनके खिलाफ कोई कार्वाई न करें।न्यायमूर्ति वकार अहमद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हशमतुल्लाह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। हशमतुल्लाह ने दलील दी कि वे अफगानिस्तान के रहने वाले हैं, लेकिन तालिबान सरकार की स्थापना के बाद अपनी जान को खतरा देखते हुए वे पाकिस्तान चले आए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वे पहले ही अपनी आजीविका खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में उन्हें और अधिक उत्पीड़न तथा जबरन निर्वासन की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जो मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने दलील दी कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत, पाकिस्तानी सरकार उन्हें जबरन निर्वासित नहीं कर सकती।

इमरान खान की पार्टी के 150 से अधिक कायकर्ताओं को आतंकवाद निरोधक अदालत ने दी जमानत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक आतंकवाद-निरोधक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कम से कम 153 कार्यकर्ताओं को जमानत दी है, जिन्हें एक माह से अधिक समय पहले एक विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश अबुअल हसनात जुल्करनैन की आतंकवाद-निरोधक अदालत (एटीसी) में शुक्रवार को खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 177 कार्यकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई हुई। डॉन अखबार की खबर है कि बाद में उनमें से 153 को जमानत दे दी गई, जबकि 24 की अर्जियों को खारिज कर दिया गया। खान (72) ने 13 नवंबर को पीटीआई के चुनावी जनादेश की बहाली, हिरासत में लिए गए पार्टी सदस्यों की रिहाई और 26वें संविधान संशोधन को उलटने की मांग करते हुए 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का अंतिम आह्वान किया था। उनके आह्वान पर हजारों पीटीआई कार्यकर्ता इस्लामाबाद पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस की कार्वाई का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक तितर-बितर कर दिया था तथा 1,400 से अधिक को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में तीन जनवरी को आतंकवाद निरोधक अदालत ने 250 प्रदर्शनकारियों और छह जनवरी को 192 पीटीआई कार्यकर्ताओं को जमानत दी थी।

पाक में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत

भाषा। पेशावर

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक बस और एक अन्य वाहन के बीच हुई टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना करक जिले के अम्बेरी कल्ले चौक पर सिंधु राजमार्ग पर हुई, जिसमें एक वाहन और एक यात्री बस के बीच टक्कर हो गई। इसने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने दुर्घटना में नौ यात्रियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्घटना में घायल यात्रियों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कोयला खदान में विस्फोट, चार लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत मे मीथेन गैस से हुए विस्फोट के कारण एक कोयला खदान ढह गई, जिससे कम से कम चार खनिको की मौत हो गई। अधिकारियो ने बताया कि हादसे मे आठ खनिकों के लापता होने की खबर है, जिन्हें बचाने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियो के मुताबिक, बलूचिस्तान प्रांत मे क्वेटा से लगभग 40 किलोमीटर दूर संजदी क्षेत्र मे नौ जनवरी को एक कोयला खदान मीथेन गैस भरने से हुए विस्फोट के कारण ढह गई, जिससे 12 श्रमिक मलबे मे दब गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने शनिवार को कहा,यह घटना मीथेन गैस भरने के कारण हुई, जिससे विस्फोट हुआ और खदान ढह गई। उन्होने कहा कि बचाव अभियान 24 घंटे से अधिक समय से जारी है, लेकिन जहरीली गैस और मलबे की मौजूदगी के कारण इसमे बाधा आ रही है।

इंडोनेशिया और जापान ने रक्षा एवं आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया

बोगोर (इंडोनेशिया)। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान दोनों देशों ने शनिवार को आर्थिक और रक्षा संबंधों को गहरा करने का संकल्प लिया। इशिबा मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात के बाद शुक्रवार को कुआलालंपुर से जकार्ता पहुंचे। दोनों देशों की उनकी यात्रा का उद्देश्य दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है, क्योंकि इस महीने के अंत में डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद इस क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति कम हो सकती है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने जकार्ता के बाहर स्थित बोगोर राष्ट्रपति भवन में इशिबा का स्वागत किया। उनके साथ इंडोनेशिया के पारंपरिक परिधान पहने स्वागतकर्ता मौजूद थे तथा सैन्य बैंड ने दोनों देशों के राष्ट्रगान के धुन बजाए। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक के दौरान, इशिबा ने इंडोनेशिया के खाद्य और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य में मदद करने, इसके रक्षा विकास और खनिजों के रणनीतिक खनन सहित इसके प्राकृतिक संसाधनों के औद्योगिकीकरण में भाग लेने तथा इंडोनेशियाई स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का वचन दिया।

भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक

सीईएस में निरंतर वृद्धि की उम्मीदः शीर्ष अधिकारी

भाषा। लास वेगास (अमेरिका)

कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के उपाध्यक्ष जॉन केली ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और हमें उम्मीद है कि यह सीईएस में भी जारी रहेगी जहां भारत के कई स्टार्टअप तथा उद्यमी अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। केली ने यहां पीटीआई-भाषा के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा, भारत की कहानी वाकई दिलचस्प है। यह निश्चित रूप से पिछले कई वर्षों काफी व्यापक हुई है। दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम सीईएस सात से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें वैश्विक कंपनियां, शीर्ष ब्रांड, नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी एक साथ आएंगे। संगठन के अनुसार, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी एसोसिएशन (सीटीए) के इस व्यापार कार्यक्रम में 1,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। 300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप तथा उद्यमी व्यापार कार्यक्रम में अपने प्रौद्योगिकी उत्पादों तथा पेशकशों का प्रदर्शन करेंगे। केली ने कहा, भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा काफी रोमांचक है। भारत तेजी से एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनता जा रहा है और वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में इसका महत्व बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियां भारतीय तथा वैश्विक दोनों बाजारों के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। सीईएस में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। इससे पहले एक संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में केली ने कहा था कि 2024 में सीईएस में शो फ्लोर पर पहला भारतीय मंडप होगा। उन्होंने कहा, सीईएस में पहली बार कुछ छोटे भारतीय उद्यमों को शामिल होते देखना वाकई रोमांचक था। सीईएस बड़ी तथा छोटी कंपनियों को वास्तव में अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर देने के लिए ही पहचाना जाता है।

आईआईटी ने दुनिया का पहला रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन विकसित किया

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने स्ट्रोक रिहैबिलिटेशन में मदद करने और रिकवरी में तेजी लाने और रोगी के परिणामों को बेहतर बनाकर स्ट्रोक के बाद की चिकित्सा को फिर से परिभाषित करने के लिए अपनी तरह का पहला ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) बेस्ड रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन विकसित किया है। यह नवाचार आईआईटी कानपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आशीष दत्ता द्वारा 15 वर्षों के कठोर शोध का परिणाम है, जिसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग , यूके इंडिया एजुकेशन एंड रिसर्च इनिशिएटिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद का समर्थन प्राप्त है।बीसीआई बेस्ड रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन एक अद्वितीय क्लोज्ड-लूप नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करता है जो उपचार के दौरान रोगी के मस्तिष्क को सक्रिय रूप से संलग्न करता है। यह तीन आवश्यक घटकों को एकीकृत करता है- पहला, ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस जो रोगी के हिलने-डुलने के प्रयास का आकलन करने के लिए मस्तिष्क के मोटर कॉर्टेक्स से ईईजी संकेतों को कैप्चर करता है, दूसरा, रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन जो थेरप्यूटिक हैन्ड की तरह काम करता है, और तीसरा घटक सॉफ़्टवेयर है जो, वास्तविक समय में आवश्यकता के अनुसार बल प्रतिक्रिया के लिए एक्सोस्केलेटन के साथ मस्तिष्क के संकेतों को सिंक्रनाइज़ करता है। यह सिंक्रनाइज़ दृष्टिकोण मस्तिष्क की निरंतर भागीदारी सुनिश्चित करता है, जिससे तेज़ और अधिक प्रभावी रिकवरी को बढ़ावा मिलता है।इस नवाचार के बारे में बोलते हुए, प्रो. आशीष दत्ता ने कहा, स्ट्रोक से रिकवरी एक लंबी और अक्सर अनिश्चित प्रक्रिया है। हमारा उपकरण फिजिकल थेरपी, मस्तिष्क की सक्रियता और विसुअल फीडबक तीनों को एकीकृत कार्रत है, जिससे एक बंद लूप नियंत्रण प्रणाली बनती है जो मस्तिष्क की प्लास्टिसिटी को सक्रिय करती है, जो उत्तेजनाओं के जवाब में अपनी संरचना और कार्यप्रणाली को बदलने की मस्तिष्क की क्षमता को बढ़ाती है। यह उन रोगियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जिनकी रिकवरी रुक गई है, क्योंकि यह आगे के सुधार और गतिशीलता को पुनः प्राप्त करने की नई उम्मीद देता है। भारत और यूके दोनों देशों में आशाजनक परिणामों के साथ, हम आशावादी हैं कि यह उपकरण न्यूरोरिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा।रीजेंसी हॉस्पिटल (भारत) और यूनिवर्सिटी ऑफ अल्स्टर (यूके) के सहयोग से किए गए पायलट क्लिनिकल परीक्षणों ने असाधारण परिणाम दिए हैं, जो ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेसआधारित रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।

आईएमडी वर्षगांठ से जुड़े समारोह में शामिल होने से बांग्लादेश का इनकार

ढाका। बांग्लादेश के अधिकारियों ने सरकारी खर्च पर गैर-जरूरी विदेश यात्रा करने पर लगीं पाबंदियों का हवाला देते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की 150वीं वर्षगांठ से जुड़े समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बांग्लादेश मौसम विभाग (बीएमडी) के कार्यवाहक निदेशक मोमिनुल इस्लाम ने शुक्रवार को एक महीने पहले आईएमडी से निमंत्रण मिलने की पुष्टि करते हुए कहा, भारत मौसम विभाग ने हमें अपनी 150वीं वर्षगांठ से जुड़े समारोह में आमंत्रित किया है। हमारे उनके साथ अच्छे संबंध हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग जारी रहेगा। इस्लाम ने बीडीन्यूज 24 से कहा, हालांकि, हम इस कार्यक्रम में नहीं जा रहे हैं क्योंकि सरकारी खर्च पर गैर-जरूरी विदेश यात्राओं को सीमित करना एक दायित्व है। उन्होंने दोनों देशों के मौसम विभागों के बीच नियमित संपर्क पर जोर दिया और भारतीय मौसम विज्ञानियों के साथ एक अलग बैठक के लिए 20 दिसंबर 2024 की अपनी हालिया भारत यात्रा का उल्लेख किया।

गशमीर महाजनी के साथ केमिस्ट्री पर की बात

डिज़्नी। डिज़्नी हॉटस्टार के 'गुनाह' का दूसरा सीजन अब स्ट्रीम हो रहा है। इसमें बदले, धोखे तथा प्यार की वही दिलचस?प कहानी है, जिसने पहली किस्त में भी दर्शकों का दिल जीता था। हालांकि इस सीजन में ट्विस्ट्स ज्यादा हैं, इमोशनल ड्रामा और भी बेहतरीन है तथा कई चौंकाने वाले खुलासे हैं, जो दर्शकों को लगातार रोमांचित करेंगे। गुनाह सीजन 2 के शानदार किरदारों में अभिमन्यु (गशमीर महाजनी), तारा (सुरभि ज्योति), जेके (दर्शन पंड्या) और माइकल (शशंक केतकर) शामिल हैं। यह जज्बातों और दमदार कहानी की एक जबर्दस्त रोलरकोस्टर राइड है, जिसे इस जोनर के प्रशंसकों को जरूर देखना चाहिये। गशमीर महाजनी के साथ स्क्रीन पर अपनी केमिस्ट्री और अपने किरदार में जान डालने के बारे में सुरभि ज्योति ने कहा, "जब आप अपने किरदार को गहराई से जानते हैं और यह समझते हैं कि वह क?या कह रहा है और क्यों कह रहा है और चीजें एक तय तरीके से ही सामने क्यों आ रही हैं, तब बाकी काम अपनेआप हो जाता है। अपने किरदार को लेकर स्पष्टता रखना महत्वपूर्ण है और गशमीर तथा मैंने उस स्पष्टता को साझा किया है। मुझे उन कलाकारों के साथ काम करने में सचमुच मजा आता है, जो अपनी कला को लेकर सच?चे हैं। मैं ऐसे लोगों के साथ काम नहीं कर सकती, जो अधूरे दिल से काम करते हैं। गशमीर एक बेजोड़ कलाकार हैं। वह पूरी तरह से तैयार होकर सेट पर आते हैं। अपने काम के लिये हमारे साझा जुनून ने सब-कुछ स्वाभाविक बना दिया। गुनाह सीज़न 2 एक ऐसा शो है जो आपको बांधकर रखेगा। इसमें कलाकारों के बेहतरीन परफॉर्मेंसेस और चौंकाने वाले ट्विस्ट्स से भरी एक कहानी है।

ब्रिटेन की वित्त मंत्री की चीन यात्रा आरंभ

बीजिंग। ब्रिटेन और चीन के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की वित्त मंत्री रशेल रीव्स की चीन यात्रा शनिवार को शुरू हो गई। रीव्स उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग समेत चीन के वित्त व वाणिज्यिक अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। रीव्स ने ब्रिटेन की साइकिल निर्माता कंपनी ब्रॉम्प्टन के एक स्टोर के दौरे के दौरान कहा, विकास ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सरकार का नंबर एक मिशन है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, हमें दुनिया भर में निर्यात करने के सिलसिले में ब्रिटेन के व्यवसायों की मदद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य"दुनिया भर में निर्यात और व्यापार करने वाली ब्रिटिश कंपनियों को फायदा पहुंचाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (चीन) तक हमारी पहुंच बेहतर हो।

शमी की 14 महीने का बनवास खत्म

- इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए चुने गए
- 22 से श्रृंखला शुरू सूर्यकुमार कप्तान

भाषा। मुंबई

करीब 14 महीने पहले अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई। शमी (34 वर्ष) ने भारत के लिए आखिरी मैच 19 नवंबर को अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था। इसके बाद वह टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टीम से बाहर रहे और इसके लिए उन्होंने पिछले साल ब्रिटेन में सर्जरी करवाई थी। घुटने में सूजन के कारण शमी ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं हो सके। कोलकाता में 22 जनवरी से शुरू होने वाली श्रृंखला में सूर्यकुमार यादव 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। समझा जाता है कि शमी को इसलिए चुना गया है क्योंकि वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा होंगे और धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी पर काम करेंगे। वह इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच मैच नहीं खेलेंगे। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में खेलने वाली टीम में शामिल रमनदीप सिंह की जगह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की खोज रहे नीतिश कुमार रेड्डी को शामिल किया गया जबकि आवेश खान और यश दयाल की जगह क्रमशः शमी और हर्षित राणा को जगह दी गई। विकेटकीपर जितेश शर्मा को बाहर कर ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को बाहर कर दिया गया है क्योंकि शीर्ष टी20 स्टार इस समय लाल गेंद के सत्र में व्यस्त थे। टीम में चार स्पिनर अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती और वाशिंगटन सुंदर हैं। संयोग से पिछले टी20 विश्व कप के बाद उप कप्तान बनाए गए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिली है। संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे। इनके बाद तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार बल्लेबाजी करेंगे। हार्दिक पंड्या और रिंकू सिंह के क्रमशः पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है। उनके बाद बल्लेबाजी क्रम में अक्षर होंगे। पहले दो मैचों के लिए दो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और शमी होंगे जबकि पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। कलाई के दो स्पिनर चक्रवर्ती और बिश्नोई अपेक्षित अंतिम एकादश को पूरा करने के लिए शामिल होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 22 जनवरी को कोलकाता में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के साथ शुरू होगी, इसके बाद चेन्नई (25 जनवरी), राजकोट (28 जनवरी), पुणे (31 जनवरी) और मुंबई (दो फरवरी) में मैच होंगे। फिर भारत और इंग्लैंड छह फरवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।

भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

रानी रामपाल को उम्मीद, भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी (सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी। उन्होंने कहा, अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।

कर्नाटक और महाराष्ट्र सेमीफाइनल में

- विजय हजारे ट्रॉफी

भाषा। वडोदरा

चार बार की चैंपियन कर्नाटक ने एक रोमांचक मुकाबले में बड़ौदा को पांच रन से हराया जबकि महाराष्ट्र ने शनिवार को पंजाब को 70 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युवा अर्शिन कुलकर्णी ने लिस्ट ए क्रिकेट में पहला शतक जमाया जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज निखिल नाईक के आक्रामक शतक से महाराष्ट्र ने पंजाब पर शानदार जीत दर्ज की। कुलकर्णी ने 137 गेंद में 107 रन बनाए और अंकित बावने (85 गेंद में 60 रन) के साथ शतकीय साझेदारी की। इसके बाद नाईक ने 29 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर टीम को छह विकेट पर 275 रन तक पहुंचाया। जवाब में पंजाब के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और टीम एक बार भी मैच में नहीं दिखी। अर्शदीप सिंह ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंद में 49 रन बनाए लेकिन पूरी टीम 44 . 4 ओवर में 205 रन पर आउट हो गई। महाराष्ट्र के लिए मुकेश चौधरी ने आठ ओवर में 44 रन देकर तीन और प्रदीप दाढे ने 9.4 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर महाराष्ट्र की शुरुआत बहुत खराब रही और उसके दो विकेट आठ रन पर गिर गए। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने बेहतरीन पहला स्पैल डालते हुए रुतुराज गायकवाड़ (पांच) और सिद्धेश वीर (0) को पवेलियन भेजा। इसके बाद कुलकर्णी ने पारी को संभाला और बावने के साथ 145 रन की साझेदारी की। कुलकर्णी ने 81 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 137 गेंद की अपनी पारी में स्ट्राइक रोटेट करते रहे। अर्शदीप ने उन्हें पवेलियन भेजा। इसके बाद नाईक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में तीन छक्के और तीन चौके लगाए। अर्शदीप के आखिरी ओवर में उन्होंने 24 रन निकाले। जवाब में पंजाब के पावरप्ले के भीतर ही प्रभसिमरन सिंह (14), कप्तान अभिषेक शर्मा (19) और निहाल वढेरा (6) के विकेट गंवा दिए।अर्शदीप ने सनवीर सिंह के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की लेकिन दाढे ने उन्हें आउट करके अर्धशतक से एक रन से वंचित कर दिया। कर्नाटक ने बड़ौदा को हराया। सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए शतक जमाया और प्रसिद्ध कृष्णा के डैथ ओवरों में शानदार स्पैल की मदद से कर्नाटक ने बड़ौदा पर रोमांचक जीत दर्ज की। बड़ौदा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कर्नाटक ने पडिक्कल के 99 गेंद में 102 रन की मदद से आठ विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा के सलामी बल्लेबाज शाश्वत रावत ने शतक लगाया। रावत के 104 रन की मदद से बड़ौदा जीत की ओर बढती लग रही थी और आखिरी पांच ओवर में उसे 44 रन ही चाहिए थे।

शशि प्रकाश ने सीवीसीएल को दिलाई जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच शशि प्रकाश 5 विकेट नाबाद 41 रन के उम्दा आलराउंड खेल से सीवीसीएल ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्मैश क्रिकेट टीम को 6 विकेट से हराकर पूरे अंक जुटाए। स्मैश क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 147 रन बनाए। गोल्डी सिंह 62 रन, पीयूष 30 ने उम्दा पारी खेली। शशि प्रकाश ने 12 रन देकर 5 विकेट की सफलता पाई। सुनील यादव को 2 विकेट मिले। जवाब में सीवीसीएल ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 148 रन बनाकर मैच जीत लिया। कपिल निगम ने नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शशि ने नाबाद 41 रन बनाए।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को तीसरे वनडे में हराया

आक्लैंड। असिथ फर्नांडो और महीष तीक्षणा के छह विकेट की मदद से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 29 . 4 ओवर में 150 रन पर आउट करके तीसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 140 रन से जीत लिया। फर्नांडो ने 26 रन देकर और तीक्षणा ने 35 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य के जवाब में 150 रन पर आउट हो गई। एशान फर्नांडो ने भी 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2 .। से अपने नाम की। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले यह उसका आखिरी मैच था।

खेल मंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव-25 का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को यहां विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग और राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 3000 से अधिक युवा विषयगत चर्चाओं और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख हस्तियों में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और पत्रकार पालकी शर्मा उपाध्याय शामिल थे।मांडविया ने इस अवसर पर भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

कासिमोव के गोल की मदद से मोहम्मडन ने जीत दर्ज की

बेंगलुरू। मिरजालोल कासिमोव के 88वें मिनट में किए गए गोल की मदद से मोहम्मडन एससी ने पूर्व चैम्पियन बेंगलुरू एफसी को।-0 से हराकर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के इस सत्र में दूसरी जीत दर्ज की। बेंगलुरू एफसी ने कई मौके बनाए लेकिन गोल नही कर सकी। यह 15 मैचो में बेंगलुरू की चौथी हार थी जिससे वह 27 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। मोहम्मडन एससी 10 अंक लेकर बारहवे स्थान पर है।

नीता अकादमी जीती, सेतु एफसी ने श्रीभूमि को हराया

नई दिल्ली। घाना की फुटबॉलर गिफ्टी आचियाम्पोंग के 80वें मिनट में किए गए गोल की मदद से हाल में प्रोमोट की गई नीता फुटबॉल अकादमी ने शनिवार को यहां एचओपीएस एफसी के खिलाफ।-0 से जीत दर्ज कर इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) में यादगार शुरूआत की। अम्बेडकर स्टेडियम में कड़ाके की सर्दी में हुए इस मैच में दोनों टीमों ने धीमी शुरूआत की। लेकिन दूसरे हाफ में गिफ्टी ने लंबे शॉट पर गोलकीपर प्रीति सरकार को चौंकाते हुए गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं चेन्नई में हुए एक अन्य मैच में पूर्व चैंपियन सेतु एफसी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में श्रीभूमि एफसी को।-0 से शिकस्त दी जिसमें उसके लिए गोल यूगांडा की मिडफील्डर अमनाह नबाबी ने 59वें मिनट में किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे की समीक्षा करेंगे गंभीर और बीसीसीआई अधिकारी

भाषा। मुंबई

मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे की समीक्षा के लिए शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे जिसमें प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य पर गहन चर्चा की जाएगी। न्यूजीलैंड (घरेलू) और ऑस्ट्रेलिया (विदेश) के खिलाफ लगातार श्रृंखलाओं में हार तथा लचर बल्लेबाजी के कारण कोहली और रोहित पर सवाल उठने लग गए हैं।पीटीआई को पता चला है कि बीसीसीआई की बैठक में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से बदलाव का दौर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले या उसके बाद शुरू करने पर चर्चा होगी। हालांकि पूरी संभावना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा। यह एक ऐसा प्रारूप

जिसमें उन्होंने हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे इस तथ्य पर भी गौर कर सकते हैं कि कोहली और रोहित दोनों ने 2023 में भारत में खेले गए विश्व कप के बाद 2024 में सिर्फ तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं।इन दोनों ने यह तीनों मैच श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे। कोहली ने इन मैच में 24, 14 और 20 रन जबकि रोहित ने 58, 64 और 35 रन बनाए थे। लेकिन कुल मिलाकर, कोहली 50 ओवरों में चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन से यह दोनों खिलाड़ी अच्छी मानसिक स्थिति में लौट सकते हैं।जहां तक टेस्ट क्रिकेट की बात है तो स्थिति पूरी तरह से भिन्न है। भारत को अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ खेलनी है और इससे पहले कोहली और रोहित के खराब प्रदर्शन की समीक्षा जरूर की जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में पर्थ में शतक लगाने के बावजूद कोहली 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना सके। दूसरी तरफ पहले और पांचवें टेस्ट में नहीं खेलने वाले रोहित ने पांच पारियों में 6.2 की औसत से 31 रन बनाए।इसी तरह संभव है कि गंभीर के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के प्रदर्शन की भी समीक्षा की जाए। उनसे बदलाव के इस दौर में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा जा सकता है।समीक्षा बैठक के अलावा अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ता शनिवार शाम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए भी बैठक करेंगे। भारत अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा और 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के साथ अभियान की शुरुआत करेगा। टीम की घोषणा 12 जनवरी तक करनी है।चयनकर्ता बैठक के दौरान पीठ की ऐंठन से उबर रहे स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस स्तर का आकलन करेंगे। टखने की सर्जरी के कारण वनडे विश्व कप 2023 के बाद से नहीं खेलने वाले शमी को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से हरी झंडी मिलने की संभावना है।

बीसीसीआई एसजीएम: सैकिया और भाटिया को आधिकारिक तौर पर सचिव और कोषाध्यक्ष चुना जाएगा

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की रविवार को यहां होने वाली विशेष आम बैठक (एसजीएम) में देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को आधिकारिक तौर पर क्रमशः बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष चुना जाएगा। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) अचल कुमार जोती ने मंगलवार को सूची को जब अंतिम रूप दिया तो सैकिया और प्रभतेज रिक्त पदो के लिए मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे। जय शाह के एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन बनने के बाद से सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।बीसीसीआई के संविधान के अनुसार किसी भी रिक्त पद को एसजीएम बुलाकर 45 दिनो के भीतर भरा जाना चाहिए। रविवार को इस अवधि का 43वां दिन है।इससे पहले आशीष शेलार बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष थे लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद यह पद छोड़ दिया था। इसके बाद ही भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।इन दोनो पदाधिकारी का चुनाव एसजीएम का मुख्य एजेंडा है।

क्विक न्यूज

विश्व चैम्पियन बनाने के लिए भारतीय शिक्षा व्यवस्था में खेल पहले हो : भूटिया

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने देश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग करते हुए कहा है कि भविष्य में विश्व चैम्पियन तैयार करने के लिए खेलोन्मुखी पाठ्यक्रम बनाया जाना जरूरी है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद और राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भूटिया ने इस पर चिंता जताई कि देश की मौजूदा शिक्षा नीतियों में खेलों को उतनी तरजीह नहीं दी गई है जिससे विश्व स्तरीय खिलाड़ी उतने नहीं निकल पा रहे। उन्होंने कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा , मेरा मानना है कि शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनानी चाहिए जो खेल नीतियों को बढावा दे। उन्होंने कहा , हर बच्चे को डॉक्टर इंजीनियर बनने और पढाई में अच्छा करने के लिए कहा जाता है लेकिन खेलों के अनुकूल व्यवस्था बननी चाहिए ताकि देश से और विश्व चैम्पियन निकल सकें।

सेबेस्टियन को ने नीरज चोपड़ा की मदद से आयोजित होने वाली भाला फेंक प्रतियोगिता का समर्थन किया

मुंबई। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा की मदद से मई में भारत में आयोजित होने वाली वैश्विक भाला फेंक प्रतियोगिता का समर्थन किया है। को ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारत की स्वर्ण स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की क्षमता को प्रदर्शित करने में मदद करेगा। को ने कहा, विश्व एथलेटिक्स इस नए टूर्नामेंट का समर्थन करके खुश है क्योंकि इससे भारत के खेल प्रेमी अपने नायकों को घरेलू सरजमीं पर देख सकेंगे। साथ ही इससे दुनिया को भारत की स्वर्ण स्तर की स्पर्धाओं का आयोजन करने की क्षमता का भी पता चलेगा। विश्व एथलेटिक्स द्वारा मान्यता प्राप्त महाद्वीपीय टूर की भाला फेंक प्रतियोगिता में शीर्ष स्टारों में चोपड़ा भी शामिल होंगे। हालांकि अभी तक टूर्नामेंट के लिए आयोजन स्थल तय नहीं हुआ है, लेकिन इसमें दुनिया के कुछ शीर्ष पुरुष और महिला भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे।

पोको ने इनोवेशन पर दिया जोर

वाराणसी। इनोवेशन की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते कंज्यूमर टेक ब्रैंड्स में से एक, पोको ने जयपुर में एक जबर्दस्त इवेंट में अपनी प्रमुख एक्स-7 सीरीज़- पोको एक्स-7.5प्रतिशता और पोको एक्स-7 प्रो 5प्रतिशत का अनावरण किया। बेहतरीन डिस्प्ले, परफॉरमेंस में जबर्दस्त और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के लिए अत्याधुनिक एडवांसमेंट से लैस,एक्स-7 सीरीज़ स्मार्टफोन की उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करती है और प्रीमियम सेगमेंट में पोको की लीडरशिप को मज़बूत करती है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी मौजूदगी से इस लॉन्च को और भी बेहतरीन बनाया। अक्षय कुमार को पोको इंडिया के चेहरे के रूप में पेश किया गया, जो ब्रैंड के बोल्ड और निडर पहचान के प्रतीक हैं। यह एक्सीड योर लिमिट्स के पोको ब्रांड के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस मौके पर पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा, पोको में, हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसमें इनोवेशन की अहम भूमिका होती है। एक्स-7 सीरीज़ के साथ, हम प्रीमियम स्मार्टफोन कैटेगरी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं।

माया को एकल खिताब, हवांग लड़कों के वर्ग में चैम्पियन

नई दिल्ली। भारत की माया राजेश्वरन रेवती ने दिसंबर 2023 के बाद पहला एकल खिताब जीता जब उन्होंने आईटीएफ जे300 टूर्नामेंट में लड़कियों के फाइनल में एकातेरिना तुपित्सिना को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में डोंगियोन हवांग चैम्पियन रहे। पंद्रह वर्ष की माया ने एकातेरिना पर 3- 6, 7 - 5, 6-2 से जीत दर्ज की। माया ने पिछले साल पुणे में खिताब जीता था। उसके बाद से वह पिछले साल सितंबर में डरबन में सेमीफाइनल तक पहुंची लेकिन उसके बाद से फॉर्म के लिए जूझ रही थी। लड़कों के वर्ग में हवांग ने रोशन संतोष को 6- ।, 6- । से शिकस्त दी।

महिला हॉकी इंडिया लीग रविवार से शुरू होगी

रांची। दिल्ली एसजी पाइपर्स रविवार को यहां शुरू होने वाली महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) में ओडिशा वॉरियर्स से भिड़ेगी। डब्ल्यूएचआईएल मुकाबले मारंग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे जहां एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जा चुका है। दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है और हम (दिल्ली एसजी पाइपर्स) पहला मैच खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अन्य टीमों की तुलना में हमारी टीम काफी युवा है और हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जैसे जैसे लीग आगे बढ़ेगी, उन्हें भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

डरबन जायंट्स की प्रिटोरिया कैपिटल्स पर रोमांचक जीत

डरबन। डरबन सुपर जायंट्स ने विल जैक्स (64) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (89) की तूफानी पारियों के बावजूद एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में प्रिटोरिया कैपिटल्स पर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की।डरबन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 209 रन बनाए। इसके जवाब में जैक्स और गुरबाज़ ने पहले विकेट के लिए 154 रन जोड़कर प्रिटोरिया को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बावजूद उसकी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान के गेंदबाज नूर अहमद ने इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करके डरबन को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। जैक्स ने 35 गेंदों में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन, जबकि गुरबाज ने सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 43 गेंदों में 89 रन बनाए।

सात्विक-चिराग सेमीफाइनल हारे

- मलेशिया ओपन

भाषा। कुआलालंपुर

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सियुंग जाए से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग को 40 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 10 . 21, 15 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा। हार के बाद सात्विक ने कहा , उन्होंने बहुत अच्छा खेला और हम रणनीति पर बेहतर ढंग

से अमल कर सकते थे। हमने कुछ खराब स्ट्रोक्स खेले लेकिन उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने कहा , खेल की रफ्तार आज काफी धीमी थी लेकिन यह होता है। हमारे लिए यह अच्छा सबक रहा। यह निराशाजनक है लेकिन हमें अभी लंबा सफर तय करना है। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी पहले गेम में ही 6 . 11 से पिछड़ गई थी। तमाम प्रयासों के बावजूद वे वापसी नहीं कर पाए और कोरियाई जोड़ी ने 19 मिनट में पहला गेम जीत लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने बेहतर प्रदर्शन करके एक समय स्कोर 11 . 8 कर लिया। इसके बाद वह लय कायम नहीं रख सके और मैच गंवा दिया। चोट के कारण पेरिस ओलंपिक के बाद ज्यादा नहीं खेल सके सात्विक ने कहा कि मानसिक पहलू पर और काम किया होता तो वे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे।

आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

भाषा। राजकोट

युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला टीम आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने दूसरे महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा खेल जारी रखकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अपेक्षाकृत कम अनुभवी टीम उतारने के बावजूद भारत ने पहले वनडे में छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में।-0 की बढ़त बनाई।कप्तान स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखकर 41 रन बनाकर भारत को ठोस शुरुआत दिलाई जबकि प्रतिका रावल और तेजल हसब्निस ने शतकीय साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।भारत के लिए यह जीत इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाजी की अगुआ रेणुका सिंह को विश्राम दिया गया है और वे इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं।वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाली रेणुका की अनुपस्थिति में टिटास साधु ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की।

जामवाल ने पूर्व युवा चैंपियन को हराया, शिव और सिवाच के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

बरेली। हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने पूर्व विश्व युवा चैंपियन वंशज कुमार को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि शिव थापा और सचिन सिवाच ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।जामवाल ने 63.5 किग्रा वर्ग में 2022 के विश्व युवा चैंपियन सेना के वंशज को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता थापा ने असम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया और 60-65 किग्रा वर्ग में हिमांशु सांगवान को आसानी से 5-0 से पराजित किया।पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मणिपुर के किंग्सन पुखरामबम को इसी अंतर से हराया। राजस्थान के देवेंद्र सोलंकी ने 47-50 किग्रा वर्ग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। उन्होंने मिजोरम के ज़ोरमुआना को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

वाइड पर छूट देने पर विचार कर रहा है आईसीसी : पोलाक

डरबन। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट समिति गेंदबाजों को वाइड पर थोड़ी अधिक छूट देने की दिशा में काम कर रही है क्योंकि मौजूदा नियम उन पर बहुत सख्त है, विशेषकर तब जबकि बल्लेबाज आखिरी क्षणों में मूवमेंट करते हैं।वनडे और टी-20 में, बल्लेबाज गेंदबाज की लाइन और लेंथ को बिगाड़ने के लिए क्रीज पर अंतिम पलों में मूवमेंट करते हैं जिससे अक्सर गेंद वाइड हो जाती है।पोलाक ने पीटीआई से कहा, मैं आईसीसी क्रिकेट समिति का हिस्सा हूं और हम वाइड गेंद पर गेंदबाजों के लिए कुछ और छूट लाने पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि इसको लेकर नियम गेंदबाजों के प्रति बहुत सख्त हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई बल्लेबाज आखिरी मिनट में उछलता है, तो यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए आदर्श स्थिति नहीं होती है। मुझे लगता है कि एक गेंदबाज को अपने रन अप की शुरुआत में यह जानना जरूरी है कि वह कहां गेंदबाजी कर सकता है। पोलाक ने कहा, मौजूदा नियमों के अनुसार अगर गेंदबाज के गेंद छोड़ने से तुरंत पहले बल्लेबाज अपनी जगह

बदलता है तो इससे गेंद वाइड दे दी जाती है। मैं इस नियम में थोड़ा बदलाव चाहता हूं। इस 51 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि गेंदबाजों को रन अप के समय पता होना चाहिए कि उसे कहां गेंदबाजी करनी है।उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि एक गेंदबाज को रन अप के समय पता होना चाहिए कि उसे कब, क्यों या कैसी गेंद करनी है। एक गेंदबाज से यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वह गेंदबाजी करते समय आखिरी सेकंड में अपनी रणनीति बदल देगा। उसे पहले ही स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए कि उसे कहां गेंदबाजी करनी है। यह मुख्य पहलू है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं। पोलाक ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों के अनुभव का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं जो (वनडे) विश्व कप (2023) में खेले थे, जहां हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। पोलाक ने कहा, हमारी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो आईपीएल में खेलते रहे हैं और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत हैं। इससे दक्षिण अफ्रीका को मदद मिल सकती है। हमारी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना चुकी है और उम्मीद है कि कुछ युवा खिलाड़ी सामने आएंगे।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजों से दक्षिण अफ्रीका को बहुत फायदा नहीं मिलेगा : रोड्स

नई दिल्ली। धुरंधर पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि लॉडर्स पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तेज गेंदबाजों से बहुत फायदा नहीं होने वाला है। लॉडर्स पर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक खेला जाएगा और जरूरत पड़ने पर 16 जून रिजर्व दिन होगा। रोड्स ने पीटीआई वीडियो से कहा , मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका को कोई फायदा मिलेगा। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों को खेलने की आदत है। उनके पास तेज गेंदबाजों की बैटरी है जिनका सामना दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को करना है। उन्होंने कहा , मैं नहीं कहूंगा कि हमें कोई फायदा मिलने वाला है। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों का सामना करने की आदत है और इसे देखते हुए यह शानदार मुकाबला होगा। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने इस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में शानदार प्रदर्शन किया है। कैगिसो रबाडा ने आठ मैचों में 37 और मार्को जानसेन ने सात मैचों में 29 विकेट लिए। रोड्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट का ग्राफ ऊपर की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा , सफलता से सफलता मिलती है। लंबे समय से दक्षिण अफ्रीका आईसीसी रैंकिंग में बीच में था। दक्षिण अफ्रीका में रग्बी सबसे लोकप्रिय है क्योंकि हमने लगातार विश्व चैम्पियनशिप जीती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।